# हरिभूमि

जबलपुर

मंगलवार, 18 मार्च 2025

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com






**SHOWROOMS: MADHYA PRADESH: JABALPUR:** RENAULT **JABALPUR (KARMETA)** Ph: 7290014986, RENAULT **JABALPUR WEST** Ph: 7291980314. RENAULT **AGAR** Ph: 8448220030. RENAULT **BHOPAL NEW** Ph: 9289220870. RENAULT **CHHATARPUR** Ph: 7603868297. RENAULT **CHHINDWARA** Ph: 9667215285. RENAULT **DAMOH** Ph: 9289263623. RENAULT **GWALIOR CITY** Ph: 8448383235. **INDORE:** RENAULT **INDORE** Ph: 9821199958, RENAULT **INDORE EAST** Ph: 9289263821. RENAULT **MANDSAUR** Ph: 8448220394. RENAULT **SAGAR** Ph: 9311340949. RENAULT **SATNA** Ph: 7290094892. RENAULT **SHAHDOL** Ph: 7029805696. RENAULT **UJJAIN** Ph: 8448220031.

## राजनाथ सिंह से तुलसी गबार्ड ने की मुलाकात

# रक्षा सहयोग को देंगे बढ़ावा, खुफिया जानकारी करेंगे साझा, भारत ने अमेरिका से खालिस्तानी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' पर की कड़ी कार्रवाई की मांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका की डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस (डीएनआई) तुलसी गबार्ड ने अपनी भारत यात्रा के दौरान सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों और खुफिया जानकारी साझा करने पर चर्चा की। बैठक के बाद राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से मिलकर खुशी हुई। हमने भारत-अमेरिका साझेदारी को और गहरा करने के उद्देश्य से रक्षा और सूचना साझा करने समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। बता दें, गबार्ड भारत की ढाई दिन की यात्रा पर रविवार तड़के राष्ट्रीय राजधानी आईं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के किसी शीर्ष अधिकारी की भारत की यह पहली उच्चस्तरीय यात्रा है।

### भारत-अमेरिका साझेदारी को और गहरा करेंगे

### सुरक्षा क्षेत्र में मिलकर काम करने पर दोनों देश सहमत

### सामरिक संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे



मुलाकात के दौरान भारत ने अमेरिका में सक्रिय खालिस्तानी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' (एसएफजे) की भारत-विरोधी गतिविधियों का मुद्दा उठाया। सूत्रों के मुताबिक, भारत ने इस गैरकानूनी संगठन पर अमेरिका से सख्त कार्रवाई की मांग की है। रक्षा मंत्री ने अमेरिकी प्रशासन से ठोस कदम उठाने का आग्रह किया है। दोनों ने रक्षा और सूचना साझा करने के क्षेत्रों में भारत व अमेरिका के बीच सामरिक संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया।

### तुलसी आज 'रायसीना डायलॉग' में देंगी भाषण

तुलसी गबार्ड 18 मार्च को 'रायसीना डायलॉग' में भाषण देंगी, जो एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा सम्मेलन है। पीएम नरेंद्र मोदी ने उन्हें इस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया है। गबार्ड की यह यात्रा पीएम मोदी की फरवरी में अमेरिका यात्रा के बाद हो रही है। उस दौरान पीएम मोदी ने गबार्ड से मुलाकात कर उन्हें भारत-अमेरिका मित्रता की मजबूत समर्थक बताया था। गबार्ड ने भी कहा कि वह पीएम मोदी का स्वागत करके सम्मानित महसूस कर रही हैं।

### काउंटर-टेररिज्म पर अंतरराष्ट्रीय बैठक

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक आतंकवाद-प्रतिघात पर आसियान रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन-प्लस विशेषज्ञ कार्य समूह (ईडब्ल्यूजी) की 14वीं बैठक 19 से 20 मार्च तक नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। भारत और मलेशिया इस बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, बैठक में शामिल होने के लिए आसियान के 10 सदस्य देशों के डेलिगेशन भारत आ रहे हैं। इस दौरान विभिन्न देश काउंटर टेररिज्म पर मंथन करेंगे।

### अमेरिकी जमीन पर भारत विरोधी गतिविधियां नहीं

*इससे एक दिन पहले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने नई दिल्ली में अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान, दोनों देशों के संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में खासकर इस बात पर सहमति बनी कि अमेरिका में अब खालिस्तानियों को भारत विरोधी गतिविधियां चलाने के लिए जगह नहीं मिलेगी। ऐसा माना जा रहा है कि बैठक में भारत-अमेरिका वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के अनुरूप मुख्य रूप से खुफिया जानकारी साझा करने के तंत्र को मजबूत करने और सुरक्षा क्षेत्र में मिलकर काम करने के तरीकों पर चर्चा की।*

## खबर संक्षेप

### गृह मंत्रालय ने प्रतिबंधित संगठनों की सूची जारी की

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने देश की सुरक्षा को खतरा पैदा करने वाले 67 प्रतिबंधित संगठनों की नवीनतम




सूची जारी की है। गृह मंत्रालय ने अवैध गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत इन संगठनों को आतंकवादी या गैरकानूनी घोषित किया है। इस सूची में 45 संगठनों को आतंकवादी संगठन के रूप में चिह्नित किया गया है, जबकि 22 संगठनों को गैरकानूनी संगठन घोषित किया गया है। इनमें लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हिज्बुल मुजाहिदीन आदि शामिल हैं।

### यूएस ने 43 देशों के लोगों पर लगाया ट्रैवल बैन

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी प्रशासन ने 43 देशों की एक सूची तैयार की है, जहां के लोगों पर ट्रैवल बैन लगाने



का प्लान है। इस पूरी लिस्ट में तीन कैटिगरी हैं। पहली रेड, दूसरी ऑरेंज और तीसरी यलो। रेड लिस्ट में उन देशों को रखा गया है, जहां के किसी भी व्यक्ति को अमेरिका में एंट्री नहीं मिल पाएगी। रेड सूची में अफगानिस्तान, उत्तर कोरिया, ईरान, यमन, सोमालिया, सूडान और सीरिया जैसे 11 देश शामिल हैं, जहां अशांति है।

## पीएम मोदी और पीएम लक्सन भारत-न्यूजीलैंड संबंध को मजबूत बनाने पर सहमत

# रक्षा, शिक्षा, खेल, बागवानी, वानिकी के क्षेत्रों में पांच समझौतों पर किए हस्ताक्षर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और न्यूजीलैंड ने रक्षा, शिक्षा, खेल, बागवानी, वानिकी के क्षेत्रों में पांच समझौतों पर हस्ताक्षर किए। दोनों पक्षों ने अधिकृत आर्थिक पारस्परिक मान्यता समझौते का भी आदान-प्रदान किया। पीएम मोदी ने नई दिल्ली में न्यूजीलैंड के अपने समकक्ष क्रिस्टोफर लक्सन के साथ बातचीत की। चर्चा में भारत-न्यूजीलैंड संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की और दोनों पक्षों ने रक्षा और सुरक्षा साझेदारी को मजबूत और संस्थागत बनाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि संयुक्त अभ्यास, प्रशिक्षण, बंदरगाह यात्राओं के साथ-साथ रक्षा उद्योग में भी आपसी सहयोग के लिए रोडमैप तैयार किया जाएगा।

पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने का निर्णय लिया गया है, जिससे आपसी व्यापार और निवेश की संभावना बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि खेलों में खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और आदान-प्रदान के साथ-साथ दोनों ने खेल विज्ञान, मनोविज्ञान और चिकित्सा में सहयोग पर भी जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि वर्ष 2026 में दोनों देशों के बीच खेल संबंधों के 100 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाने का निर्णय लिया गया है।

### खेल विज्ञान, मनोविज्ञान और चिकित्सा क्षेत्र में करेंगे सहयोग

### न्यूजीलैंड की यूनिवर्सिटी अब भारत में कैंपस खोल सकेंगी

### किसी भी रूप में आतंकवाद अस्वीकार्य



*पीएम मोदी ने कहा कि भारत न्यूजीलैंड में कुछ गैरकानूनी तत्वों द्वारा भारत विरोधी गतिविधियों के बारे में अपनी चिंताओं को साझा करता है और विश्वास व्यक्त करता है कि भारत को इन सभी अवैध तत्वों के खिलाफ न्यूजीलैंड सरकार का समर्थन प्राप्त होता रहेगा। पीएम ने कहा कि चाहे 2019 का क्राइस्टचर्च आतंकी हमला हो या 2008 का मुंबई हमला, किसी भी रूप में आतंकवाद अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि आतंकी हमलों के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड आतंकवादी, अलगाववादी और कट्टरपंथी तत्वों के खिलाफ सहयोग करना जारी रखेंगे।*

### हमारा यकीन विस्तारवाद में नहीं बल्कि विकास की नीति में

पीएम मोदी ने कहा कि दोनों पक्ष एक स्वतंत्र, खुले, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत का समर्थन करते हैं और विस्तारवाद नहीं बल्कि विकास की नीति में विश्वास करते हैं। इंटरनेशनल सौलर एलांयस के बाद सीडीआरआई से जुड़ने के लिए भी हम न्यूजीलैंड का अभिनंदन करते हैं। दोनों देशों के बीच हुए समझौते के तहत भारत में न्यूजीलैंड के निवेश को बढ़ावा मिलेगा। स्किल्ड वर्कर्स को लेकर भी समझौता हुआ है। न्यूजीलैंड की यूनिवर्सिटी अब भारत में कैंपस खोल सकेंगी।



### न्यूजीलैंड एफटीए के लिए तत्पर

वहीं न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन ने कहा कि दोनों पक्ष पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते को प्राप्त करने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड भारत में अपनी राजनयिक उपस्थिति बढ़ाएगा। लक्सन ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इससे पहले उन्होंने राजघाट में महात्मा गांधी की समाधि पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वे बुधवार को मुंबई का दौरा करेंगे।

## कुपवाड़ा में बड़ा आतंकी हमला

# मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया, 1 जवान भी शहीद, 4 घायल



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में सोमवार सुबह एक बड़ा आतंकी हमला हुआ है, जिसके बाद सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। इस मुठभेड़ में एक जवान की शहादत की खबर सामने आई है। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार इस हमले में एक मेजर समेत चार जवान भी घायल हो गए हैं। सेना और आतंकियों के बीच यह मुठभेड़ माछिल सेक्टर के पास हुई है। यह इलाका कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के साथ सटे खुरमोरा राजवार में आता है। हमले में घायल जवानों को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। इस आतंकी हमले में एक भारतीय जवान की शहादत हुई है। वहीं अब तक जवानों ने एक आतंकी को मार गिराया है। और कुछ आतंकी घेराबंदी तोड़कर भागने में कामयाब रहे।

### एक असॉल्ट राइफल मिली

अधिकारियों ने यहां बताया कि सुरक्षाबलों ने इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद जचलदारा के क्रुम्हूरा गांव में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। आतंकवादियों द्वारा सुरक्षाबलों पर गोलीबारी करने के बाद तलाशी अभियान मुठभेड़ में बदल गया। सुबह से जारी मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया है उसके पास से एक असॉल्ट राइफल भी मिली है। जानकारी के मुताबिक सेना के जवानों को कमकारी इलाके में पाकिस्तानी आतंकियों के छिपे होने की खुफिया जानकारी मिली थी, और इसीलिए वे सर्च ऑपरेशन चला रहे थे, तभी आतंकियों ने फायरिंग कर दी। इसमें कुछ जवान घायल हो गए। दूसरी ओर आशंका ये भी है कि हमले के बाद आंतकी जंगल में भाग गए हैं। अतिरिक्त जवानों को जंगल में भेजा गया है जो कि आतंकियों की तलाश में जुट गए हैं।

### 40 से 50 आतंकियों के छिपे होने की खबर

सूत्र बताते हैं कि जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी जिलों के ऊपरी इलाकों में 40 से 50 पाकिस्तानी आतंकी छुपे हो सकते हैं, जिसके चलते सेना के जवानों ने उनके खिलाफ ऑपरेशन चला रखा है और ढूंढ-ढूंढकर आतंकियों का सफाया किया जा रहा है। ध्यान देने वाली बात यह है कि पिछले 46 दिन से सात आतंकी वारदातों में 11 सैन्य जवान शहीद हो चुके है, जबकि 10 आम नागरिकों की मौत हुई है। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि अब इसको लेकर एक निर्णायक रणनीति बनानी ही होगी, क्योंकि आतंकी हमला करके गायब हो रहे हैं, इसलिए इनका सफाया जरूरी हो गया है।

## पीएम के बयान से मुरीद हुआ चीन

# जमकर करने लगा तारीफ, कहा हम उनके साथ काम करना चाहते



एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन ने सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी के बयान पर प्रतिक्रिया दी। पीएम मोदी के बयान की सराहना करते हुए चीन ने कहा कि ड्रैगन और हाथी के बीच बैले नृत्य एकमात्र विकल्प है। चीन ने भारत के साथ मिलकर काम करने की इच्छा दोहराई है। हाल ही में पीएम मोदी ने अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ बातचीत में कहा था कि दोनों देशों को मतभेद की जगह संवाद को प्राथमिकता देना चाहिए।

पीएम मोदी के इसी बयान पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने एक मीडिया ब्रीफिंग में अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि चीन ने पीएम मोदी के हालिया बयान पर ध्यान दिया है। चीन इसकी सराहना करता है। माओ ने आगे कहा कि पिछले साल अक्टूबर में रूस के कजान में पीएम मोदी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच सफल द्विपक्षीय बैठक हुई। इस बैठक ने संबंधों के सुधार और विकास के लिए रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान किया। दोनों पक्षों ने आम समझ पर ईमानदारी से काम किया और सकारात्मक रिजल्ट हासिल किया।

### 2000 वर्ष पुराने आपसी संबंध

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि मैं इस बात पर जोर देना चाहती हूं कि 2000 से अधिक वर्षों के आपसी संबंधों के इतिहास में दोनों देशों ने दोस्ताना आदान-प्रदान जारी रखा। दोनों देशों ने एक-दूसरे से सीखा। दो सबसे बड़े विकासशील देशों के तौर पर चीन और भारत ने अपने विकास और पुनरोद्धार के काम को साझा किया। एक-दूसरे की सफलताओं को समझा और उनका समर्थन किया। दोनों देशों के बीच सहयोग 2.8 अरब से अधिक लोगों के मौलिक हितों और क्षेत्रीय देशों की साझा आकांक्षाओं को पूरा करता है। उन्होंने कहा कि यह वैश्विक दक्षिण के मजबूत करने और विश्व शांति के ऐतिहासिक प्रवृत्ति का अनुसरण करता है।

### ट्रंप ने साझा किया पीएम मोदी का पॉडकास्ट

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर पीएम नरेंद्र मोदी की अमेरिका के लोकप्रिय पॉडकास्टर एवं कंप्यूटर वैज्ञानिक लेक्स फ्रीडमैन के साथ बातचीत का वीडियो लिंक साझा किया। अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन के साथ रविवार को एक पॉडकास्ट में चर्चा करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके बीच परस्पर विश्वास का रिश्ता है और वे बेहतर तरीके से एक-दूसरे के संपर्क में रहते हैं, क्योंकि वे हर चीज से ऊपर अपने राष्ट्रीय हितों को रखने में विश्वास करते हैं। मोदी ने कहा कि ट्रंप के साथ उनका आपसी विश्वास का रिश्ता तब भी अडिग रहा जब रिपब्लिकन पार्टी के नेता राष्ट्रपति नहीं थे।

### अमेरिका के कई हिस्सों में 37 लोगों की मौत

**पिडमोंट।** अमेरिका के कई हिस्सों में बवंडर (टॉरनेडो) और तेज हवाओं के कारण मकानों समेत कई इमारतों को व्यापक नुकसान पहुंचा और कम से



कम 37 लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रीय मौसम सेवा के मौसम वैज्ञानिक कोडी स्नेल ने बताया कि कैरोलिनास, पूर्वी जॉर्जिया और उत्तरी फ्लोरिडा के कुछ हिस्सों के लिए बवंडर की चेतावनी बरकरार है। उन्होंने कहा कि मुख्य खतरा विनाशकारी हवाएं होंगी। शुक्रवार से आए इस तूफान को मौसम वैज्ञानिकों ने असामान्य रूप से 'उच्च जोखिम' वाला बताया है। विशेषज्ञों का कहना है कि मार्च में मौसम की इस तरह की चरम स्थितियों का होना असामान्य नहीं है।

## अवॉड्र्स के 18वें संस्करण का आयोजन हांगकांग में

# 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' बेस्ट फिल्म 'संतोष' के लिए शहाना और संध्या को अवॉर्ड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाल ही में एशियन फिल्म अवॉड्र्स में पायल कपाड़िया की फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' को बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड मिला। वहीं 'संतोष' फिल्म की अभिनेत्री शहाना गोस्वामी और निर्देशक संध्या सूरी को भी सम्मानित किया गया। अवॉड्र्स के 18वें संस्करण का आयोजन रविवार को हांगकांग के वेस्ट कॉव्लून कल्चरल जिले के जिकू सेंटर में किया गया। एशियन फिल्म अवॉड्र्स ने विजेताओं की सूची जारी की है। पायल कपाड़िया की फिल्म का मुकाबला 'ब्लैक डॉग' (चीन), 'एक्सहुमा' (दक्षिण कोरिया), 'टेकी कोमेथ' (जापान) और 'ट्वाइलाइट ऑफ द वॉरियर्सः



वॉल्ड इन' (हांगकांग) के साथ था। अवॉर्ड मिलने पर खुशी जताते हुए पायल ने कहा कि हांगकांग जैसी सिनेमा के लिए शानदार जगह पर अपनी फिल्म के लिए सम्मानित होना एक खास अहसास था। एशिया के शानदार कामों के साथ उस समुदाय का हिस्सा होने पर बहुत गर्व है।

## यमन में हूती विद्रोहियों पर बड़ी कार्रवाई

# अमेरिकी हवाई हमले में 53 की मौत, 100 घायल, क्षेत्र में तनाव

एजेंसी ▶▶ काहिरा

यमन में हूती विद्रोहियों को निशाना बनाकर अमेरिकी द्वारा किए गए हवाई हमलों में कम से कम 53 लोगों की मौत हो गई और करीब 100 लोग घायल हो गए। हूती विद्रोहियों द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने भी हमलों की धमकी दी है जिससे यमन में तनाव और बढ़ने की आशंका है। बताया कि अमेरिकी हमलों में पांच महिलाओं और दो बच्चों समेत कम से कम 53 लोग मारे गए हैं तथा राजधानी सना एवं सऊदी अरब की सीमा पर विद्रोहियों के गढ़ सादा समेत अन्य प्रांतों में लगभग 100 लोग घायल हो गए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को यमन में हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाकों पर सिलसिलेवार हवाई हमलों का आदेश दिया था। ट्रंप ने चेतावनी दी कि ईरान समर्थित हूती विद्रोही अहम समुद्री गलियारे पर आने-जाने वाले मालवाहक पोतों पर जब तक अपने हमले बंद नहीं कर देते, तब तक वह पूरी ताकत से हमले जारी रखेंगे।



### न्यायाधीश की रोक के बावजूद सैकड़ों निर्वासित

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एक संघीय न्यायाधीश द्वारा 18वीं सदी के युद्धकालीन अधिनियम के तहत निर्वासन पर अस्थायी रूप से रोक लगाने का आदेश जारी किए जाने के बावजूद देश के ट्रंप प्रशासन ने सैकड़ों प्रवासियों को अल साल्वाडोर भेज दिया है। न्यायाधीश ने अधिनियम के क्रियान्वयन पर रोक लगाने का जब आदेश दिया, प्रवासियों को ले जा रहे विमान उससे पहले ही उड़ान भर चुके थे। इसके कुछ ही घंटों बाद 'यूएस डिस्ट्रिक्ट जज' जेम्स ई बोसबर्ग ने इस पर रोक लगाए जाने का शनिवार को आदेश जारी किया लेकिन वकीलों ने उन्हें बताया कि दो विमान प्रवासियों को लेकर अल साल्वाडोर और होंडुरास की ओर पहले की उड़ान भर चुके हैं।

## इसरो प्रमुख ने बताया- चंद्रयान-5 मिशन को केंद्र सरकार की मिली मंजूरी

# 2040 तक चंद्रमा पर मानव मिशन भेजने का लक्ष्य होगा पूरा

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने बताया कि केंद्र सरकार ने चंद्रयान-5 मिशन को मंजूरी दे दी है। यह मिशन भारत के 2040 तक चंद्रमा पर मानव मिशन भेजने के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अलावा, सरकार ने 2035 तक 'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन' स्थापित करने की योजना को भी स्वीकृति दी है। चेन्नई में एक कार्यक्रम के दौरान नारायणन ने बताया कि इसरो आने वाले वर्षों में कई बड़े प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे कई महत्वपूर्ण मिशन जारी हैं। चंद्रयान-4 का मुख्य उद्देश्य चंद्रमा की सतह से सैंपल इकट्ठा करना है, जबकि चंद्रयान-5, जिसे तीन दिन पहले मंजूरी मिली, इसमें 350 किलोग्राम का रोवर होगा। इस मिशन में भारत और जापान मिलकर काम कर रहे हैं। इससे साफ है कि भारत अंतरिक्ष में अपनी क्षमताओं को और मजबूत करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि पीएम का एक ही लक्ष्य है- भारत को विकसित बनाना। मैं एक साधारण परिवार से हूं, लेकिन मेरे साथ काम करने वाले सभी सहयोगियों को धन्यवाद देता हूं।

### चंद्रयान-4 मिशन के दौरान चंद्रमा की सतह से मिट्टी के नमूने लेंगे

### चंद्रयान-5 मिशन में भारत और जापान मिलकर काम कर रहे

### 10 वर्षों में इसरो ने 433 उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण किया



नारायणन ने बताया कि भारत अब तक 131 उपग्रह लॉन्च कर चुका है, जिनमें से कई सार्क देशों को भी दिए गए हैं। पिछले 10 वर्षों में इसरो ने 433 उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण किया है, जिनमें से 34 अन्य देशों के थे। उन्होंने कहा कि इसरो ने 90% की सफलता दर हासिल की है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी उपलब्धि है। यह आंकड़े दिखाते हैं कि भारत अब न केवल अपने लिए, बल्कि अन्य देशों के लिए भी एक भरोसेमंद लॉन्च सेवा प्रदाता बन चुका है।

### तमिलनाड के तटीय गांव कुलसेकरपट्टिनम में दूसरा स्पेसपोर्ट बना रहा

नारायणन ने बताया कि वहीं भारत अब तमिलनाडु के तटीय गांव कुलसेकरपट्टिनम में दूसरा स्पेसपोर्ट बना रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने 28 फरवरी 2024 को इस परियोजना का उद्घाटन किया था। यह स्पेसपोर्ट छोटे उपग्रहों (500 किलोग्राम तक) को लॉन्च करने के लिए स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (एसएसएलवी) के उपयोग के लिए बनाया जा रहा है। इस परियोजना का निर्माण 5 मार्च 2025 से शुरू हो चुका है। इस स्पेसपोर्ट की मदद से भारत छोटे उपग्रहों के वैश्विक लॉन्च बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की दिशा में काम करेगा।

जबलपुर
मंगलवार, 18 मार्च 2025
■ चैत मास कृष्ण पक्ष-4
■ वर्ष : 19, अंक : 311
■ पृष्ठ : 2+12=14 मूल्य : 3.00 *
मौसम
अधि. 34
न्यून. 17

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



### अमेरिकी खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने आध्यात्मिक साधना पर दिया जोर

# गीता उपदेश से मिलती है 'शक्ति और शांति'

*मुझे भारत से बहुत प्यार है। जब मैं यहां होती हूं तो मुझे हमेशा घर जैसा महसूस होता है। लोग बहुत स्वागत करने वाले और दयालु हैं। यहां खाना हमेशा स्वादिष्ट होता है। दाल मखनी और ताजा पनीर के साथ कुछ भी स्वादिष्ट होता है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने कहा कि भगवद् गीता में श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दी गईं शिक्षाएं उन्हें पूरे दिन शक्ति, शांति और आराम देती हैं। भारत दौरे पर आईं तुलसी ने भगवान श्रीकृष्ण के प्रति भक्ति और अपनी आध्यात्मिक साधना के बारे में बात की।

गबार्ड ने कहा कि मैं अपने अच्छे और बुरे समय में श्रीमद् भगवद गीता में भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षाओं का अनुसरण करती हूं। भगवान के साथ मेरा व्यक्तिगत संबंध मेरे जीवन का केंद्र है। मैं हर दिन ईश्वर को प्रसन्न करने वाला जीवन जीने की पूरी कोशिश करती हूं। ऐसा करने का इससे बेहतर तरीका क्या हो सकता है कि मैं ईश्वर की संतानों की सेवा करने की पूरी कोशिश करूं। गबार्ड ने कहा कि मुझे भारत से बहुत प्यार है।

**मैं कृष्ण के अर्जुन को दिए गए उपदेशों से सीखती हूं**

उन्होंने कहा कि मेरे जीवन के अलग-अलग समय में चाहे वह दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में युद्ध क्षेत्रों में सेवा करना हो या फिर आज हमारे सामने आने वाली चुनौतियां हो, मैं भगवद् गीता में अर्जुन को दिए गए कृष्ण के उपदेशों का ही सहारा लेती हूं। वे मेरे सबसे अच्छे और सबसे बुरे समय में मेरे काम आते हैं। मैं कृष्ण से अर्जुन को दिए गए उपदेशों को लगातार सीखती रहती हूं। यह मुझे शक्ति, शांति और सुकून देता है।

केंद्र सरकार ने किया एप लॉन्च

## अब मोबाइल से भी कर सकेंगे पीएम इंटर्नशिप स्कीम के लिए आवेदन



देश की टॉप 500 कंपनियों में इंटर्नशिप करना और भी आसान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की बड़ी कंपनियों और मंत्रालयों में काम का असली अनुभव मिलने का रास्ता अब और आसान होने जा रहा है। अभी तक पीएम इंटर्नशिप स्कीम के लिए लैपटॉप या कंप्यूटर के जरिए ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन एप्लाई करना पड़ता था। लेकिन, अब मोबाइल एप और सुविधा केंद्र के जरिए भी चुटकियों में छात्रों की सारी परेशानियां हल हो जाएंगी।

अच्छी खबर

**देशभर में बनेंगे 47 सुविधा केंद्र**

केंद्र सरकार की योजना कोलकाता की ही तरह देशभर में 47 सुविधा केंद्र बनाने की है। केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप का मौका दिया जाए।







**खबर संक्षेप**

### फरवरी में थोक महंगाई में बढ़त, 2.38% पर



**नई दिल्ली।** सोमवार को सरकार द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी 2025 में थोक महंगाई दर में इजाफा हुआ है और ये जनवरी के 2.31% से बढ़कर फरवरी महीने में 2.38% हो गई है। इसमें 0.07 फीसदी का इजाफा हुआ है। होली से पहले रिटेल महंगाई का डेटा जारी किया था, जो राहत भरा था।

### मसूरी बोर्डिंग स्कूल में छात्र की डूबने से मौत



**मसूरी।** उत्तराखंड के मसूरी स्थित विनबर्ग-एलन स्कूल में सोमवार को एक 13 वर्षीय छात्र की स्विमिंग पूल में डूबने से मौत हो गई। मृतक छात्र दिल्ली का रहने वाला था। छात्र स्विमिंग पूल में अभ्यास कर रहा था, तभी अचानक वह बेहोश होकर पानी में गिर गया। उसे अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### ग्वालियर में आरटीओ एएसआई की मौत



**ग्वालियर।** परिवहन विभाग में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक धर्मवीर सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। घर के अंदर उनका शव कमरे में पड़ा मिला। मृतक धर्मवीर फ्लाइंग स्क्वॉड के प्रभारी थे। परिजनों ने उन्हें एक निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर्स ने उनकी मृत्यु की पुष्टि की।

### कबड्डी वर्ल्ड कप 2025 की धमाकेदार शुरुआत



**नई दिल्ली।** कबड्डी वर्ल्ड कप 2025 की शुरुआत सोमवार से इंग्लैंड में हो गई। आयोजन इंग्लैंड में चार स्थानों पर किया जाएगा। इस बार पुरुष कबड्डी वर्ल्ड कप 2025 में भारत सहित कुल 10 टीमें हिस्सा लेंगी। भारतीय पुरुष कबड्डी टीम को ग्रुप-ए में रखा गया है। इस ग्रुप में भारत के अलावा इटली, स्कॉटलैंड, वेल्स, हांगकांग की टीमें शामिल हैं।

**नया घमासान** भाजपा विधायक टी राजा सिंह ने औरंगजेब के मकबरे को तोड़ने की धमकी दी

# संभाजीनगर में कारसेवा का ऐलान मकबरे पर भारी पुलिस फोर्स तैनात

**औरंगजेब की तारीफ करने वालों की खैर नहीं: सीएम फडणवीस**

*सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हम औरंगजेब की कब्र की रक्षा करेंगे, लेकिन उसकी या उस स्थान की महिमामंडन की अनुमति नहीं देंगे। छत्रपति शिवाजी महाराज के मंदिर का महिमामंडन किया जाएगा।*

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल जैसे हिंदू संगठनों ने शुरू किया विरोध प्रदर्शन

अगले आदेश तक मकबरे में सीधे प्रवेश पर रोक

ये मकबरा संभाजीनगर शहर से करीब 30 किलोमीटर दूर खुलताबाद में है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाराष्ट्र के संभाजीनगर जिले में मौजूद औरंगजेब की मकबरे को हटाने को लेकर प्रदर्शन काफी तेज हो चुका है। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने मुगल शासक की कब्र को हटाने की गुजारिश की है। हिंदू संगठनों ने चेतावनी भी दी है कि अगर औरंगजेब के मकबरे को सरकार नहीं हटाती है तो लोग अयोध्या की तरह कारसेवा करेंगे। मकबरे की सुरक्षा के मद्देनजर शहर में भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। पुणे में तेलंगाना के भाजपा विधायक टी राजा सिंह ने कहा कि महाराष्ट्र के हिंदू चाहते हैं कि औरंगजेब की कब्र राज्य से मिटा दी जाए। अब मेरा एक ही संकल्प है - भारत को हिंदू राष्ट्र बनाना और औरंगजेब की कब्र हटाना।



**किसने-क्या कहा?**

- **अबू आजमी :** औरंगजेब एक कुशल शासक था।
- **सुप्रिया सुले :** ये मुद्दा किसी पार्टी नहीं, बल्कि इतिहास से जुड़ा है। मुझे नहीं लगता है कि इस मामले में किसी भी नेता को हस्तक्षेप करना चाहिए। इतिहासकार इस मुद्दे पर बात कर सकते हैं।
- **हर्षवर्धन सपकाल :** औरंगजेब एक बेहद क्रूर मुगल शासक था। वह सत्ता के लिए धर्म का इस्तेमाल करता था।

जबलपुर कांग्रेस नेत्री रेखा जैन ने

**औरंगजेब की तुलना परशुराम से कर डाली**



**जबलपुर।** महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष रेखा जैन ने फेसबुक पोस्ट में कहा कि औरंगजेब ने अपने भाई का सिर काटकर पिता को भेंट किया तो भगवान परशुराम ने अपनी मां का सिर काटकर अर्पित किया। पोस्ट में औरंगजेब को क्रूर बताकर कहा गया है कि कोई भी मुसलमान उसे आदर्श नहीं मानता और संतान का नाम औरंगजेब नहीं रखता, लेकिन हिंदुत्व के ठेकेदार परशुराम जैसे चरित्र को आदर्श मानकर परशुराम का मंदिर तक बनवाते हैं। पोस्ट को लेकर ब्राह्मण समाज ने जमकर विरोध जताया। हालांकि, विवाद बढ़ने पर उन्होंने अपना पोस्ट डिलीट कर दिया। रेखा जैन को पार्टी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

कांग्रेस ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब, बाद में बयान हटाया

**मंडला में आदिवासियों पर पुलिस कार्रवाई**

## कांग्रेस ने किया वॉकआउट, आरोप नक्सली बताकर किया जा रहा बदनाम



*आसंदी के नीचे ही जमीन पर धरने पर बैठ गए विपक्षी विधायक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा में सोमवार को शून्यकाल के दौरान मंडला जिले में एक आदिवासी पर पुलिस की कथित निर्ममतापूर्वक कार्रवाई को लेकर जमकर हंगामा हुआ। एसटी-एससी समेत कांग्रेस के विधायकों ने गर्भगृह में आसंदी के सामने पहुंच कर जमकर नारेबाजी की। आसंदी के नीचे ही जमीन पर धरने पर बैठ गए।

कांग्रेस विधायक ओमकार सिंह मरकाम ने सरकार पर आरोप लगाया कि नक्सलाइट बताकर आदिवासियों को बदनाम किया जा रहा है। स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि अभी कार्रवाई को आगे बढ़ने दीजिए, उचित समय में आपकी बात सुनी जाएगी।

**मारे गए आदिवासी को नक्सली मानने को तैयार नहीं**

मरकाम ने स्पीकर से कहा कि आप उचित समय का इंतजार कर रहे हैं, जबकि सरकार आदिवासियों का हित नहीं चाह रही है। इस मुद्दे पर मरकाम के अलावा फुंदेलाल मार्को, डॉ. हीरालाल अलावा समेत अन्य विधायकों ने भी अपनी बात कही, हालांकि स्पीकर ने उसे सदन की कार्यवाही में शामिल नहीं किया। इसके बाद बैगा जनजाति पर पुलिस की ओर से की जा रही निर्ममतापूर्वक कार्रवाई पर शासन की ओर से चर्चा नहीं कराए जाने के विरोध में कांग्रेस के सभी सदस्यों ने नारेबाजी करते हुए सदन से वॉकआउट कर गए। दरअसल, अभी कुछ समय पहले मंडला में एक नक्सली की मौत पुलिस की गोली से हुई थी। आदिवासी विधायक इसे नक्सली मानने के लिए तैयार नहीं हैं। वे इसे आदिवासियों को बदनाम करने की साजिश बता रहे हैं।

**मंडला के हीरन सिंह की मृत्यु की न्यायिक जांच के आदेश**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंडला जिला निवासी श्रीमती बिसरो बाई परते पत्नी स्व. हीरन सिंह परते को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 10 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। पिछले 9 मार्च को मंडला जिले की बिछिया तहसील के ग्राम खटिया के निवासी हीरन सिंह परते की मृत्यु के संदर्भ में यह सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर मंडला ने इस घटना की न्यायिक जांच के आदेश भी दिए गए हैं।

**कैग रिपोर्ट 2022 विस में पेश**

### संबल सहित कई योजनाओं में गड़बड़ी का हुआ खुलासा



- 67.48 लाख श्रमिकों को घोषित कर दिया गया अपात्र
- जमीन आवंटन में गड़बड़ी से 65.5 करोड़ का नुकसान

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

विधानसभा बजट सत्र के पांचवें दिन सोमवार को कैग रिपोर्ट 2022 पेश की गई। इसमें संबल योजना सहित कई योजनाओं में गड़बड़ी का खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया कि संबल योजना की भौतिक प्रक्रिया नियमानुसार नहीं की गई और 67.48 लाख श्रमिकों को अपात्र घोषित कर दिया गया। रिपोर्ट में सरकारी जमीन आवंटन में भी गड़बड़ी की बात सामने आई है। कहा गया कि भोपाल में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन को नियम विरुद्ध जमीन आवंटित की गई।

**पूर्व गृह मंत्री और उपनेता प्रतिपक्ष में जुबानी जंग**

### भूपेंद्र : होली मनाओ, 2 पैग ज्यादा पीयो कटारे : ये तो गजब का दोहरा-चरित्र है



भूपेंद्र सिंह ने कहा अगला चुनाव एक लाख वोट से जीतूंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सागर खुरई विधानसभा से विधायक और पूर्व गृह मंत्री भूपेंद्र सिंह का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वो कह रहे हैं भैया आज होली मनाओ दो पैग ज्यादा पीयो। इस बयान के बाद कांग्रेस नेता हेमंत कटारे ने भूपेंद्र सिंह को आड़े हाथ लिया। भूपेंद्र सिंह ने क्षेत्र के लोगों को मंच से बोलते हुए कहा कि खुरई की जनता ने हमेशा मुझे चुनाव अधिक वोटों से जिताया है। जनता ने हमेशा प्यार दिया है। अगला चुनाव एक लाख वोट से जीतूंगा, जिसको लिखना है, वह लिख लो। बहुत से चैनल चल रहे हैं।

**गामिनी और उसके चार शावक भरेंगे रफ्तार**

### कूनो नेशनल पार्क के खजूरी वन क्षेत्र में छोड़े गए पांच चीते



खुले जंगल में भ्रमण करने वाले चीतों की संख्या 17

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में आने वाले पर्यटकों को अब चीतों का दीदार हो सकेगा। ऐसा इसलिए कि सोमवार को मादा चीता गामिनी और उसके चार शावकों को बाड़ों से आजाद करते हुए खुले जंगल में छोड़ दिया गया है। दक्षिण अफ्रीका से आई मादा चीता गामिनी के साथ उसके चारों शावकों को कूनो पार्क के खजूरी वन क्षेत्र में छोड़ा गया है। खजूरी वन क्षेत्र अहेरा पर्यटन जोन का हिस्सा है। सिंह परियोजना के संचालक उत्तम कुमार शर्मा ने बताया कि गामिनी के साथ खुले जंगल में छोड़े गए उसके चारों शावक साल भर के हो चुके हैं, जिनमें दो नर और दो मादा शावक हैं, जो पूरी तरह स्वस्थ्य हैं।

दिल्ली के अस्पताल में ली अंतिम सांस : पिता कृपा शंकर शर्मा मप्र के मुख्य सचिव रह चुके

# सीनियर आईपीएस मनीष शंकर शर्मा का निधन भारत-अमेरिका के संबंधों को दी थी मजबूती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी और स्पेशल डीजी (रेलवे) मनीष शंकर शर्मा का सोमवार तड़के दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया।

58 वर्षीय शर्मा लंबे समय से बीमार थे। मध्य प्रदेश कैडर के 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी शर्मा, नियमित जांच के लिए दिल्ली गए थे। उन्हें दिल का दौरा पड़ा और इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। शर्मा ने संयुक्त राष्ट्र, केंद्र और मध्य प्रदेश में विभिन्न पदों पर कार्य किया था। उनके पिता कृपा शंकर शर्मा मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव रह चुके थे।



◆ *सैन डिएगो, यूएसए के मेयर ने शर्मा को सम्मानित किया था। 20 जुलाई 2015 को 'मनीष एस शर्मा दिवस' घोषित किया गया था।*

*सीएम डॉ. यादव ने शोक व्यक्त किया*

**सरकार ने ईमानदार और समर्पित अधिकारी खो दिया**

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश सरकार ने एक ईमानदार और समर्पित आईपीएस अधिकारी खो दिया है। उनका निधन मध्य प्रदेश सरकार और समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा, और भाजपा व कांग्रेस के कई अन्य नेताओं ने शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया है।*

**पुलिस सेवा में मनीष शंकर शर्मा का योगदान**

मनीष शंकर शर्मा मूल रूप से नर्मदापुरम के निवासी थे, उन्होंने मध्य प्रदेश के रायसेन, सतना, छिंदवाड़ा और खंडवा जिलों में एसपी के रूप में भी अपनी सेवाएं दी थी। मनीष शंकर शर्मा के चाचा, डॉ. सीताशरण शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रह चुके हैं।




# भाषा की नफरती सियासत में चंद्रबाबू की एंट्री, बोले- हिंदी का अपना महत्व, जरूर सीखें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र और तमिलनाडु सरकार के बीच इस समय परिसीमन और भाषा को लेकर विवाद देखने को मिला है। इस विवाद में अब आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू की भी एंट्री हो गई है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि भाषा से नफरत नहीं की जानी चाहिए। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री यह टिप्पणी ऐसे समय पर आई है, जब दक्षिण के कई राज्यों ने हिंदी के प्रति विरोध दिखाया है। तमिलनाडु की स्टालिन सरकार ने केंद्र पर भाषा थोपने का आरोप लगाया था।बता दें कि एक आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि भाषा से नफरत नहीं की जानी चाहिए, हिंदी दिल्ली में संचार के लिए उपयोगी है। सीएम ने कहा कि हिंदी और अंग्रेजी दोनों का अपना महत्व है और इन्हें सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदी राष्ट्रीय भाषा है। अंग्रेजी अंतरराष्ट्रीय भाषा है। इसके साथ उन्होंने कहा कि भारतीय अब विभिन्न देशों में जा रहे हैं। इस बात पर उन्होंने जोर दिया कि आजीविका के लिए हम कोई भी भाषा सीख सकते हैं।

**तमिलनाडु में भाषा को लेकर हो रही राजनीति**



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि भाषा से नफरत नहीं की जानी चाहिए, हिंदी दिल्ली में संचार के लिए उपयोगी है। हिंदी और अंग्रेजी दोनों का अपना महत्व है और इन्हें सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदी राष्ट्रीय भाषा है और अंग्रेजी विदेशों में बोली जाने वाली भाषा है। दोनों का अपना महत्व है।

### हिंदी थोपने का आरोप लगाना पाखंडः पवन



इससे पहले आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने तमिलनाडु के नेताओं की आलोचना की और कहा कि राज्य में कथित तौर पर हिंदी थोपने का आरोप लगाना पाखंड है।उन्होंने कहा कि ये नेता हिंदी का विरोध करते हैं, लेकिन वित्तीय लाभ कमाने के लिए तमिल फिल्मों को हिंदी में डब करवाते हैं। इस बयान के बाद उन्होंने इस बात को भी साफ कर दिया कि उन्होंने कभी हिंदी को विरोध नहीं किया है।

### सीतारमण ने भी रुपए का तमिल सिंबल इस्तेमाल कियाः स्टालिन

स्टालिन ने कहा-तमिल का विरोध करने वाले इसे बढ़ा चढ़ाकर पेश कर रहे हैं



**चैन्नई।** तमिलनाडु और केंद्र सरकार के बीच भाषा विवाद को लेकर बयानबाजी जारी है। हाल ही में तमिलनाडु सरकार ने स्टेट बजट में रुपए के सिंबल की जगह तमिल सिंबल का इस्तेमाल किया था। इस पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि सभी निर्वाचित प्रतिनिधि राष्ट्र की संप्रभुता-अखंडता को बनाए रखने के लिए संविधान की शपथ लेते हैं। क्षेत्रीय गौरव के लिए राष्ट्रीय प्रतीक को बांटना ठीक नहीं है। इस पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी रुपए के सिंबल की जगह तमिल सिंबल का उपयोग किया था। ये कोई इतना बड़ा मुद्दा नहीं है। उन्होंने अपनी सरकार का बचाव करते हुए कहा- तमिल का विरोध करने वाले इसे बढ़ा चढ़ाकर पेश कर रहे हैं। यह उनकी सरकार की तमिल भाषा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। दरअसल तमिलनाडु सरकार राज्य के स्कूलों में हिन्दी अनिवार्य करने का विरोध कर रही है। केंद्र सरकार का कहना है कि नई शिक्षा नीति के तहत राज्य तमिल, अंग्रेजी और हिन्दी भी पढ़ाएं।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी ने देबेंद्र प्रधान को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. देबेन्द्र प्रधान को श्रद्धांजलि अर्पित की। वे केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के पिता थे, जिनका 84 वर्ष की आयु में दिल्ली में निधन हो गया। इस दौरान ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भी उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि देबेन्द्र प्रधान एक लोकप्रिय जननेता और कुशल सांसद थे। ओडिशा में भाजपा को दिया योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। ओडिशा के उप मुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव ने भी उन्हें पुष्पाजंलि दी।



### छत्रपति शिवाजी के मंदिर का उद्घाटन किया

**ठाणे।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने सोमवार को ठाणे जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज को समर्पित एक मंदिर का उद्घाटन किया और स्वराज्य तथा देश के लिए लड़ने वाले मराठा राजा की सराहना की। मराठा राजा की जयंती सोमवार को पूरे राज्य में तिथि के अनुसार मनाई गई। राज्य सरकार का आधिकारिक 'शिव जयंती' समारोह हर साल 19 फरवरी को मनाया जाता है। फडणवीस ने कहा कि जिस प्रकार भगवान राम के दर्शन हनुमान के बिना अधूरे हैं, उसी प्रकार छत्रपति महाराज को सम्मान दिए बिना कोई भी तीर्थयात्रा पूरी नहीं होती।



### अमृतपाल के सहयोगियों को पंजाब लाएगी पुलिस

**डिब्रूगढ़ (असम)।** पंजाब पुलिस की 25 सदस्यीय टीम पिछले दो दिनों से असम के डिब्रूगढ़ में तैनात है, ताकि कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह के सात सहयोगियों को यहां से स्थानांतरित किया जा सके। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। निर्दलीय सांसद अमृतपाल के ये सहयोगी उसके साथ लगभग दो वर्षों से डिब्रूगढ़ केंद्रीय जेल में बंद हैं।अधिकारियों ने बताया कि स्थानांतरण की तारीख अभी आधिकारिक तौर पर घोषित नहीं की गई है, लेकिन यह अगले दो से तीन दिनों में हो सकती है।



### मंदिर पर ग्रेनेड से हमला करने वाला हुआ ढेर

**अमृतसर।** मंदिर पर हाल ही में हुए ग्रेनेड हमले के मुख्य आरोपी को सोमवार सुबह पुलिस मुठभेड़ में ढेर कर दिया। संदिग्ध की पहचान गुरसिदक सिंह के रूप में हुई है। अमृतसर में मंदिर पर ग्रेनेड हमले के आरोपी गुरसिदक और विशाल की राजासांसी इलाके में छिपे होने की जानकारी मिली थी। पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। इसी दौरान आरोपियों की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में आरोपी गुरसिदक को गोली लग गई। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



## डुप्लीकेट वोटर आईडी पर चर्चा नहीं होने से बढ़ी नाराजगी

# विपक्ष ने राज्यसभा से किया वॉकआउट, कांग्रेस बोली- रेलवे 'वेंटिलेटर' पर, रील से नहीं सुधरेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बजट सत्र के चौथे दिन सोमवार को तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियों के 10 सांसदों ने मांग की कि सदन की दिनभर की कार्यवाही रोकी जाए और डुप्लीकेट वोटर आईडी पर चर्चा की जाए। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने इससे इनकार कर दिया। इसके विरोध में कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस ने राज्यसभा से वॉकआउट किया। लोकसभा में महाराष्ट्र से कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ ने लोकसभा में रेल मंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब कोई सार्वजनिक उपक्रम वेंटिलेटर पर हो, तब इंस्टाग्राम रील बनाने से कुछ नहीं होता। यह सरकार के खराब प्रबंधन का असर है।

वर्षा गायकवाड़ अनुदान की मांगों पर चर्चा में हिस्सा ले रही थीं। उन्होंने ये भी कहा कि दावा किया जाता है कि रेल बजट में अभूतपूर्व बदलाव किए गए, जबकि ये गलत है। सच ये है कि ये फेल बजट है। मौजूदा सरकार यही नैरेटिव बनाने की कोशिश करती है कि हर विकास 2014 के बाद हुआ। जबकि तथ्य ये हैं कि पब्लिक सेक्टर के उपक्रम खराब स्थिति में हैं। इधर, दोनों पार्टियों के सांसद डुप्लीकेट वोटर आईडी पर चर्चा की मांग कर रहे थे।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में रेल मंत्रालय के अनुदानों की मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि भारत में रेल भाड़ा सभी पड़ोसी देशों में सबसे कम है। विकसित देशों में तो 10 गुना किराया लिया जाता है। इस वर्ष 31 मार्च तक भारतीय रेलवे वर्ल्ड टॉप 3 देश में शामिल होगा।

**सांसद वर्षा गायकवाड़ ने अनुदान की मांगों पर चर्चा के दौरान उठाया मुद्दा**



### सत्र के पिछले तीन दिन हंगामेदार रहे

बजट सत्र के दूसरे फेज के तीनों दिन (10, 11, 12 मार्च) डीएमके सांसदों ने नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी) और ट्राई-लैंग्वेज को लेकर खूब हो-हल्ला किया। कांग्रेस ने गुजरात में भारत-पाक बॉर्डर पर अडाणी ग्रुप के रिन्युएबल एनर्जी प्रोजेक्ट को मंजूरी दिए जाने पर सवाल उठाया था। कांग्रेस ने इसे देश की सुरक्षा के लिए खतरा बताया था। इसके बाद सदन में शोर होने लगा।

### यात्रियों को किराए में 47 फीसदी की छूट देता है रेलवेः रेल मंत्री



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में रेल मंत्रालय के अनुदानों की मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि रेल से एक यात्री को एक किमी लेकर जाने की लागत है 1.38 रुपए। हम किराया लेते हैं 73 पैसे यानि करीब 47% का डिस्काउंट। ये सालाना करीब 60,000 करोड़ रुपए बैठता है। भारत में रेल भाड़ा सभी पड़ोसी देशों में सबसे कम है। विकसित देशों में तो 10 गुना किराया लिया जाता है। इस वर्ष 31 मार्च तक भारतीय रेलवे वर्ल्ड टॉप 3 देश में शामिल होगा। चीन, अमेरिका और भारत, ये तीन देश इस बार टॉप 10 में शामिल होंगे।

### लोकसभा में उठा रेल टिकट का मुद्दा

टीएमसी की सांसद ने रेल टिकट का मुद्दा उठाया और कहा कि सरकार टिकट रद्द होने से करोड़ों रुपए की कमाई कर रही है, लेकिन यात्री ट्रेनों में सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं। उन्होंने वंदे भारत ट्रेन की तुलना बिरयानी से की और कहा कि देश में जिन लोगों को दाल भात खाने को नहीं मिल रहा है, उनके लिए वंदे भारत बिरयानी जैसी है, जिसे खाना गरीब लोगों के बस की बात नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार देश के अमीरों के लिए वंदे भारत ट्रेनों के संचालन पर ध्यान दे रही है, लेकिन गरीबों के लिए यात्री ट्रेनों में आधारभूत सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं।

## विजेता को मिलेंगे पांच लाख रुपए

# दूरसंचार विभाग ने लॉन्च किया 5जी हैकाथॉन




- 15 अप्रैल तक प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाएंगे, 1 अक्टूबर को परिणाम आएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने 5जी इनोवेशन हैकाथॉन 2025 की घोषणा की है। यह छह महीने तक चलेगा, जिसका उद्देश्य सामाजिक और औद्योगिक चुनौतियों के समाधान के लिए अभिनव 5जी-संचालित समाधानों के विकास में तेजी लाना है। यह छात्रों, स्टार्टअप और पेशेवरों के लिए खुली है। इसमें विजेता को 5 लाख रुपए तक का प्रथम पुरस्कार मिलेगा। संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि ये हैकथॉन एआई-संचालित नेटवर्क के रखरखाव, आईओटी-सक्षम समाधान, 5जी प्रसारण, कृषि, स्मार्ट स्वास्थ्य, औद्योगिक स्वचालन, गैर-स्थलीय नेटवर्क, डी2एम, वी2एक्स और क्वांटम संचार जैसे प्रमुख 5जी अनुप्रयोगों पर केंद्रित प्रस्ताव को आमंत्रित करता है। छात्रों, स्टार्टअप और पेशेवरों के लिए आयोजित यह कार्यक्रम मेंटरशिप, फंडिंग और 100 से अधिक 5जी यूज केस लैब्स तक पहुंच प्रदान करता है, जिससे प्रतिभागियों को दूरदर्शी विचारों को तकनीक में बदलने में मदद मिलती है। मंत्रालय के मुताबिक इसके लिए 15 मार्च से लेकर 15 अप्रैल 2025 तक प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाएंगे, 01 अक्टूबर 2025 को अंतिम विजेताओं की घोषणा की जाएगी और हर दो सप्ताह में प्रगति रिपोर्ट और एक केंद्रीकृत ट्रैकिंग डैशबोर्ड के माध्यम से कार्यक्रम के लक्ष्यों को पूरा किया जाएगा। इसके तहत प्रतिभागियों को वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने के लिए नेटवर्क स्लाइसिंग, सेवा की गुणवत्ता और कॉल-फ्लो परिदृश्यों जैसी 5जी सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

### विजेताओं को मिलेंगे ये पुरस्कार

संचार मंत्रालय के मुताबिक विजेताओं को प्रथम स्थान के लिए पांच लाख रुपये, उप-विजेता के लिए 3 लाख रुपए और दूसरे स्थान के लिए 1,50,000 रुपए के पुरस्कार मिलेंगे। इसके साथ ही सर्वश्रेष्ठ विचार और सबसे नवीन प्रोटोटाइप को 50-50 हजार रुपए के पुरस्कार भी मिलेंगे। इसके अलावा 10 प्रयोगशालाओं को सर्वश्रेष्ठ 5जी यूज केस लैब्स के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र और सर्वश्रेष्ठ विचार के लिए एक प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। इस कार्यक्रम का बजट 1.5 करोड़ रुपए है।

## जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया

# वक्फ विवाद पर सीएए जैसी राष्ट्रव्यापी विरोध की तैयारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



वक्फ बोर्ड संशोधन बिल के मामले पर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के देश भर से आए प्रतिनिधियों ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में शामिल मुसलमानों ने इसे उनकी धार्मिक आजादी में सरकार का हस्तक्षेप बताया। मुसलमान नेताओं ने केंद्र सरकार से वक्फ संशोधन बिल वापस लेने की मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि सरकार इसे वापस नहीं लेती है तो वे पूरे देश में सीएए-एनआरसी जैसा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। तो क्या एक बार फिर पूरे देश में शाहीन बाग जैसे धरने-प्रदर्शन देखने को मिल सकते हैं? प्रदर्शनकारियों ने इसी तरह के तेवर दिखाए हैं। भाजपा ने कहा है कि यह संसद की कानून बनाने की संवैधानिक शक्ति को संख्या बल के आधार पर दी जा रही चुनौती है।

## सुप्रीम कोर्ट बोला-हाईकोर्ट जाएं

# सीबीआई पर सवाल, रेप मर्डर केस की सही जांच नहीं की

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली बेंच ने स्वतः संज्ञान लेते हुए पीड़ित के पेरेंट्स को कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की अनुमति दे दी। परिवार की मांग है कि, इस मामले में सीबीआई ने सही से जांच नहीं की। याचिका में मुख्य आरोपी संजय रॉय के अलावा अन्य आरोपियों के शामिल होने का पता लगाने के लिए आगे की जांच की मांग की गई। पीड़ित के पिता ने कहा, हमने हाईकोर्ट में याचिका दायर करके 54 सवाल पूछे हैं। अदालत को उन सवालों के जवाब देने हैं ताकि मेरी बेटी को न्याय मिले। मेरी बेटी के रेप और मर्डर में कई लोग शामिल हैं। और सबूतों से छेड़छाड़ में कई लोग शामिल हैं।

## धार्मिक स्थल पर चप्पल पहने सिगरेट पी रहे थे

# वडोदरा में चार विदेशी छात्रों पर जानलेवा हमला

एजेंसी ▶▶ वडोदरा

वडोदरा की पारुल यूनिवर्सिटी के चार विदेशी स्टूडेंट्स के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। लिमडा गांव में झील के पास घूमने छात्र धार्मिक स्थल पर चप्पल पहनकर बैठे सिगरेट पी रहे थे। तभी ग्रामीणों से उनकी झड़प हो गई। फिर डंडे, लाठी-डंडे लेकर लोग आ गए और पिटाई कर दी। जिसमें एक छात्र के गंभीर चोटें आई हैं। चारों का इलाज चल रहा है। मामल तीन दिन पुराना है शनिवार को पुलिस ने मामला भी दर्ज कर लिया था। लेकिन, रविवार को वीडियो वायरल होने के बाद आरोपियों की पहचान हो सकी। वाघोडिया पुलिस ने इस मामले में 10 हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर 2 नाबालिगों समेत 7 को गिरफ्तार कर लिया है। वडोदरा के वाघोडिया के लिमडा गांव में स्थित पारुल विश्वविद्यालय के छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने वाले चार छात्रों में से एक थाईलैंड का मूल निवासी सुफाय कंगवान रट्टन बीसीए सेकेंड ईयर, दक्षिण सूडान के निवासी ओडवा एंड्रयू अब्बास आंद्रे वाटारी पेट्रोलियम इंजीनियरिंग के फर्स्ट ईयर, मोजाम्बिक आदि के मूल निवासी हैं।

**10 के खिलाफ मामला दर्ज 7 को किया गिरफ्तार**



## बजट-2025-26

### सीएम नायब सैनी ने पेश किए कई बड़े प्रस्ताव

# हरियाणा में स्टार्टअप्स के लिए 2000 करोड़ का फंड

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा की भाजपा सरकार ने प्रदेश के लोगों के लिए बजट पेश किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने पहले बजट में छह बड़े प्रस्ताव पेश किए हैं। जिसमें युवाओं के लिए नए रोजगार, स्टार्टअप्स से लेकर एआई मिशन के तहत गुरुग्राम और पंचकूला को एआई हब बनाने की घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने वर्ष 2025-26 में 2 लाख 5 हजार करोड़ का बजट का प्रस्ताव रखा है। यह बीते वर्ष की तुलना में 13.7 प्रतिशत अधिक बजट है। सीएम नायब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि कि पिछले 10 वर्षों में हरियाणा सरकार ने ई-गवर्नेंस पर काफी बल दिया। इस दिशा में हरियाणा एआई मिशन की स्थापना का प्रस्ताव रखा गया है, जिसमे विश्वबैंक ने 474 करोड़ रुपए का सहयोग करने का आश्वासन दिया है। इसके अलावा बजट के दौरान बताया गया कि हरियाणा ओवरसीज इंप्लॉयमेंट सेल और हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से युवाओं को अंतरराष्ट्रीय रोजगार दिलाया जाएगा।



### मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कई घोषणाएं

# 25,000 को मिलेगा रोजगार कर्मचारियों-पेंशनरों को तोहफा

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को अपने कार्यकाल का तीसरा बजट पेश किया। बतौर वित्त मंत्री सीएम सुक्खू ने 58,514 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तुत किया।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बजट में वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न श्रेणियों के पदों को भरने सहित 25,000 को रोजगार देने का एलान किया। महाविद्यालयों-विद्यालयों में विभिन्न श्रेणियों के कुल 1000 पद भरे जाएंगे। आयुष चिकित्सा अधिकारियों के 200, होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारियों तीन, सोवा रिग्पा अधिकारियों तीन, यूनानी चिकित्सा अधिकारी दो, आयुर्वेदिक फार्मेसी के 52, लैब तकनीशियन 32, स्टाफ नर्स 33, एएनएम 82, जेओए(आईटी) के 42 पदों को भरा जाएगा। पुलिस विभाग में पुलिस कांस्टेबलों के 1 हजार रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया वित्त वर्ष 2025-2026 में शुरू कर दी जाएगी। पुलिस कांस्टेबल की पदोन्नति से संबंधित परीक्षा लगभग 500 पदों के लिए करवाई जाएगी।

**मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
मुख्यालय, भोपाल
क्र./परिवहन/निविदा/243975/2024-25/NIT No./622 भोपाल, दिनांक: 17.03.2025

**परिवहन कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

01. कॉर्पोरेशन द्वारा निविदा अवधि वर्ष 2023-25 के परिवहन कार्यों हेतु ऑनलाइन GEM पोर्टल पर Handling, Transport and Other Mining Services के अन्तर्गत रजिस्टर्ड निविदाकारों से शेष रहे जिलों/रैकपाईन्ट/सेक्टर्स हेतु निम्नानुसार निविदायें आमंत्रित की जाती हैं:-
01. HLRT (खाद्यान्न) रैकपाईन्ट (बारहवी निविदा)
02. LRT (सामान्य) रैकपाईन्ट (दसवी निविदा)
03. LRT रबी एवं खरीफ उपार्जन (बीसवी निविदा)
निविदा दस्तावेज वेबसाइट **https://gem.gov.in** पर अवलोकन हेतु उपलब्ध है। निविदा दस्तावेज एवं निविदा प्रक्रिया ऑनलाइन भरने हेतु संबंधित तकनीकी सहयोग व स्पष्टीकरण हेतु **टोल फ्री नम्बर (Inbound): 1800-419-3436 1800-102-3436 (9:00 am - 10:00 pm Mon to Sat) पर सम्पर्क कर सकते हैं।**

एवं

02. कॉर्पोरेशन द्वारा निविदा अवधि वर्ष 2023-25 के परिवहन कार्यों हेतु ऑनलाइन म.प्र. शासन के MPTENDRS पोर्टल पर शेष रहे जिलों/रैकपाईन्ट हेतु निम्नानुसार निविदायें आमंत्रित की जाती हैं:-
1. HLRT (बारदाना) रैकपाईन्ट (सातवीं निविदा)
निविदा दस्तावेज वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर अवलोकन हेतु उपलब्ध है। सहयोग एवं स्पष्टीकरण हेतु **टोल फ्री नम्बर 0120-4001002 पर** सम्पर्क कर सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/119271/2025 **महाप्रबंधक (परिवहन)**

## 18 वर्ष पूर्ण होने पर फॉर्म 6 भरकर मतदाता सूची में युवाओं के नाम दर्ज कराने किया जा रहा विशेष प्रयत्न

# मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की हुई बैठक

**जबलपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें बताया गया कि 18 वर्ष पूर्ण होने पर प्रारूप फॉर्म 06 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करायें। फॉर्म-6 नये मतदाता प्रारूप-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं, जिसके लिए आयोग ने कुछ एप्लीकेशन या पोर्टल जैसे वोटर सर्विस पोर्टल एवं वोटर हेल्पलाइन, ऐसे मतदाता एप्लीकेशन या पोर्टल का उपयोग नहीं कर सकते वे बी.एल.ओ. से संपर्क करके अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं। बैठक में फॉर्म-7 के बारे में जानकारी देते हुये कहा कि ऐसे मतदाता जिनकी मृत्य, परमानेंट शिफ्ट एवं दोहरी प्रविष्टि हो जाने के कारण फॉर्म-7 के माध्यम से नाम निरसन किये जाते हैं। ऐसे मतदाता जो एक स्थान से दूसरे स्थान में स्थानांतरित होते है वह अपना नाम निरसन न करा कर फॉर्म 8 शिफ्टिंग के द्वारा दूसरे स्थान पर अपना नाम स्थानांतरित कर सकते हैं। इसके साथ ही मतदाता परिचय पत्र में मतदाता अपना नाम, सरनेम, जन्मतिथि, जेण्डर, रिलेशन का प्रकार एवं नाम, पता, मोबाइल नंबर एवं पता का सुधार कर सकते हैं।

## पुस्तक मेला की व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को दायित्व सौंपे

कलेक्टर दीपक सक्सेना ने पुस्तक मेला की व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को दायित्व सौंपकर कहा कि पुस्तक मेला को भव्य व आकर्षक बनायें। पुस्तक मेला के लिये जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। ज्ञात हो कि यह मेला 25 मार्च से 5 अप्रैल तक शहीद स्मारक प्रांगण में शनिवार और रविवार को दोपहर 12 बजे से रात्रि 10 बजे तक एवं शेष दिवसों में शाम 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर सक्सेना ने मेले की संपूर्ण व्यवस्था के लिये जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है। टेंट व पंडाल व्यवस्था के लिये मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेएटीसीसी हेमंत सिंह को, मेला स्थल का लेआउट व स्टॉल के लिये कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग शिवेन्द्र सिंह को, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिये सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग एनएस रघुवंशी और सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास मनीष सेठ को दायित्व सौंपे है। इसी प्रकार डाइट प्राचार्य सुधीर उपाध्याय व डीपीसी योगेश शर्मा को पुरानी पुस्तकें प्राप्त कर उनके सेट बनवाने एवं बुक बैंक की समस्त जिम्मेदारी तथा एनसीईआरटी की पुस्तकों को आवश्यकता अनुसार उपलब्ध कराने के लिये, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक विनीत रजक को दुकानदारों से समन्वय एवं कैरियर काउंसलिंग कराने, पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक कल्याण विभाग के सहायक संचालक आशीष दीक्षित को स्वयं सेवी संगठनों से समन्वय करने के निर्देश दिये हैं। एसडीएम अधारताल और पंकज मिश्रा को मेला स्थल की संपूर्ण साफ-सफाई, मैदान का समतलीकरण, मंच एवं कंट्रोल रूम की संपूर्ण व्यवस्था, आस्थाई टॉयलेट व मेला स्थल पर स्वच्छ पानी की व्यवस्था कराने का नोडल अधिकारी बनाया गया है तथा उनके सहयोगी अपर आयुक्त नगर पालिक निगम आरपी मिश्रा होंगे। प्रोटोकॉल की समस्त व्यवस्थाओं के लिये जिला सत्कार अधिकारी ऋषभ जैन को दायित्व सौंपा गया है। मेला स्थल पर दुकानों की 24 घंटे सुरक्षा की जिम्मेदारी, यातायात व कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जबलपुर को एवं मंच व्यवस्था सभी अशासकीय विद्यालयों से समन्वय, पुस्तक विक्रेता, प्रकाशकों से समन्वय व शिकायतों के निराकरण के लिये जिला शिक्षा अधिकारी व डीपीसी का दायित्व सौपा गया है। पुस्तक मेला की आय-व्यय के संपूर्ण लेखा रखने के लिये जिला कोषालय अधिकारी सुविनायिका लकरा, मेले में संचालित हेल्प डेस्क एवं समस्त तकनीकी कार्य के लिये जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस चित्रांशु त्रिपाठी तथा मेले स्थल पर स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था एवं फुड स्टॉल पर विक्रय होने वाली खाद्य साम्रगी की जांच के लिये सीएमएचओ एवं जिला खाद्य अधिकारी को दायित्व सौंपा गया है।




# जिला स्तरीय कॅरियर अवसर व रोजगार मेला बन रहा युवाओं का अहम मार्गदर्शक

**जबलपुर।** प्रदेश स्तरीय ओपन विशेष भर्ती अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाकोशल महाविद्यालय, शासकीय एम.एच. होमसाइंस महाविद्यालय एवं शासकीय श्याम सुंदर महाविद्यालय सिहोरा में आज सोमवार को युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार जिला स्तरीय वृहद् कॅरियर अवसर मेला आयोजित किया गया। जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, संभागीय आईटीआई जबलपुर एवं स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस मेला में विभिन्न कंपनियों द्वारा 200 आवेदकों का चयन कर ऑफर लैटर प्रदान किए गए। मेले में लगभग 1225 युवाओं द्वारा अपना पंजीयन कराया गया।

केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त मध्यप्रदेश तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष रविकरण साहू के मुख्य आतिथ्य में महाकौशल महाविद्यालय में आयोजित करियर अवसर मेला का शुभारंभ सरस्वती पूजन से हुआ। मुख्य अतिथि श्री साहू ने युवाओं को संबोधित करते हुये कहा कि विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर, रोजगार प्राप्त करें या स्वरोजगार स्थापित कर दूसरों को रोजगार प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाये। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री आशीष राव ने मेले के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.आर.के.गुप्ता ने कहा कि शासन की मंशानुसार इस प्रकार के कार्यक्रम किये जा रहे है। जिससे युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी मिल रही है। स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के संभागीय नोडल अधिकारी एवं मेला संयोजक डॉ अरुण शुक्ल ने कार्यक्रम की रुपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. तृप्ति उकास द्वारा किया गया और आभार प्रदर्शन उपसंचालक रोजगार श्री एम.एस.मरकाम ने किया गया। करियर अवसर मेला में आईटीआई प्राचार्य श्री सुनील लालावत सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## अंतर क्षेत्रीय विद्युत नाट्य व नृत्य प्रतियोगिता आज से

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में अंतरक्षेत्रीय विद्युत नाट्य व नृत्य प्रतियोगिता आज 18 मार्च से तरंग प्रेक्षागृह में प्रारंभ हो रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता प्रातः 11 बजे तरंग प्रेक्षागृह करेंगे। प्रतियोगिता में मंचीय व नुक्कड़ नाटक और एकल व समूह नृत्य की स्पर्धाएं होंगी। प्रतियोगिता में मेजबान केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर के अतिरिक्त इंदौर, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी, संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर व श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा की टीमें भाग ले रहीं हैं। अंतरक्षेत्रीय विद्युत नाट्य व नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेने वाली केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम में विश्वनाथ धारगे, दिलदार चौधरी, राजकुमार शुक्ला, दीपाली श्रेया दुबे, अनुपमा तिवारी, उषा मौर्य, उर्मी मित्तल, विद्या झरबड़े, मनीषा झारिया, दीक्षा सिंह, व मोना वाकलवार को शामिल किया गया है।

## घर के सामने खड़ा ई-रिक्शा चोरी

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अतंर्गत रानीताल बड़ी दरगाह के पीछे दिन दहाड़े घर के पास खड़ा एक बिना नंबर का ई रिक्शा अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रानीताल बड़ी दरगाह के पीछे लार्डगंज निवासी 24 वर्षीय ई रिक्शा चालक अनिकेत रैकवार ने गत 9 मार्च को रात 9 बजे अपना बिना नंबर का ई रिक्शा घर के पास खड़ा किया था। ई रिक्शा दोपहर करीब 3 बजे तक खड़ा था, उसके बाद 3.15 बजे उसने देखा कि उसका ई रिक्शा अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। आसपास तलाश करने पर भी ई रिक्शा नहीं मिला। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 303 (2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी घायल

**जबलपुर।** गोराबाजार थाना अतंर्गत मिल्ट्री डेयरी के सामने बिलहरी रोड पर एक बाईक ने दूसरे बाईक को पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें सवार पति पत्नी बाईक सहित नीचे गिरकर घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोराबाजार पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविशंकर नामदेव अपनी पत्नी छाया नामदेव के साथ बाईक से तिलहरी रिश्तेदारी में गए थे। तिलहरी से बाईक से घर लौटते समय रात 9.10 बजे मिल्ट्री डेयरी के सामने बिलहरी रोड पर पहुंचे उसी समय पीछे से आ रही एक बाईक क्रमांक एमपी 20 एनआर 6653 के चालक ने उनकी बाईक में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे दोनों पति पत्नी बाईक सहित नीचे गिरकर घायल हो गए। घायल छाया नामदेव ने घटना की सूचना अपने भाई आशीष नामदेव को दी तो सूचना पाकर आशीष मौके पर पहुंचा और दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपी बाईक चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# लंबित पत्रों की हुई समीक्षा बैठक

**जबलपुर।**

अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह की अध्यक्षता में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्होंने सभी विभागों की सीएम हेल्पलाईन की एक-एक कर समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण नॉन अटेंडेंट न रहे और न ही निम्न गुणवत्ता से बंद हों। साथ ही कहा कि 50 दिन से अधिक के प्रकरणों को पहले निराकृत करें। शिकायतों के निराकरण की गति में तेजी लायें। अपर कलेक्टर सुश्री सिंह ने टीएल के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान विभागवार एक-एक प्रकरणों की समीक्षा करते हुये कहा कि प्रकरणों का निराकरण तत्परता से करें। उन्होंने निर्माण कार्य से संबंधित विभागों से कहा कि वे खनिज रॉयल्टी शीघ्र जमा करें। मायनिंग विभाग इसके फालोअप करते रहे। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि प्रकरणों के निराकरण जवाबदारी से कार्य करें और जिले की रैंकिंग सुधारें।

## अंतरक्षेत्रीय विद्युत महिला खेल प्रतियोगिता आज से

जबलपुर। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 46 वीं अंतरक्षेत्रीय विद्युत महिला खेल प्रतियोगिता आज 18 मार्च से प्रारंभ हो रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता प्रातः 11 बजे तरंग प्रेक्षागृह में करेंगे। महिला खेल प्रतियोगिता में पांच खेल स्पर्धाओं शतरंज, टेबल टेनिस, कैरम, बैडमिंटन व टेनीकॉइट का आयोजन होगा। सभी स्पर्धाएं रामपुर परिसर स्थित मशाल परिसर व ज्योति क्लब में खेली जाएंगी। प्रतियोगिता में मेजबान केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर के अतिरिक्त भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन व श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा की टीमें भाग ले रही हैं। महिला खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित होने वाली पांचों स्पर्धाओं में प्रत्येक टीम के दो-दो खलिाड़ी भाग लेंगे। केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर ने अंतरक्षेत्रीय विद्युत महिला खेल प्रतियोगिता के लिए अपनी दस सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। केन्द्रीय कार्यालय की ओर से सुरभि अग्नहोित्री व अंजली देशमुख कैरम में, अंजू नीखरे व कविता विश्नोई शतरंज, रजनी धारने व दीक्षा सिंह बैडमिंटन, विद्या झरबड़े व रीति शुक्ला टेबल टेनिस और मनीषा झारिया नीता पटेल टेनीक्वाइट में प्रतिनिधित्व करेंगी।

# रंगदारी वसूलने बाईक में तोड़फोड़; चाकू चले, 2 घायल

**हरिभूमि जबलपुर।**

रांझी और गोरखपुर थाना अतंर्गत शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर बदमाशों ने दो युवकों पर चाकू व डंडे से मारपीट कर बाईक में तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी दी।

रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुभाषनगर झंडा चौक वंशकार मोहल्ल्ला रांझी निवासी 20 वर्षीय सौरभ अहिरवार गत शाम करीब 7 बजे अपने दोस्त रोहित तिवारी को नूडल्स देने के लिए वंशकार मोहल्ला गया था जहॉ वंशकार मोहल्ला निवासी राजा वंशकार, शिवा वंशाकर, टार्जन वंशकार, झल्लू वंशकार उससे शराब पीने के लिये रूपये मांगने लगे उसने रूपये देने से मना किया तो उसके साथ मारपीट कर चोटे पहुंचा दी। इसके बाद सौरभ काम करने होटल चला गया तो चारो लोग उसे ढूंढते हुये उसके घर पहुंचे और उसके न मिलने घर के सामने खडी प्लेटीना मोटर सायकिल क्र. एमपी 20 एनई 1542 में लाठी डण्डे मारकर तोड़फोड़ कर दी। उसके बाद बदमाशों ने रात 8 बजे बरा के झाड़ के पास सौरभ के भाई आटो चालक शुभम को रास्ते में रोका और गालीगलौज करते हुए मारपीट कर राजा ने डंडे से सिर व हाथ पर हमला कर घायल कर दिया। चारों आरोपियों ने पुलिस में रिपोर्ट में करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा-296, 126 (2), 115(2), 119(1), 351(2), 324(4), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

इसी तरह गोरखपुर बर्न कंपनी कांचघर निवासी 45 वर्षीय रेलवे आफिसर क्लब के मैनेजर गगनदीप मिश्रा गत दिवस अपनी होंडा एक्टिवा क्रमांक एम पी 20 एस एन 9966 से अपनी ससुराल नयी बस्ती



गौरीघाट अपनी पत्नी को उसके घर छोड़ने गया था। पत्नी को घर छोड़ने के पश्चात वहीं पास में एक मित्र सोनू अहिरवार के बच्चे की जन्म दिवस पार्टी अटेंड किया इसके बाद अपनी एक्टीवा से वापस कांचघर लौट रहा था। रास्ते में जॉनसन स्कूल के सामने नर्मदा रोड पर करीब 10.45 बजे अचानक दो से तीन अज्ञात लड़के कटंगा की तरफ से मोटर सायकल पर आये और उसे रोक कर अकारण ही कालर पकड़ कर झूमाझपटी करने लगे, जिससे उसकी एक्टीवा सड़क पर गिर गयी। सभी गालीगलोज करते हुये उससे शराब पीने के लिये रूपये मांगने लगे उसने रूपये देने से मना किया तो चाकू से उसकी जांघ पर हमला कर चोटें पहुंचा दी और रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी देते हुये बंदरिया तिराहा की तरफ भाग गये। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 351(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## हाई कोर्ट ने कहा- 'पेंशन की फूटी कौड़ी दिए बिना गुडबाय नहीं किया जा सकता

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक जैन की एकलपीठ ने अपने एक आदेश में तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि 45 वर्ष सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए सफाई कर्मी को पेंशन की फूटी कौड़ी दिए बिना गुडबाय नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने नगर पालिका दमोह की "योगदान नहीं, तो पेंशन नहीं" की रवायत पर करारी फटकार लगाते हुए दिवंगत सफाई कर्मी की विधवा के हक में एक माह के भीतर छह प्रतिशत ब्याज सहित पेंशन जारी किए जाने का राहतकारी आदेश पारित कर दिया। यही नहीं 12 प्रतिशत ब्याज सहित ग्रेच्युटी राशि भी दिए जाने का आदेश सुनाया गया।याचिकाकर्ता दिवंगत सफाई कर्मी पुरुषोत्तम मेहता की दमोह निवासी विधवा सोमवती बाई वाल्मीकि की ओर से अधिवक्ता संजय कुमार शर्मा, असीम त्रिवेदी और रोहिणी प्रसाद शर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि इस मामले में नगर पालिका, दमोह के सभी तर्क दरकिनार किए जाने योग्य हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि सब मनमानी को इंगित करते हैं।



खबर संक्षेप



## भाइयों को तिलक लगाकर बहनों ने मनाया भाईदूज

**बड़वारा।** रंगों का पर्व रंगोत्सव के दूसरे दिन बड़वारा ग्राम में बहनों ने अपने अपने भाइयों को तिलक बन्दन कर भाई दूज पर्व बड़े ही खुशहाली पूर्वक मनाईं। बड़वारा एवम आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में भाई दूज पर्व के अवसर पर बहनों में उल्लास का माहौल दिखा। बहनों ने भाइयों को तिलक रोली लगाकर अपने भाइयों की सुख शांति की कामना कीं। भाई दूज पर्व भाई-बहन के बीच उनके आत्मीय प्रेम एवम पवित्र स्नेह का प्रतीक है। द्वितीया तिथि पर मनाया जाने वाला यह त्योहार होली के उत्सव के पश्चात आता है। भाई दूज त्योहार साल में दो बार मनाया जाता है दिवाली के परीवा के पश्चात दूज को एवम दूसरा होली के परीवा के पश्चात द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। भाई दूज के अवसर पर बहनों ने अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर ईश्वर से अपने अपने भाइयों की दीर्घायु सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। भाइयों ने बहनों को उनकी रक्षा का वचन देते हुए उन्हें उपहार प्रदान किये।

## रेल सफर के दौरान यात्री को आया हार्ट अटैक

**कटनी।** रेल सफर कर रहे एक यात्री को हार्ट अटैक आ गया। गनीमत रही कि उसे समय से उपचार मिल गया जिससे उसकी जान बच गई। दरअसल राउरकेला निवासी श्रीराम अवतार अग्रवाल वृन्दावन होली मनाकर अपने निवास उत्कल एक्सप्रेस से लौट रहे थे।।सफर के दौरान रास्ते रीठी में उन्हें मेजर अटैक आया। उन्होंने अपने परिजनों को सूचना दी।। परिजनों ने अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन कलकत्ता को सूचित किया। कलकत्ता से शरद सरावगी को सूचना मिली। शरद सरावगी ने समाजसेवी अजय सरावगी एवं साथियों के साथ तत्काल स्टेशन पहुंचकर समाज के चिकित्सक मनीष गट्टानी को भी सूचित किया मनीष गट्टानी ने भी आनन फानन में हास्पिटल पहुंच कर गहन चिकित्सा सेवाएं दी। श्री अग्रवाल इलाजरत है उनके स्वास्थ्य में सुधार बताया जा रहा है।

## बैठक का आयोजन आज

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में मंगलवार 18 मार्च को सायं 5 बजे से मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्ष और प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, जिला अध्यक्ष कांग्रेस करण सिंह चौहान, बसपा जिलाध्यक्ष जागीर सिंह भट्टी आदि से पहुंचने अपील की है।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक, पुनरूद्धार एवं स्थलों में सूचना पटल लगाने के निर्देश

# पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक स्मारकों व पर्यटन स्थलों के विकास एवं विस्तार पर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले मे पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिले के ऐतिहासिक, पुरातात्विक और पर्यटन सुविधाओं के विकास एवं विस्तार के नजरिये से इन स्थलो पर समेकित जानकारी प्रर्दशित करने वाले सूचना पटल लगाये जाने का निर्णय लिया गया।





### सुविधाओं को लेकर हुए निर्णय

बैठक में कंकाली देवी मंदिर के समीप पार्किंग विकास, शौचालय निर्माण और पेयजल हेतु बोरवेल सुविधा के विकास के संबंध में भी महत्वपूर्ण निर्णय हुए। इसके अलावा बिलहरी में लड़ाकी का टीला और कारीतलाई एवं कंकाली देवी माता मंदिर में कलाकृतियों के प्रदर्शन हेतु शेड निर्माण सहित इनके टच स्क्रीन सुविधा युक्त डिजिटल डिसप्ले व्यवस्था करानें के निर्देश कलेक्टर श्री यादव नें दिए।

### स्थलों का प्रदर्शन करें

कलेक्टर श्री यादव ने जिले की वेबसाइट और भारत सरकार के राष्ट्रीय पोर्टल में भी जिले की महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों और पर्यटन स्थलों का प्रदर्शन करानें के निर्देश दिए। बैठक मे जिले के महत्वपूर्ण स्मारकों और पर्यटन स्थलों को प्रदर्शित करते हुए पर्यटन मानचित्र निर्माण के संबंध में भी महत्पूर्ण चर्चा हुई।

### संरक्षण एवं संवर्धन आवश्यक

बैठक में मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह ने कहा कि जिले के पुरातात्विक स्थलों का संरक्षण और संवर्धन होने से पर्यटन विभाग की ओर से निर्मित ग्राम कोनिंया में होम स्टे और ग्राम खितौली व जमुनिया में बनने वाले होम स्टे सुविधा का लाभ स्थानीय जनों और पर्यटकों को मिल पायेगा।

### ताकि लोगों हो जानकारी

बैठक में कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि बहोरीबंद के रूपनाथ धाम की जानकारी का प्रदर्शन जबलपुर से कटनी की ओर आने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग सहित मैहर में भी किया जाये ताकि जबलपुर से आने वाले और मैहर में माँ शारदा के दर्शन करनें वाले श्रद्धालु भी रूपनाथ मंदिर के सूचना पटल को देखकर सहजता से यहां के महत्व से अवगत हो सके और यहां भी आ सकें। इस सूचना पटल में रूपनाथ धाम की महत्ता और दूरी का उल्लेख भी होना चाहिए।

### जिले के प्रमुख पुरातात्विक स्थलों की दी जानकारी

बैठक मे पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिले के प्रमुख पुरातात्विक स्थलों कारीतलाई के विष्णु वराह मंदिर, विजयराघवगढ़ में कछुआ और मछली जिसे स्थानीय तौर पर कच्छा और मच्छा के नाम से जाना जाता है, के स्थलों में संकेतक लगानें और इनके पुनरूद्धार कार्य पर चर्चा की गई। वहीं बहोरीबंद में माता कंकाली देवी, रीठी तहसील के बिलहरी में विष्णु वराह मंदिर, तापसी मठ और बड़गांव में सोमनाथ मंदिर सहित बहोरीबंद में रूपनाथ शिव मंदिर, सम्राट अशोक के शिलालेख और रीठी मे कियान नदी के किनारे स्थित मंदिरों, प्राचीन माउंड ककरेहटा, नन्हवारा का शंकर जी का मंदिर आदि पुरातात्विक एवं पर्यटन स्थलों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

## नकदी सहित लाखों के जेवरात ले गए चोर

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र में चोरो ने नकदी रूपयों सहित आभूषणों पर हाथ साफ किया। घर मालिक घर में ताला लगाकर बाहर गया हुआ था जब वह वापस लौटा तो घर के अंदर आलमारी ताला टूटा व सामान बिखरा पड़ा देख अंचभित हो गया। नगदी रूपये सहित सोने चाँदी के आभूषण नहीं मिले। राजेश नामदेव ने बताया कि धुलेड़ी पर्व के चलते पत्नी व बच्चें पैतृक गाँव सरसवाही गए थे। 15 कि सुबह 10 बजे जब घर आया तो देखा कि मेन गेट का दरवाजा लगा हुआ था, लेकिन जब अंदर गया तो घर के दरवाजा का ताला नही था ओर आलमारी खुली पड़ी हुई थी ओर समान बिखरा पड़ा हुआ था। घटना कि जानकारी स्लीमनाबाद पुलिस को दी गईं। जानकारी लगते ही थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया पुलिस बल के साथ मोके पर पहुंचें जहाँ चोरी की घटना की पतासाजी के लिए फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट व डाग स्कवाड़ टीम भी बुलाई गईं। राजेश नामदेव ने बताया कि चोरी की वारदात मे सोने का हार, मंगलसूत्र दो नग, अंगूठी 4 नग, एक सोने की चैन, नाक की लौंग एक नग, सोने की चुडिया 4 नग, कान के छाले, चांदी की पायल 3 नग, बिछिया 4 नग, चांदी की चूड़ी व अंगूठी सहित 50 हजार रूपये नगदी चोर ले गए।

### राधा कृष्ण की झांकी के साथ मनाया गया होली मिलन

# भाजपा कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन






हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भाजपा द्वारा जिला कार्यालय में भारत रत्न पंडित अटल बिहारी की जन्मशती वर्ष के अवसर पर वरिष्ठ भाजपा जनों तथा अटल जी के साथ काम करने वाले नेताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेताओं में कहा कि अटल जी के साथ बीते पल उनके जीवन की अनमोल पूंजी है कटनी में अटल जी का आगमन के वक्त कटनी के नेताओं ने उनकी जोरदार अगवानी की थी 1997-98 के दौर में अटल जी का दो बार कटनी आगमन हुआ था इस दौरान उन्होंने कटनी में आम सभा के साथ-साथ भूमि पूजन तथा अन्य कार्यक्रमों में भी हिस्सा लिया था। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने कहा कि हमारा यह सौभाग्य है कि अटल जी के समकालीन तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त करने वाले नेताओं का आज हम सम्मान कर रहे हैं।

कार्यक्रम के उपरांत जिला भाजपा कार्यालय में भव्य होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें पार्टी के पदाधिकारियों कार्यकर्तागणों की उपस्थिति थी। होली मिलन कार्यक्रम में राधा कृष्ण की झांकी के शानदार नृत्य ने सभी को उत्साह से सराबोर कर दिया।

देर शाम तक जिला कार्यालय में खुशी के रंग से सभी कार्यकर्ता सराबोर दिखे। एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने होली मिलन में शामिल होकर उत्सव मनाया।

## जिले में 99.43 प्रतिशत गिरदावरी का कार्य पूर्ण

**कटनी।** रबी विपणन वर्ष 2025 के तहत जिले में 17 मार्च की अवधि तक कुल 99.43 फ़ीसदी गिरदावरी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिले की 9 तहसीलों के कुल क्षेत्रफल 437975.72 हेक्टेयर में से 435519.28 हेक्टेयर की गिरदावरी की जा चुकी है। जबकि निजी क्षेत्रफल के 286672.33 हेक्टेयर में से 285025.04 हेक्टेयर क्षेत्रफल की गिरदावरी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वहीं शासकीय क्षेत्रफल के 151303.39 हेक्टेयर में से 151280.01 हेक्टेयर क्षेत्रफल की गिरदावरी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। गिरदावरी के कार्य में तहसील रीठी, बहोरीबंद, विजयराघवगढ़, कटनी, एवं स्लीमनाबाद द्वारा 100 फीसदी कार्य पूर्ण कर लिया है तो वही तहसील बड़वारा द्वारा 99.96 फीसदी कार्य किया गया है। इसी तरह शेष अन्य तहसीलों, तहसील बरही में 99.22 फीसदी, तहसील ढीमरखेड़ा में 98.93 फीसदी, कटनी नगर द्वारा 95.43 फीसदी, फीसदी गिरदावरी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

### शेष प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करने दिये आदेश

# 89.36 फीसदी सीमांकन प्रकरणों का निपटारा, कटनी नगर अग्रणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आम नागरिकों की राजस्व संबंधी समस्या के निराकरण हेतु कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर राजस्व विभाग द्वारा जिले मे सीमांकन प्रकरणों के निराकरण हेतु दुत गति से कार्यवाही की जा रही है। सोमवार 17 मार्च की स्थिति में जिले की 9 तहसीलों के 31 न्यायालय में प्राप्त कुल 12 हजार 151 सीमांकन प्रकरणों में 10 हजार 858 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है तथा 1293 सीमांकन प्रकरण निराकरण हेतु शेष है। कलेक्टर नें राजस्व अधिकारियों को शेष प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए है। सीमांकन प्रकरणों के निराकरण के मामले में जिले की कटनी नगर तहसील पहले स्थान पर है। यहां सोमवार 17 मार्च तक कुल पंजीकृत 1736 मामलों में से 1608 सीमांकन मामले निपटाए जा चुके हैं। वहीं ढीमरखेड़ा तहसील कुल 1736 पंजीकृत मामलों में से 1567 सीमांकन मामलों का निपटारा कर दूसरे स्थान है। जबकि विजयराघवगढ़ तहसील द्वारा तीसरे स्थान पर रहकर कुल पंजीकृत 1660 सीमांकन मामलों मे से 1425 सीमांकन मामलों का निराकरण किया गया है।

सीमांकन प्रकरणों के निपटारे के मामले में स्लीमनाबाद तहसील में पंजीकृत 1357 मामलों में से 1220 मामलों का निपटारा कर चौथे स्थान पर है। इसी प्रकार रीठी तहसील द्वारा पांचवे पायदान पर रहकर अब तक कुल पंजीकृत 1338 मामलों में से 1194 सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण किया गया है। जबकि छठवे स्थान पर बड़वारा तहसील द्वारा 1133 मामलों में से 1015 मामले, बरही तहसील द्वारा 1092 ममलो में से 961 मामले, तहसील बहोरीबंद द्वारा सीमांकन के पंजीकृत 1080 मामलों में से 902 मामलों, तथा कटनी तहसील द्वारा 1019 पंजीकृत मामलों में से 898 मामलों का निराकरण अब तक किया जा चुका है। कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने राजस्व अधिकारियों को सीमांकन प्रकरणों के निराकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

# अश्लील फोटो दिखा तुड़वा दी शादी, बेटी है लापता, एसपी से कार्यवाही करने मांग

हरिभूमि न्यूजः कटनी

एक युवक के द्वारा एक युवती को ब्लैकमेल करते हुए उसका विवाह होने से तुड़वा दिया। अब पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर कार्यवाही की मांग की है। शिकायती पत्र के माध्यम से महिला ने बताया कि मेरी पुत्री की शादी तय हो गई। पुत्री की शादी की जानकारी जैसे युवक को लगी तो उसने मेरी पुत्री को फोन कर बहकाना शुरू कर दिया। पुत्री जब उसके बहकावे में नहीं आई तो उसने धमकाना चालू कर दिया। 03 मार्च को वह दिन के वक्त वह आया। उस समय घर मे ताला कोई नहीं था सभी लेग खेत में काम कर रहे थे, तब युवक ने घर की लाईट काटी और सूने घर का ताला तोड़कर नगद पैसा 10 हजार सहित चाँदी के जेवरात ले गया। पिता जब रात्रि में घर आये तो घर की हालत देकर सकते में आ गये। 4 मार्च को थाने में शिकायत लिखाने जा रहे थे तभी जानकारी लगी कि पुत्री जब पेपर देकर लोट रही थी तो युवक ने उसका मोबाईल छुड़ा लिया ओर भाग गया था। उसके बाद उसी मोबाईल से उसके होने वाले पति के मोबाईल पर गंदी फोटो भेजी ओर हमें धमकाया कि अगर थाने में रिपोर्ट करने गये तो अभी सिर्फ होने वाले दामाद के पास फोटो भेजी है। शिकायत करने गये तो तुम्हारी लड़की की फोटो व वीडियो है उन्हें वायरल कर दूंगा। उसके बाद दूसरे दिन होने वाले दामाद ओर उसके परिजन आए ओर रिश्ता तोड़कर चले गए। 10 मार्च को जब पुत्री पेपर देने जा रही थी तो युवक ने कहा की तुम्हारी मेरे साथ जो फोटो वीडियो है उन्हे अगर तुम मेरे से आखिरी बार अकेले मे मिलकर बात करने चलो तो डिलीट कर दूंगा, वर्ना कही का नही छोड़ूंगा, जिस पर बेटी उसके झांसे में आ गई और उसे वह ले गया ओर गायब कर दिया। फरियादिया ने संदेह व्यक्त करते हुए कहा कि उसकी पुत्री का अपहरण कर उक्त आरोपी उसके साथ यौन उत्पीड़न करेगा और उसे किसी को बेंच भी सकता है, या फिर जान से मार सकता है। महिला ने कहा कि पूरे मामले की शिकायत लेकर पुलिस थाना रीठी गये थे पुलिस द्वारा गुमशुदगी की शिकायत दर्ज की गई।

### जैन सोशल मेन ग्रुप का आयोजन

# राधा कृष्ण की होली थीम पर फागोत्सव



**जबलपुर।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप जबलपुर मेन के द्वारा राधा कृष्ण की होली थीम पर फागोत्सव का आयोजन नंदीश्वर द्वीप जिनालय, पिसनहारी मढ़िया तीर्थ, जबलपुर में किया गया। इस अवसर पर अष्टाह्निका पर्व पर अभिषेक एवं पूजन आयोजित किया गया। तत्पश्चात फागोत्सव का रंगारंग आयोजन , तिलवारा पुल के पास एक फॉर्म हाउस में "राधा-कृष्ण की होली" थीम के साथ किया गया। संगीत, नृत्य एवं रंगों का उत्सव में आर्केस्ट्रा के साथ गाने-बजाने, झूमने-झुमाने के अनूठे संगम के साथ रंगों की मस्ती में झूमे ग्रुप के 'राधा-कृष्ण'। इस अवसर पर विभिन्न मनोरंजक गेम्स खिलाए गए, जिनमें ग्रुप सदस्यों ने उत्साह से हिस्सा लिया और विजेताओं को स्पॉट गिफ्ट दिए गए। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय महासचिव आयोजन के फेडरेशन महासचिव विनय अनीता जैन की उपस्थिति उल्लेखनीय थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप जबलपुर मेन के अध्यक्ष मुल्कराज बादशा-श्रीमती अंजलि सिंघई, सचिव सचिन-श्रीमती कीर्ति जैन, कोषाध्यक्ष प्रदीप-श्रीमती सीमा जैन के साथ साथ कार्यक्रम संयोजकगण संजय-सारिका सिंघई, देवेश-प्रिया, राशि-नितिन,नवीन मनीषा, निशि-राहुल, प्रियांशी-प्रशांत, मोनिका-कपिल, स्मिता-अरिहंत का सराहनीय योगदान रहा।

# ससुराल गए युवक का हुआ विवाद, हुई हत्या

**कटनी।** समीपस्थ ग्राम पौसरा निवासी एक युवक की हत्या कर दी गई। दरअसल युवक होली पर त्योहार मनाने ससुराल गया था। जहां गांव के कुछ युवकों से उसका विवाद हो गया। विवाद के कारण युवकों ने मारपीट करते हुए उस पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। घटना के बाद घायल युवक को शासकीय जिला अस्पताल कटनी में भर्ती कराया गया था जहां पर उसकी मौत हो गई। जानकारी अनुसार कटनी के ग्राम पोसरा निवासी 26 वर्षीय हरप्रासद यादव पिता जियालाल यादव होली पर अपनी ससुराल जिला मैहर ग्राम धडेलीपुरा गया हुआ था। जहां अवैध शराब बेचने को लेकर उसके मना करने पर कुछ गांव के युवकों ने उस पर प्राण घातक हमला कर दिया। घटना में कटनी ग्राम पोसरा निवासी हरप्रसाद यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके साथ तीन अन्य युवक भी घायल हुए थे। जिन्हे शासकीय जिला अस्पताल कटनी इलाज हेतु लाया गया जहां इलाज के दौरान पोसरा निवासी युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायमी कर जांच प्रारंभ कर दी है। वही बताया जा रहा है की आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# अनेक जगह होली मिलन का आयोजन

**सिहोरा।** धुरेडी भाईदूज के बाद एंव रंगपंचमी के पहले ही अनेक जगह होली मिलन के कार्यक्रम आयोजित कर होली के पांच दिवसीय त्यौहार को यादगार बनाया जा रहा है।



### चित्रगुप्त पूजन का आयोजन

भाई दूज के अवसर पर कायस्थ महासभा सिहोरा द्वारा चित्रगुप्त पूजन एंव होली मिलन समारोह का आयोजन मंदिर प्रांगण पुरानी कन्या शाला के पास किया गया। जिसमें विधायक संतोष बरकडे तथा महासभा के संरक्षक एड सत्यप्रकाश खरे द्वारा चित्रगुप्त भगवान का पूजन अर्चन किया गया।एंव समिति के सदस्यों द्वारा होली के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर कायस्थ महासभा के समस्त पदाधिकारी एंव स्वाजातिय बंधू उपस्थित थे।

### ग्राम नैगवां में होली मिलन का आयोजन

निकटवर्ती ग्राम नैगवां के हनुमान शिव मंदिर में होली मिलन समारोह एंव फ़ागो का आयोजन राम गोपाल शर्मा,राम कृष्ण शर्मा के संयोजन में किया गया। जिसमें फ़ागो का कवि आशीष यादव,बसंत दाहिया,दिनेश कोरी,संतोष कोरी,मुकेश यादव सहित क्षेत्र के अन्य कवियों के बीच महा मुकाबला हुआ। आयोजन में मुख्य रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सिहोरा ग्रामीण संगठन मंत्री राहुल,सी एम राइस स्कुल सिहोरा के प्राचार्य अशोक उपाध्याय,रवि प्रकाश मिश्रा सहित ग्रांमवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। अंत में शरद शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**श्री तेजिन्दर सिंह भाटिया-** हाथीताल कॉलोनी निवासी श्री तेजिन्दर सिंह भाटिया (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीपक श्रीवास्तव-** प्रभात नगर कठौंदा निवासी श्री नरेश श्रीवास्तव के पुत्र श्री दीपक श्रीवास्तव (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री रमाकांत मिश्रा-** न्यु आदर्श नगर कॉलोनी अधारताल निवासी श्री रमाकांत मिश्रा (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अजय पासी-** कटरा अधारताल निवासी श्री मोतीलाल पासी के पुत्र श्री अजय पासी (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि किया गया।

**श्री संजीव श्रीवास्तव-** शास्त्री विहार लाला चौक त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री संजीव श्रीवास्तव (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शंकर प्रसाद राजपूत-** सेठी नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री शंकर प्रसाद राजपूत (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री भगवान दास दहायत-** मांडवा छापर रामपुर निवासी श्री भगवान दास दहायत (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मंजीत सिंह-** मदनमहल गुप्तेश्वर रोड निवासी श्री मंजीत सिंह (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री गनपत राव मन्नेवार-** वैशाली परिसर नर्मदा नगर निवासी श्री गनपत राव मन्नेवार (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती इंदू केवट-** ओम कला




मंदिर रोड चांदमारी लालमाटी निवासी श्री किशन केवट की धर्मपत्नी श्रीमती इंदू केवट (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रमाकांत पटेल-** रामपुर पटेल मोहल्ला निवासी श्री राजकुमार पटेल के पुत्र श्री रमाकांत पटेल (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शीला अर्खेल-** ब्यौहारबाग निवासी श्री जगदीश प्रसाद अर्खेल की धर्मपत्नी श्रीमती शीला अर्खेल (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**कु. बिट्टू शुक्ला-** बजरंग कॉलोनी कटनी निवासी श्री पुष्पराज शुक्ला की पुत्री कु. बिट्टू शुक्ला (16) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मोहन लाल कश्यप-** फूटाताल निवासी श्री मोहन लाल कश्यप (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गौरव रजक-** साउथ सिविल लाइन निवासी श्री शिव प्रसाद रजक के पुत्र श्री गौरव रजक (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती भागवती चौधरी-** चांदमारी लालमाटी निवासी श्री राकेश चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती भावगती चौधरी (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

## खबर संक्षेप

### एचसीसी टाटा प्रोजेक्टस को मिला 2191 करोड़ का ठेका



**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड ने टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के साथ साझेदारी में मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड से 2,191 करोड़ रुपये का ठेका हासिल किया है। 2,191 करोड़ रुपये का यह ठेका एमपीएमआरसीएल के लिए भूमिगत सुरंगों और स्टेशनों सहित 8.65 किलोमीटर लंबे गलियारे के निर्माण के लिए है।

### स्पाइसजेट के संस्थापक सिंह 294 करोड़ रुपए करेंगे निवेश



**नई दिल्ली।** स्पाइसजेट ने सोमवार को कहा कि उसके संस्थापक अजय सिंह वारंट को इक्विटी शेयरों में बदलकर प्रवर्तक समूह इकाई के जरिये एयरलाइन में 294 करोड़ रुपये निवेश करेंगे। इसके बाद एयरलाइन में प्रवर्तक समूह की हिस्सेदारी बढ़कर 33 प्रतिशत से अधिक हो जाएगी। सिंह एयरलाइन के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक भी हैं।

### रुपया 24 पैसे चढ़कर 86.81 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा में कमजोरी के कारण सोमवार को रुपया 24 पैसे उछलकर 86.81 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर में कमजोरी और सकारात्मक वैश्विक बाजारों के कारण रुपया थोड़ा सकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर रहा है।

### टैफे ने लक्ष्मी वेणु को वाइस चेयरमैन किया नियुक्त

TAFE Cultivating The Wor

**नई दिल्ली।** ट्रैक्ट्स एंड फार्म इक्विपमेंट (टैफे) लिमिटेड ने सोमवार को लक्ष्मी वेणु को वाइस-चेयरमैन नियुक्त करने की घोषणा की। टैफे की चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) मल्लिका श्रीनिवासन और टीवीएस मोटर कंपनी के मानद चेयरमैन वेणु श्रीनिवासन की बेटी लक्ष्मी वेणु वर्तमान में टैफे की निदेशक हैं।

### मंडियों में आवक बढ़ने से तेल-तिलहन में गिरावट

**नई दिल्ली।** होली की लंबी छुट्टियों के बाद मंडियों में दो-तीन से रुकी आवक के बढ़ने के बीच देश के तेल-तिलहन बाजार में सोमवार को सरसों एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के थोक दाम में गिरावट दर्ज हुई। जबकि विदेशी तेलों में आई गिरावट का असर सूरजमुखी और पामोलीन से कम दाम वाले बिनौला तेल और मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों पर नहीं दिखा और इनके दाम अपरिवर्तित रहे।

### शालीमार पेंट्स ने सेबी से कर मामला निपटाया

SHALIMAR PAINTS

**नई दिल्ली।** शालीमार पेंट्स लिमिटेड के मामले में अधिग्रहण मानकों के कथित उल्लंघन से संबंधित कार्यवाही को 34 इकाइयों ने सेबी को 3.04 लाख रुपये का भुगतान कर सुलझा लिया है। इस मामले के निपटान के लिए उर्वी जिंदल ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष आवेदन दायर किया था। उन्होंने कथित उल्लंघनों के लिए शुरू की जा सकने वाली प्रवर्तन कार्यवाही को भुगतान कर निपटाने का प्रस्ताव दिया था।

# मारुति तीसरी बार बढ़ाएगी कार की कीमतें, 1 अप्रैल 2025 से लागू होंगे नए रेट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- बढ़ती लागत और ऑपरेशनल एक्सपेंसेस के चलते बढ़ाई जा रही कीमतें

देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने सोमवार को ऐलान किया कि वह 1 अप्रैल, 2025 से अपनी कारों की कीमतों में 4 फीसदी तक की बढ़ोतरी करेगी। यह निर्णय बढ़ती इनपुट लागत और बढ़ते ऑपरेशनल एक्सपेंसेस के जवाब में लिया गया है। इससे कंपनी की लाभ प्रभावित हो रही थी।

इस साल जनवरी और फरवरी के बाद भारत की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी द्वारा अपने वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा तीसरा की है।

## कंपनी अपनी कारों की कीमतों में चार फीसदी तक बढ़ोतरी करेगी

### कंपनी बढ़ती लागत को कम करने में लगी

कंपनी इंटरनल एफिसिएन्सिएस और कॉस्ट ऑप्टिमाइजेशन उपायों के माध्यम से बढ़ती लागतों को कम करने के लिए लगन से काम कर रही है। कंपनी ने कहा कि ऑपरेशन्स को बनाए रखने और उत्पाद की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए अब बोझ का एक हिस्सा उपभोक्ताओं पर डाला जाना चाहिए।



### ग्राहकों पर प्रभाव कम करने का प्रयास

मारुति सुजुकी इंडिया के कार्यकारी अधिकारी और कंपनी सचिव संजीव ग्रोवर ने आधिकारिक अधिसूचना में कहा, 'हालांकि कंपनी लगातार लागतों को अनुकूलित करने और अपने ग्राहकों पर प्रभाव को कम करने का प्रयास करती है। लेकिन बढ़ी हुई लागत का कुछ हिस्सा बाजार को देना पड़ सकता है।'

जनवरी 2025 में कंपनी ने कार की कीमतों में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। दिसंबर 2024 में इसकी घोषणा की गई थी। वहीं, फरवरी में भी कार की कीमतों में इतनी ही बढ़ोतरी की गई थी।

### टाटा वाणिज्यिक वाहनों के दाम दो प्रतिशत तक बढ़ाएगी

घरेलू वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स ने कहा कि वह कच्चे माल के दाम बढ़ने की वजह से अपने वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में अप्रैल महीने से दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी। कंपनी के वाणिज्यिक वाहनों की कीमतें एक अप्रैल, 2025 से दो प्रतिशत तक बढ़ जाएंगी। टाटा समूह की कंपनी ने कहा कि कीमतों में यह बढ़ोतरी कच्चे माल की लागत में वृद्धि की भरपाई के लिए की गई है और यह अलग-अलग मॉडल और संस्करण के हिसाब से अलग-अलग होगी।

## जनवरी में थोक महंगाई 2.31 प्रतिशत पर थी

# सब्जी, तेल व तेय पदार्थ महंगे होने से थोक महंगाई बढ़कर 2.38 प्रतिशत पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस साल फरवरी में थोक कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति मामूली रूप से बढ़कर 2.38 प्रतिशत हो गई। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। जनवरी में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति 2.31 प्रतिशत के स्तर पर थी।

लगातार तीन माह की गिरावट के बाद डब्ल्यूपीआई में मामूली वृद्धि देखी गई। सब्जी, तेल और पेय जैसे विनिर्मित खाद्य पदार्थ महंगे होने के कारण फरवरी, 2025 में महंगाई बढ़ी। एक साल पहले फरवरी, 2024 में थोक कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति 0.2 प्रतिशत थी।

### कपड़ा आदि के मूल्यों में भी बढ़ोतरी

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने बयान में कहा कि फरवरी, 2025 में मुद्रास्फीति की दर में हुई वृद्धि मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों, खाद्य वस्तुओं, अन्य विनिर्मित वस्तुओं, गैर-खाद्य वस्तुओं और कपड़ा आदि के मूल्यों में वृद्धि के कारण है। कुल मिलाकर विनिर्मित उत्पाद सूचकांक फरवरी में 0.42 प्रतिशत बढ़ा।

### खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट आने की संभावना

इक्रा के वरिष्ठ अर्थशास्त्री राहुल अग्रवाल ने कहा कि आने वाले वक्त में अच्छी फसल और ऊंचे आधार प्रभाव से डब्ल्यूपीआई-खाद्य मुद्रास्फीति में और गिरावट आने की उम्मीद है। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि सामान्य से अधिक तापमान खाद्य मुद्रास्फीति के लिए जोखिम पैदा करता है। उन्होंने कहा कि इक्रा को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 में डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति औसतन 2.5-3 प्रतिशत रहेगी।

- लगातार तीन माह की गिरावट के बाद डब्ल्यूपीआई में वृद्धि
- फरवरी में महंगाई खाद्य वस्तुएं महंगी होने से बढ़ी
- पेय पदार्थों की महंगाई मामूली रूप से 1.66 फीसदी बढ़ी



### वनस्पति तेल में 33.59 प्रतिशत की वृद्धि

विनिर्मित खाद्य उत्पादों की मुद्रास्फीति बढ़कर 11.06 प्रतिशत हो गई, वनस्पति तेल में 33.59 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पेय पदार्थों की मुद्रास्फीति महीने के दौरान मामूली रूप से बढ़कर 1.66 प्रतिशत हो गई। हालांकि, सब्जियों की कीमतों में नरमी आई और आलू की मुद्रास्फीति 74.28 प्रतिशत से घटकर 27.54 प्रतिशत पर आ गई।

### होलसेल प्राइस इंडेक्स का आम आदमी पर असर

थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर उत्पादक क्षेत्र पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं।

### डब्ल्यूपीआई में ज्यादा भार मेटल व केमिकल का होता है

जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि, सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है। डब्ल्यूपीआई में ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल, प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्ट्री से जुड़े सामानों का होता है।

### फल व प्याज की कीमतें बढ़ी

दूध की कीमतों में वृद्धि पिछले महीने के 5.40 प्रतिशत से घटकर 1.58 प्रतिशत पर आ गई। फलों और प्याज की कीमतें क्रमशः 20 प्रतिशत और 48.05 प्रतिशत बढ़ीं। ईंधन और बिजली श्रेणी में फरवरी में 0.71 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। जबकि पिछले महीने इसमें 2.78 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

# आईपीएल से पहले जियो की जियोहॉटस्टार सेवा मुफ्त




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- नए ग्राहकों को 90 दिन के लिए मिलेगी मुफ्त सेवा
- सेवा का लाभ उठाने 299 रुपए से अधिक का रिचार्ज कराना होगा

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) शुरू होने के साथ ही, दूरसंचार कंपनी जियो ने जियो के ऐसे मौजूदा और नए ग्राहकों को 90 दिन के लिए मुफ्त जियोहॉटस्टार सेवा की घोषणा की है, जो 299 रुपये या उससे अधिक का प्लान चुनते हैं या रिचार्ज करते हैं।

अभी से 31 मार्च, 2025 के बीच 299 रुपये (1.5 जीबी/दिन या अधिक) या उससे अधिक प्लान के साथ रिचार्ज करने वाले मौजूदा जियो सिम उपयोगकर्ता इस पेशकश का लाभ उठा पाएंगे। इनके अलावा, वे लोग भी इस पेशकश का लाभ उठा पाएंगे, जो इस अवधि के दौरान 299 रुपये (1.5जीबी/दिन या अधिक) या उससे अधिक प्लान के साथ नया जियो सिम लेते हैं। आधिकारिक बयान के अनुसार, "...क्रिकेट प्रेमियों के लिए, जियो ने मौजूदा और नए जियो सिम ग्राहकों के लिए एक विशेष पेशकश की घोषणा की है। सिर्फ़ एक जियो सिम और 299 रुपये या उससे ज़्यादा के प्लान के साथ, ग्राहक अभूतपूर्व क्रिकेट सीज़न का बेहतरीन अनुभव कर सकते हैं।" इसमें कहा गया है कि घर के लिए 50 दिन का मुफ्त जियोफाइबर/एयरफाइबर ट्रायल कनेक्शन भी उपलब्ध कराया जाएगा।

### ऐड-आन पैक भी चुन सकते हैं

जिन ग्राहकों ने 17 मार्च से पहले रिचार्ज किया है, वे 100 रुपये का 'ऐड-ऑन' पैक चुन सकते हैं। जियो हॉटस्टार पैक 22 मार्च, 2025 (क्रिकेट सीजन के शुरुआती मैच के दिन) से 90 दिन की अवधि के लिए सक्रिय हो जाएगा।

# घरेलू शेयर बाजार की गिरावट थमी, सेंसेक्स 341 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक बाजारों में तेजी और बैंकिंग शेयरों में लिवाली से सोमवार को घरेलू शेयर बाजार पांच दिन की गिरावट से उबरने में सफल रहे।

- वैश्विक बाजारों में तेजी दर्ज की गई
- बैंकिंग शेयरों में खरीदारी तेज रही
- निफ्टी में 112 अंक की तेजी दर्ज

सेंसेक्स में 341 अंक और निफ्टी में करीब 112 अंक की तेजी दर्ज की गई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 341.04 अंक चढ़कर 74,169.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 547.44 अंक उछलकर 74,376.35 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी 111.55 अंक बढ़कर 22,508.75 अंक पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह तगड़ी बिकवाली का सामना करने वाले इंडसइंड बैंक का शेयर भारतीय रिजर्व बैंक के आश्वासन के बाद 5.30 प्रतिशत तक उछलने के बाद 0.72 प्रतिशत की बढ़त पर बंद हुआ।

शनिवार को रिजर्व बैंक ने ग्राहकों को आश्वस्त किया था कि निजी क्षेत्र के इस बैंक के पास पर्याप्त पूंजी उपलब्ध है।



*एशिया के बाजार सकारात्मक दायरे में बंद : एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के बाजार दोपहर के सत्र में बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार तेजी के साथ बंद हुए थे।*

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स की कंपनियों में से बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, अदाणी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक, जोमैटो और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी रही। इसके उलट, आईटीसी, नेस्ले, भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।

# फरवरी में बांड म्यूचुअल फंड से 6,525 करोड़ रुपए की निकासी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बांड आधारित म्यूचुअल फंड में फरवरी में 6,525 करोड़ रुपए की निकासी हुई, जबकि पिछले महीने इस खंड में 1.28 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह हुआ था।

समीक्षाधीन महीने में कम अवधि के फंड में जोरदार निकासी हुई। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के मुताबिक, इस दौरान 16 में 10 बांड म्यूचुअल फंड श्रेणियों ने शुद्ध निकासी दर्ज की। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के वरिष्ठ विश्लेषक, प्रबंधक शोध नेहल मेश्राम ने कहा, ''छोटी अवधि में निकासी के बावजूद, बांड फंड में महत्वपूर्ण आवंटन जारी है, और आने वाले महीनों में बाजार की स्थितियां बेहतर होने के साथ प्रवाह स्थिर हो सकता है। आंकड़ों के अनुसार, इस निकासी के बावजूद, बांड म्यूचुअल फंड का परिसंपत्ति आधार फरवरी के अंत में मामूली रूप से बढ़कर 17.08 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो जनवरी के अंत में 17.06 लाख करोड़ रुपये था।

आंकड़ों के अनुसार, बांड म्यूचुअल फंड में फरवरी में 6,525 करोड़ रुपये की निकासी हुई, जबकि इससे पिछले महीने इसमें 1.28 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह हुआ था।



- पिछले महीने इस खंड में 1.28 लाख करोड़ का प्रवाह हुआ था

*नियत आय काफी हद तक नकारात्मक रही*

*टाटा एसेट मैनेजमेंट के मुख्य कारोबार अधिकारी आनंद वरदराजन ने कहा, ''नकदी और कॉरपोरेट बांड श्रेणियों को छोड़कर, नियत आय काफी हद तक नकारात्मक रही।''*

### स्विगी इंस्टामार्ट ने देश के 100 शहरों में किया विस्तार

**नई दिल्ली।** त्वरित वाणिज्य (क्विक कॉमर्स) मंच स्विगी इंस्टामार्ट ने सोमवार को कहा कि उसने 10 मिनट में आपूर्ति की बढ़ती मांग को देखते हुए अपना विस्तार कर देशभर के 100 शहरों, खासकर दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में किया है। स्विगी इंस्टामार्ट ने बयान में कहा कि इसके साथ, लाखों नए ग्राहकों के पास अब 30,000 से अधिक उत्पादों तक पहुंच है, जिसमें किराना का सामान और दैनिक आवश्यक वस्तुओं से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स, स्मार्टफोन, फैशन, मेकअप, खिलौने और बहुत कुछ शामिल हैं, जिनकी आपूर्ति 10 मिनट में की जाती है। कंपनी ने कहा कि पिछले महीने, स्विगी इंस्टामार्ट ने रायपुर, सिलीगुड़ी, जोधपुर और तंजावुर जैसे शहरों में अपनी सेवा शुरू की।

# शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 13 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- कर संग्रह 16 मार्च तक बढ़कर 21.26 लाख करोड़

चालू वित्त वर्ष (2024-25) में अबतक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 13.13 प्रतिशत बढ़कर 21.26 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इसमें अग्रिम कर संग्रह में वृद्धि का प्रमुख योगदान रहा। सरकार ने अग्रिम कर की चार किस्तों से 14.62 प्रतिशत वृद्धि के साथ 10.44 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 9.11 लाख करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष के लिए अग्रिम कर भुगतान की अंतिम किस्त 15 मार्च, 2025 को देय थी। कॉरपोरेट कर श्रेणी के तहत अग्रिम कर संग्रह 12.54 प्रतिशत बढ़कर 7.57 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि गैर-कॉरपोरेट श्रेणी में अग्रिम कर संग्रह 20.47 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2.87 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। आयकर अधिनियम की धारा 208 के अनुसार, जिस व्यक्ति की अनुमानित कर देयता 10,000 रुपये से अधिक होने की संभावना है (स्रोत पर कर कटौती और संग्रह - टीडीएस और टीसीएस पर विचार करने के बाद) उसे उस वर्ष अग्रिम कर का भुगतान करना आवश्यक है। इसमें वेतनभोगी करदाता भी शामिल हैं।

### एयरटेल पेमेंट्स बैंक का एक अरब लेनदेन का आंकड़ा पार




**नई दिल्ली।** एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने जनवरी 2025 तक अपने मंच पर एक अरब लेनदेन का आंकड़ा पार कर लिया। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि यह विभिन्न व्यवसायों में लेनदेन की मात्रा में सालाना 47 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ अनुव्रत विश्वास ने पीटीआई-भाषा को बताया कि यह उपलब्धि डिजिटल बैंकिंग और भुगतान समाधानों को अपनाने में वृद्धि को दर्शाती है। बैंक तीन प्रमुख ग्राहक खंडों- शहरी डिजिटल, कम बैंकिंग पहुंच वाले क्षेत्रों और उद्योगों तथा संस्थानों को सेवाएं देता है। विश्वास ने कहा कि भारत में बैंक की व्यापक डिजिटल उपस्थिति और पांच लाख से अधिक बैंकिंग पॉइंट्स के व्यापक वितरण ने शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों में लाखों ग्राहकों तक अपनी सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## सोने में 1300 रुपए का बड़ा उछाल

# वैश्विक मजबूती से सोना 90,750 रुपए के नए शिखर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- चांदी भी नए रिकार्ड स्तर पर

अमेरिकी शुल्क को लेकर अनिश्चितता, व्यापार तनाव और फेडरल रिजर्व द्वारा मौद्रिक नीति में ढील की बढ़ती उम्मीदों के बीच वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के चलते सोमवार को दिल्ली सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में उछाल दर्ज हुआ।

सोने की कीमत 1,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के उछाल के साथ नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना लगातार चौथे दिन मजबूत हुआ। आज इसकी कीमत 1,300 रुपये के उछाल के साथ 90,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गई।

### ट्रंप की नीतियों से बढ़ी मांग

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी के अनुसार, कई कारकों ने कीमती धातुओं की रिकॉर्ड-तोड़ तेजी में योगदान दिया है, जिनमें केंद्रीय बैंकों द्वारा खरीद और वैश्विक आर्थिक अस्थिरता शामिल है। इसके अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार और आर्थिक नीतियों के कारण सुरक्षित पनाहगाह समझी जाने वाली परिसंपत्तियों की मांग बढ़ी है।



### चांदी की कीमतें एक लाख के पार

चांदी की कीमतें भी 1,300 रुपये बढ़कर 1,02,500 रुपये प्रति किलोग्राम के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं। बृहस्पतिवार को चांदी 1,01,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 14.48 डॉलर बढ़कर 2,998.90 डॉलर प्रति औंस हो गया। शुक्रवार को इसने 3,000 डॉलर प्रति औंस के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार कर लिया था।

### जनवरी से अब तक 14.31 फीसदी का उछाल

इस साल अब तक, सोने की कीमतें एक जनवरी को 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम से 11,360 रुपये या 14.31 प्रतिशत बढ़कर 90,750 रुपये हो गई है। शुक्रवार को होली के अवसर पर सराफा बाजार बंद थे।

### कॉमेक्स में सोना वायदा में तेजी

कॉमेक्स सोना वायदा 3,007 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। शुक्रवार को इसने 3,017.10 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड उच्चस्तर को छुआ था। मेहता ने कहा, ''मुद्रास्फीति घटने के कारण अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में और कटौती की उम्मीद बढ़ने के कारण सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई के करीब बनी हुई हैं।''

**राजनीतिक जोखिम बढ़े :** मेहता ने कहा कि भू-राजनीतिक जोखिमों ने सराफा की कीमतों को मजबूत किया है, क्योंकि अमेरिका ने पुष्टि की है कि वह यमन के हूतियों के खिलाफ तब तक हमले जारी रखेगा जब तक कि वे लाल सागर में जहाजों पर हमले बंद नहीं कर देते, जिससे क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है।

### कोल्टे-पाटिल रियल्टी में हिस्सेदारी के लिए ब्लैकस्टोन की पेशकश




**नई दिल्ली।** वैश्विक निवेश फर्म ब्लैकस्टोन पुणे स्थित रियल्टी कंपनी कोल्टे-पाटिल डेवलपर्स लिमिटेड में सार्वजनिक शेयरधारकों से 758.56 करोड़ रुपये में 26 प्रतिशत तक हिस्सेदारी जुटाने के लिए खुली पेशकश लेकर आई है।

पिछले हफ्ते कोल्टे-पाटिल डेवलपर्स ने घोषणा की थी कि ब्लैकस्टोन 1,150 करोड़ रुपये में कंपनी में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। इसके साथ ही ब्लैकस्टोन भारतीय आवास बाजार में प्रवेश करने जा रहा है।

## चिंतन

# विदेशों में भारत विरोधी गतिविधियां अस्वीकार्य

अमेरिका व यूरोप समेत विदेशी मुल्कों से भारत विरोधी गतिविधियों और भारत के खिलाफ आतंकवाद को लेकर नई दिल्ली काफी मुखर है। पिछले दो तीन वर्ष में कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया में भारत विरोधी गुटों की गतिविधियां सामने आई हैं। भारत द्विपक्षीय वार्ता में संबंधित मुल्कों को अपनी चिंता से अवगत कराता रहा है और ऐसे गुटों, संगठनों व लोगों पर कार्रवाई की मांग करता रहा है। खलिस्तान समर्थकों के प्रति हमदर्दी के चलते ही कनाडा के भारत से संबंध में कड़वाहट आई। भारत की यात्रा पर आए न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लुक्शन के साथ बातचीत में पीएम नरेन्द्र मोदी ने न्यूजीलैंड में भारत विरोधी गतिविधियों पर नई दिल्ली की चिंता जाहिर की है। भारत और न्यूजीलैंड ने अपने रक्षा एवं सुरक्षा संबंधों को संस्थागत रूप देने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत ने अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) तुलसी गबार्ड के सामने भी खालिस्तानी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' पर प्रतिबंध लगाने और इसकी भारत-विरोधी गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यूएस डीएनआई तुलसी गबार्ड से एसएफजे की गतिविधियों पर अमेरिका से ठोस कदम उठाने का आग्रह किया है। भारत ने यूएस से कहा है कि 'सिख फॉर जस्टिस' अमेरिकी धरती से भारत के खिलाफ उकसावे वाली और हिंसक गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है, जो दोनों देशों के संबंधों के लिए भी खतरा बन सकता है। भारत ने एसएफजे को 2019 से ही गैरकानूनी घोषित कर रखा है। सिख फॉर जस्टिस को भारत सरकार खालिस्तानी अलगाववादी समूह मानती है। इसकी स्थापना 2007 में अमेरिका में गुरपतवंत सिंह पन्नू ने की थी। संगठन का मुख्य लक्ष्य पंजाब को भारत से अलग कर एक स्वतंत्र खालिस्तान राष्ट्र की स्थापना करना है। तुलसी गेबार्ड ने पीएम मोदी से भी मुलाकात की है, जिसमें भी उन्हें खालिस्तानी आतंकवाद के प्रति भारत की चिंता से अवगत कराया है। भारत नई दिल्ली के खिलाफ आतंकवादी व अलगाववादी गतिविधियों को खत्म करने के प्रति प्रतिबद्ध है और विदेशी धरती पर ऐसे किसी भी कुकृत्य को हल्के में नहीं ले रहा है। चाहे यूरोप हो, अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, या फिर पाकिस्तान हो, किसी भी जगह नई दिल्ली विरोधी गतिविधियों को भारत बर्दाश्त नहीं करेगा। हालांकि अमेरिकी खुफिया प्रमुख तुलसी गेबार्ड ने भारत में पाक समर्थित हमले को इस्लामी आतंक कहा है और इससे दुनिया को खतरा होने की बात कही है, उन्होंने प्रेसिडेंट ट्रंप के इस्लामी आतंकवाद से लड़ने के वादे की बात भी दोहाई है, लेकिन व्यवहार में अमेरिका का आचरण खालिस्तानी आतंकवादियों को लेकर भारतीय रुख से मेल नहीं खाता है। भारत की चिंता को एड्रेस करने के लिए अमेरिका को बहुत कुछ करना होगा। इस बीच, प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी पोडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन के साथ बातचीत में एक साथ अमेरिका और चीन से संतुलित कूटनीति को आगे बढ़ाया है। आने वाले वक्त में इन दोनों महाशक्तियों के साथ भारत किस तरह संतुलन साधते हुए आगे बढ़ेगा, इसकी रूपरेखा स्पष्ट कर दी है। पीएम ने ट्रंप की तारीफ की और चीन के साथ सकारात्मक संबंध की वकालत की। भारत की इस संतुलित कूटनीति से अपने खिलाफ चल रहे आतंकवादी व अलगाववादी गतिविधियों के खात्मे में मदद मिलेगी। विदेशी सरकारें अगर उनके यहां चल रहे भारत विरोधी गतिविधियों को लेकर चुप रहेंगी या अनदेखी करेंगी तो भारत न चुप रहेगा न शांत बैठेगा।



पोडकास्ट विश्लेषण
अवधेश कुमार

# संघ की समावेशी सोच से रूबरू विश्व

> राजनीतिक विश्लेषक मानेंगे कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव के दौरान एक वक्तव्य से पैदा संभ्रम को समाप्त कर पूरे संगठन परिवार में सही संदेश स्थापित करने की दृष्टि से ऐसा कर रहे हैं। अभी भी आप संघ के बारे में दुराग्रह, वैचारिक विरोध या घृणा के आलोक में देखेंगे तो सही निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकते। प्रधानमंत्री ने बिल्कुल सही कहा कि वामपंथी विचारधाराओं ने दुनिया के मजदूरों एक हो जाओ का नारा देते हुए बताया कि पहले आप एक हो जाओ और हम बाकी कुछ संभाल लेंगे। संघ के मजदूर संघों ने नारा दिया, 'मजदूरों दुनिया को एक करो'। आप सोचिए जो लोग संघ को विभाजनकारी मानते हैं उसने इस छोटे से शब्द के द्वारा कितना बड़ा बदलाव सोच और व्यवहार में लाया होगा।

स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार देश के शीर्ष पर बैठे किसी व्यक्ति या प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर इतने विस्तार से बातचीत की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ तीन घंटे के अपने लंबे पॉडकास्ट में अनेक विषयों बातचीत की जिनमें संघ भी एक महत्वपूर्ण विषय था। अगर साक्षात्कार लेने वाला दुराग्रह या पूर्वाग्रह न पाले तो सकारात्मक दृष्टि से उसके साथ बातचीत संभव है और इससे सही परिप्रेक्ष्य लोगों के समक्ष आता है। हाल के दिनों में प्रधानमंत्री ने तीसरी बार संघ पर अपना मत प्रकट किया है और सबमें सुसंगति है , स्वर एक ही है। पिछले 21 फरवरी, 2025 को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित 98 अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन के उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा था कि वेद से विवेकानंद तक भारत की महान परंपरा और संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक संस्कार यज्ञ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले 100 वर्षों से चला रहा है। मेरा सौभाग्य है कि मेरे जैसे लाखों लोगों को आरएसएस ने देश के लिए जीने की प्रेरणा दी है। उसके पहले 12 अक्टूबर, 2024 को संघ के शताब्दी वर्ष में प्रवेश करने पर सरसंचालक डॉ. मोहन भागवत के एक वीडियो का लिंक साझा करते हुए उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया था कि राष्ट्र सेवा में समर्पित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस आज अपने 100 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। अविरल यात्रा के इस ऐतिहासिक प्रभाव पर समस्त स्वयंसेवकों को मेरी हार्दिक बधाई और अनंत शुभकामनायें। मां भारती के लिए यह संकल्प और समर्पण देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करने के साथ ही विकसित भारत को साकार करने में भी ऊर्जा भरने वाला है। फ्रिडमैन के साथ उन्होंने संघ की विचारधारा ,उत्पत्ति, संगठन की कला और उससे जुड़े संगठनों के विराट स्वरूप पर विस्तार से बातचीत की है।

राजनीतिक विश्लेषक मानेंगे कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव के दौरान एक वक्तव्य से पैदा संभ्रम को समाप्त कर पूरे संगठन परिवार में सही संदेश स्थापित करने की दृष्टि से ऐसा कर रहे हैं। देखने वालों की दृष्टि है किंतु संघ के स्वयंसेवक और संगठन परिवार के कार्यकर्ता इसे संपूर्ण जीवन लगा देने वाले एक वरिष्ठ स्वयंसेवक के सही मंतव्य के रूप में ही लेंगे। वास्तव में जिन्हें संघ समझना हो वे इसे उस रूप में लेंगे तो समस्या नहीं आएगी। अभी भी आप संघ के बारे में प्रत्यक्ष साकार से परे दुराग्रह, वैचारिक विरोध य घृणा के कारण लिखने - बोलने के आलोक में देखेंगे तो सही निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकते। प्रधानमंत्री के पूरे वक्तव्य का मूल समझना हो तो उनकी इस पंक्ति को आधार बनाना होगा कि आरएसएस आपके जीवन में एक स्पष्ट दिशा प्रदान करता है जिसे वास्तव में जीवन का उद्देश्य कहा जा सकता है। दूसरी बात, राष्ट्र सब कुछ है और लोगों की सेवा करना भगवान की सेवा के समान है यह वैदिक युग से कहा गया, हमारे ऋषि मुनियों ने जो कहा, विवेकानंद जी ने जो कहा, उसका संघ प्रतिनिधित्व करता है। आरएसएस पर निष्पक्षता से अध्ययन करने वाले उनके इस बात से शत- प्रतिशत सहमत होंगे। संघ को संघ की दृष्टि से समझने की कोशिश करने वाले प्रधानमंत्री की बात से सहमत होंगे कि संघ को समझना इतना आसान



नहीं है। इसके काम की प्रकृति को वास्तव में समझने के लिए प्रयास करना पड़ता है। उन्होंने अपने बारे में स्पष्ट किया कि उनके जीवन में एक दिशा, राष्ट्र की सेवा और लक्ष्य को पाने की प्रेरणा, संकल्प तथा काम करने की अंतःशक्ति केवल संघ के स्वयंसेवक होने के कारण मिले जो बाद में अध्यात्म और संतों के कारण सशक्त होते हुए आगे बढ़ा।

वास्तव में यह आम सक्रिय स्वयंसेवकों के सामूहिक अनुभवों की श्रेष्ठ अभिव्यक्ति है। संघ के स्वयंसेवकों से पूछिए कि संघ आपको क्या सिखाता है तो कहेंगे कि जिस तरह हम परिवार की चिंता करते हैं उसी तरह देश की करें। दूसरी बात यह बताएंगे कि कोई हमारा सहयोग करें न करे, साथ आए न आए उसका प्रयास करते हुए भी राष्ट्र की सेवा, आमजन की सेवा, उन्हें समुन्नत्त शिक्षित करते हुए देश को वैभव तक ले जाना है। स्वयंसेवक से जब आप राजनीति पर प्रश्न करेंगे तभी शायद कोई उत्तर मिलेगा और अनेक उत्तर भी नहीं देंगे। राजनीति हम पर इतना हावी है कि उसके बाहर हम सोचने और देखने की आसानी से कल्पना नहीं करते इसलिए यह चरित्र समझ में नहीं आता। प्रधानमंत्री मोदी ने इसलिए संघ के विविध कार्यों को भी फ्रिडमैन के माध्यम से दुनिया के समक्ष रख दिया है। अब विश्व समुदाय को महसूस होगा कि वाकई 100 वर्षों में इस संगठन ने मुख्यधारा के ध्यान से दूर रहकर अनुशासन और भक्ति के साथ स्वयं को देश सेवा, मानवता की सेवा में समर्पित किया है और इसी कारण आज विश्व में इससे बड़ा कोई संगठन नहीं और न इतने बड़े संगठन परिवार बनने की कोई सोच सकता है। उदाहरण के लिए उन्होंने संघ के अनुषांगिक संगठनों में सेवा भारती की चर्चा की जो 1 लाख 25 हजार सेवा परियोजनाएं बिना सरकारी सहायता केवल समाज की मदद से चला रहा है। यह उन झुग्गी - झोपड़ियों और बस्तियों में बच्चों को पढ़ाने, उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखने, स्वच्छता के साथ अन्य प्रकार की मदद देने का काम करते हैं जहां सबसे गरीब लोग रहते हैं। दूसरे, वनवासियों के बीच संघ का बनवासी कल्याण आश्रम आज जंगलों में पूरा समय लगाकर जनजातियों की सेवा के काम करने में लगा है जो 70 हजार से ज्यादा एकल विद्यालय चलता है। उन्हें धन कैसे मिलता है तो प्रधानमंत्री के अनुसार अमेरिका के कुछ लोग 10 से 15 डॉलर दान देते हैं और उन्हें कहा जाता है कि एक कोका कोला नहीं पीयो उतना पैसा विद्यालय को दो और फिर एक महीने कोका कोला छोड़ दो और उस पैसे को एकल विद्यालय को दो। यह बाहर से समझ नहीं आएगा लेकिन जरा सोचिये कि इतनी संख्या में एकल शिक्षक इतने बच्चों को वर्षों से शिक्षित कर रहे हैं तो कितने छात्र इससे निकले होंगे और उन्हें किसी आत्मनिर्भर बनने और राष्ट्र के लिए काम करने की प्रेरणा मिलती है। इसी तरह स्वयंसेवकों ने शिक्षा में क्रांति के लिए विद्या भारती की स्थापना की जिसके इस समय लगभग 25 हजार विद्यालय हैं जिनमें 30 लाख से ज्यादा छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। आसानी से कल्पना की जा सकती है कि इतने वर्षों में कितने करोड़ छात्र निकले होंगे और वहां से प्राप्त समग्र शिक्षा के साथ जीवन मूल्य ,कौशल आदि से वो समाज पर बोझ न बनाकर परिवार और राष्ट्र की सेवा का समन्वय बनाते हुए काम कर रहे होंगे। जानकारों को पता है कि समाज जीवन का कोई क्षेत्र नहीं जहां संघ सक्रिय नहीं है। प्रधानमंत्री ने बिल्कुल सही कहा कि वामपंथी विचारधाराओं ने दुनिया के मजदूर एक हो जाओ का नारा देते हुए बताया कि पहले आप एक हो जाओ और हम बाकी कुछ संभाल लेंगे। संघ प्रशिक्षित स्वयंसेवकों के मजदूर संघों का नारा दिया, 'मजदूर दुनिया को एक करो'। आप सोचिए जो लोग संघ को विभाजनकारी मानते हैं उसने इस छोटे से शब्द के द्वारा कितना बड़ा बदलाव सोच और व्यवहार में लाया होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

डॉकिंग
योगेश कुमार गोयल



# स्पैडेक्स मिशन की सफलता ने खोले अंतरिक्ष के नए द्वार

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने स्पैडेक्स (स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट) मिशन के तहत अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को सफलतापूर्वक अनडॉक कर ऐसी ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, जो भारत की अंतरिक्ष अन्वेषण यात्रा में कई आगामी अंतरिक्ष मिशनों को अंजाम देने में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। इसरो द्वारा अनडॉकिंग प्रक्रिया के दौरान एक सटीक क्रम का पालन किया गया, जिसमें एसडीएक्स-01 और एसडीएक्स-02 उपग्रहों का अलगाव सफलतापूर्वक पूरा हुआ। इस प्रक्रिया में पहले एसडीएक्स-02 का विस्तार किया गया, फिर कैप्चर लीवर-3 को योजनाबद्ध तरीके से रिलीज किया गया और अंततः एसडीएक्स-02 में कैप्चर लीवर का विघटन किया गया। इन तकनीकी चरणों के बाद दोनों उपग्रहों में डिकैप्चर कमांड जारी किया गया, जिससे वे स्वतंत्र रूप से अलग हो गए। भारत के अंतरिक्ष अभियानों के लिए यह एक बहुत बड़ी तकनीकी सफलता मानी जा रही है। अंतरिक्ष में उपग्रहों को एक साथ जोड़ने की प्रक्रिया को 'डॉकिंग' और अलग करने की प्रक्रिया को 'अनडॉकिंग' कहा जाता है। स्पैडेक्स मिशन में 'अनडॉकिंग' का अर्थ था अंतरिक्ष में डॉक किए जाने के बाद दो उपग्रहों, एसडीएक्स-01 और एसडीएक्स-02 को अलग करना ताकि वे स्वतंत्र रूप से काम कर सकें। दो उपग्रहों की सफल अनडॉकिंग के साथ ही भारत के लिए चंद्रमा की खोज, मानव अंतरिक्ष उड़ान और अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन बनाने जैसे भविष्य के मिशनों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खुल गए हैं। स्पैडेक्स उपग्रहों द्वारा अंतरिक्ष में अविश्वसनीय अनडॉकिंग को सफलतापूर्वक पूरा करने की प्रक्रिया के बाद भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, चंद्रयान-4 और गगनयान सहित भविष्य के कई महत्वाकांक्षी मिशनों को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इससे पहले भारत कई प्रयासों के बाद 16 जनवरी को दोनों उपग्रहों (एसडीएक्स-01 और एसडीएक्स-02) को सफलतापूर्वक 'डॉक' कराकर अंतरिक्ष क्षेत्र में एक लंबी छलांग लगाकर विश्व के चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हो गया था। 30 दिसंबर 2024 को लांच किए गए 'स्पैडेक्स' मिशन का उद्देश्य भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए आवश्यक रेंडेजवस, डॉकिंग और अनडॉकिंग तकनीकों का प्रदर्शन करना था। जनवरी की शुरुआत में इस मिशन के तहत उपग्रहों को डॉकिंग से पहले 15 मीटर की दूरी से घटाकर तीन मीटर तक लाया गया था। उस सफलता के साथ ही अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की स्थिति मजबूत हो गई थी और वह अमेरिका, रूस तथा चीन जैसे देशों की कतार में शामिल हो गया था।

16 जनवरी 2025 को इसरो ने 'स्पैडेक्स' मिशन की शानदार सफलता के साथ अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में एक नया मील का पत्थर स्थापित किया था। उस मिशन के तहत इसरो ने पहली बार अंतरिक्ष में दो उपग्रहों की सफलतापूर्वक डॉकिंग कराई थी, जिसके साथ ही भारत इस जटिल तकनीक में महारत हासिल करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया था। इससे पहले केवल अमेरिका, रूस और चीन ही इस तकनीक को सफलतापूर्वक अंजाम दे पाए थे। स्पैडेक्स मिशन की सफल डॉकिंग के बाद अब अनडॉकिंग की सफलता ने न केवल इसरो की तकनीकी क्षमता को पूरी दुनिया के समक्ष साबित किया है बल्कि भारत को अंतरिक्ष में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बहुत बड़ा महत्वपूर्ण कदम भी बढ़ाया है। इसरो के स्पैडेक्स मिशन का उद्देश्य अंतरिक्ष में दो उपग्रहों के बीच डॉकिंग और अनडॉकिंग तकनीक का प्रदर्शन करना था, जो भविष्य के भारत के अंतरिक्ष अभियानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस मिशन के तहत दो छोटे उपग्रहों एसडीएक्स-01 (चेजर) और एसडीएक्स-02 (टारगेट) को 30 दिसंबर 2024 को पीएसएलवी-सी60 रॉकेट के माध्यम से श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया गया था और दोनों उपग्रहों को 475 किलोमीटर की ऊंचाई पर एक गोलाकार कक्षा में स्थापित किया गया था। डॉकिंग प्रक्रिया के दौरान 16 जनवरी को चेजर उपग्रह ने टारगेट उपग्रह की पहचान की, उसका संरेखण किया और सफलतापूर्वक उससे जुड़ गया। इस प्रक्रिया में उन्नत सेंसर, एल्गोरिदम और एक्ट्यूएटर्स का उपयोग किया गया। डॉकिंग के बाद दोनों उपग्रहों का एकीकृत नियंत्रण सफलतापूर्वक पूरा किया गया, जो इस तकनीक में भारत की महारत का प्रमाण था। भारत के लिए इस मिशन की सफलता बेहद महत्वपूर्ण इसीलिए है क्योंकि अंतरिक्ष में 'डॉकिंग' की प्रक्रिया बेहद जटिल होती है और इसके लिए उच्च स्तरीय सटीकता की जरूरत है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार तथा सामरिक मामलों के विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## जन्म से प्रारंभ व मृत्यु के साथ समाप्त होती है यात्रा



संकलित
दर्शन

शरीर में समाहित ऊर्जापुंज को आत्मा कहा गया है। यह आत्मा अनंत ऊर्जा अर्थात परमात्मा का एक अति सूक्ष्म अंशमात्र है। भौतिक जगत में रहते हुए यह भौतिक शरीर एक यात्री के सदृश होता है। शरीर के जन्म के साथ ही यात्रा प्रारंभ होती है एवं मृत्यु के उपरांत समाप्त हो जाती है। अर्थात भौतिक शरीर के लिए जीवन एक यात्रा के समतुल्य है। जन्म के साथ ही ऊर्जापुंज अर्थात आत्मा भौतिक शरीर से संयुक्त होकर उसकी यात्रा में सहयात्री की भूमिका का निर्वहन करने लगता है एवं मरणोपरांत स्वयं को यात्रा से अलग कर लेता है। यह कहा जा सकता है कि भौतिक शरीर की यात्रा का आदि और अंत स्पष्टतः ज्ञात होता है, परंतु ऊर्जापुंज जिसे आत्मा कहकर संबोधित किया जाता है, अपनी यात्रा के आदि और अंत से सर्वथा अपरिचित होता है। आत्मा की यात्रा कब और क्यों प्रारंभ हुई तथा कब और क्यों पूर्ण होगी? इन प्रश्नों का हल आज भी एक चुनौती के रूप में खड़ा है। ऊर्जापुंज अगणित भौतिक शरीरों की भौतिक यात्रा में सहयात्री की भूमिका को निभाता हुआ अपनी अनंत दिव्ययात्र को जारी रखता है। अर्थात आत्मा की इस अलौकिक यात्रा में अनंत लौकिक यात्राएं शामिल होती हैं। इस अलौकिक यात्रा के संबंध में केवल इतना ही कहा जा सकता है कि यह यात्रा अनंत से प्रारंभ होकर अनंत पर ही पूर्ण होगी, किंतु अनंत को परिभाषित करना भी असंभव है। अनंत को अज्ञात का पर्याय माना जा सकता है।

## सेवा का समर्पण भाव



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती। तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। बिना सोचे समझे पहले ही किसी पर अपनी नाराजगी जाहिर करना ठीक नहीं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पग-पग पर आज व्यसनों का बाजार लगा

जो पुरुषार्थ करते हैं, उन्हें आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषार्थ ही काम आता है। फिर वह पुरुषार्थ चाहे अर्थ का हो या धर्म का। पुरुषार्थ, पुरुषार्थ होता है। वर्तमान युग में व्यसनों के चक्र से बचने वाले को भी पुरुषार्थी समझना चाहिए। पग-पग पर आज व्यसनों का बाजार लगा है। इस बाजार की हवा से आप दूर रहें, यह आपके पुरुषार्थ से ही संभव है। व्यसनों से बचकर चलने वालों के साथ समृद्धि चलती है। जो व्यसन के जाल में फंस गया, वह दरिद्रता को आमंत्रण देता है। सज्जन व्यक्ति व्यसनग्रस्त लोगों से व्यसन त्यागने के लिए उन्हें प्रेरित करके उनका कल्याण चाहता है। सरकार भी चाहती है कि समाज व्यसनों से मुक्त बने। *-कांतिलाल मांडोत*


## ट्रेंड

### गायत्री स्पिवक को बधाई



मैं प्रोफेसर गायत्री चक्रवर्ती स्पिवक को मानविकी और सामाजिक विज्ञान में सबसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों में से एक 'होलबर्ग प्राइज- 2025' के लिए चुने जाने पर बधाई देती हूं। मैं गांवों में गरीब-हितैषी स्वैच्छिक सेवाओं के साथ स्पिवक के जुड़ाव से प्रभावित हूं। **-ममता बनर्जी, सीएम**

### रेटिना स्कैन सही नहीं



महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) से संबंधित एक व्यवस्था के तहत महिलाओं को रैटिना स्कैन के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करानी होगी और ऐसे में उन्हें घूंघट हटाना पड़ेगा जो स्थानीय संस्कृति पर हमला है।
**- राजकुमार रोत, सांसद**

### पर्रिकर को श्रद्धांजलि



पूर्व केंद्रीय रक्षा मंत्री व गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर की पुण्यतिथि पर मेरी विनम्र श्रद्धांजलि पर्रिकर को उनकी प्रशासनिक कुशलता के लिए हमेशा याद किया जाएगा।
**-प्रमोद सावंत, सीएम, गोवा**

### भारत का लक्ष्य महत्वाकांक्षी



भारत ने 2070 तक शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है, लेकिन इसके लिए और अधिक महत्वाकांक्षी होने की आवश्यकता है। भारत को अपने शुद्ध शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में अन्य देशों के साथ तालमेल बिठाना चाहिए।
**-हेलेन क्लार्कसन, क्लाइमेट ग्रुप प्रमुख**

## करंट अफेयर


# न्यूयार्क में भारतीय मूल की चार महिलाएं सम्मानित



न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास और 'फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन' (एफआईए) ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय मूल की चार प्रतिष्ठित महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया। सम्मानित की गई महिलाओं में 'जे.पी. मॉर्गन' में सलाहकार और विलय एवं अधिग्रहण की वैश्विक प्रमुख अनु अयंगर, 'ए-सीरीज मैनेजमेंट एंड इन्वेस्टमेंट्स' की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एवं संस्थापक अंजुला अचारिया, 'एलडीपी वेंचर्स' की सीईओ एवं संस्थापक तथा 'विमेंस एंटरप्रेन्योरशिप डे ऑर्गेनाइजेशन' की संस्थापक वेंडी डायमंड और सीएनबीसी की पत्रकार एवं प्रस्तोता सीमा मोदी शामिल हैं। न्यूयॉर्क में पिछले सप्ताह सातवें वार्षिक अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में भारतीय महावाणिज्य दूतावास द्वारा इन्हें सम्मान दिया गया। एफएआई द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं और इस कार्यक्रम में 'अलग-अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए इन महिलाओं को सम्मानित किया गया।'

## ऑफ बीट

# डिमेंशिया जिसका कोई इलाज अब तक नहीं



पैंसठ वर्ष की एक महिला अपनी कमजोर होती याददाश्त के लिए बार-बार इलाज कराती हैं। पहले तो उन्हें बताया गया कि इसमें चिंता की कोई बात नहीं है, फिर एक साल बाद कहा गया कि यह 'सामान्य रूप से बुढ़ापा है।' आख़िरकार, समझ में आया: 'यह अल्जाइमर है जिसका कोई इलाज नहीं है।' इस तरह के परिदृश्य बहुत आम हैं। काफी हद तक डिमेंशिया का पता नहीं चल पाता है, कनाडा जैसे उच्च आय वाले देशों में भी, जहां पता न चलने वाले मामलों की दर 60 प्रतिशत से अधिक है। मान्यता है कि बुजुर्गों में संज्ञानात्मक हानि सामान्य है और चिकित्सकों में डिमेंशिया के लक्षणों और जांच मानदंडों को लेकर ज्ञान की कमी को इसकी शुरुआत में पहचान नहीं होना और देर से पता चलने के मुख्य कारण के तौर पर पहचाना गया है। आयु से संबंधित स्मृतिलोप को केवल सामान्य उम्र बढ़ने का हिस्सा मानकर अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए। कभी-कभी यह भूल जाना कि हमने कार कहां खड़ी की थी या हमने अपनी चाबी कहां छोड़ी थी, ऐसा हर किसी के साथ हो सकता है, लेकिन जब ऐसी स्थितियां बार-बार होने लगती हैं तो चिकित्सकीय सलाह लेना जरूरी होता है। कई व्यक्तियों की सोचने और जानकारी याद रखने की क्षमता में हल्के बदलाव का अनुभव करने से डिमेंशिया नहीं होगा।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

**मप्र के नगरों के सुव्यवस्थित विकास के लिए महत्वपूर्ण निर्णय**

# 2 मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के गठन की चल रही कार्रवाई, मप्र को आर्थिक विकास केंद्र के रूप में स्थापित करने में मिलेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में औद्योगिक विकास और निवेशकों को बढ़ावा देने के साथ-साथ नगरों के सुव्यवस्थित विकास के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। राज्य में 2 मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र (महानगर) की कार्रवाई नगरीय प्रशासन विभाग की ओर से की जा रही है। पहला मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र इंदौर-उज्जैन-देवास और धार जबकि दूसरा मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र भोपाल-सीहोर-रायसेन-विदिशा-ब्यावरा (राजगढ़) को मिलाकर विकसित करने की कार्रवाई चल रही है। इनके गठन से मप्र को एक आर्थिक विकास केन्द्र के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी।

पहला मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र इंदौर-उज्जैन-देवास और धार

दूसरा क्षेत्र भोपाल-सीहोर-रायसेन-विदिशा-ब्यावरा

## मप्र की नगरीय क्षेत्र की भूमि है बहुमूल्य संसाधन

### ऑनलाइन प्रक्रिया के लिए टीडीआर पोर्टल तैयार किया



मप्र की नगरीय क्षेत्र की भूमि बहुमूल्य संसाधन है, जिसका सुव्यवस्थित उपयोग शहरी विकास के लिए अति आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए टीडीआर (ट्रांसफर ऑफ डेवलपमेंट राइट्स) नियम बनाए गए हैं। इन नियमों के क्रियान्वयन के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया निर्धारित की गई है। ऑनलाइन प्रक्रिया के लिए टीडीआर पोर्टल तैयार किया गया है। यह पोर्टल भवन निर्माताओं और सम्पत्ति मालिकों को विकास अधिकारों के हस्तांतरण की सुविधा प्रदान करता है। इससे उन्हें मुआवजे के रूप में अतिरिक्त निर्माण क्षमता प्राप्त होती है।

### ग्रीन एफएआर कॉन्सेप्ट प्रस्तुत

ग्रीन एफएआर कॉन्सेप्ट को इंटीग्रेटेड टाउनशिप पॉलिसी के तहत हरित क्षेत्र, यूडेड क्षेत्र और सिटी फॉरेस्ट के विकास के लिए प्रस्तुत किया गया है। यह कॉन्सेप्ट न केवल शहरी सौंदर्य को निखारेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। प्रदेश में भवन निर्माण की अनुमति को प्रक्रिया को पारदर्शी और जवाबदेही व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए ऑटोमेटिक बिल्डिंग परमीशन और अप्रूवल सिस्टम विकसित किया गया है। प्रदेश में अब तक 2 लाख 60 हजार आवेदनों को स्वीकृत किया गया है।

### इंटीग्रेटेड टाउनशिप पॉलिसी

*राज्य सरकार ने सतत शहरी विकास को प्रोत्साहित करने के लिए इंटीग्रेटेड टाउनशिप पॉलिसी-2025 बनाई है। इस नीति का उद्देश्य निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की भागीदारी के माध्यम से सुव्यवस्थित, आधुनिक और आत्मनिर्भर टाउनशिप विकसित करना है। यह नीति बेहतर बुनियादी सुविधाएं, हरित आवासीय क्षेत्र और स्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देगी। इस नीति में लैण्ड पूलिंग कॉन्सेप्ट को भी अपनाया गया है, जिससे भूमि स्वामियों को उचित मुआवजे के साथ विकास में भागीदारी का अवसर मिलेगा।*

---

**मुख्यमंत्री ने भिंड स्थित अतिशय क्षेत्र बरासो में सुमेरु पर्वत निर्माण का किया शिलान्यास**

# जनसामान्य की मूलभूत जरूरतों के साथ उनकी आध्यात्मिक उन्नति के लिए भी सरकार प्रतिबद्ध

## सीएम डॉ. यादव कार्यक्रम में भोपाल से वर्चुअली हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार जनसामान्य की मूलभूत आवश्यकताओं के साथ-साथ उनकी आध्यात्मिक उन्नति के लिए भी काम कर रही है। विश्व में भारत की पहचान हमारे आध्यात्मिक विचारों तथा जियो और जीने दो के सिद्धांत को व्यवहार में क्रियान्वित करने से निर्मित हुई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव भिंड में स्थित अतिशय क्षेत्र बरासों में सुमेरु पर्वत निर्माण के शिलान्यास कार्यक्रम को राजकीय विमानतल भोपाल से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। बरासो में 414 फीट ऊंचे सुमेरू पर्वत का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत की ख्याति सबको जीने का हक देने वाले देश के रूप में रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व में, जीवन के सभी क्षेत्रों में गौरव अर्जित कर रहा है। भारतीय ज्ञान परम्परा के आध्यात्मिक तेज के साथ-साथ विश्व में देश की साख और धाक बढ़ रही है।

**खास बातें**

- बरासो में 414 फीट ऊंचे सुमेरू पर्वत का किया जाएगा निर्माण
- भारत की ख्याति सबको जीने का हक देने वाले देश के रूप में है



### धर्म, संस्कृति और अध्यात्म के क्षेत्र में गतिविधियों का हुआ विस्तार

*भिंड के बरासो में आयोजित कार्यक्रम को नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, दिगम्बर संत आचार्य 108 सुबल सागर महाराज, परम पूज्य रामदास महाराज ने भी संबोधित किया। मंत्री शुक्ला ने यहां बनने वाली गो-शाला, विद्यालय और अस्पताल आदि के लिए दान देने वाले दानदाताओं तथा अन्य सहयोगियों का आभार माना। आचार्य 108 सुबल सागर महाराज ने कहा कि सात्विक, सदाचारी, शाकाहारी मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश में धर्म, संस्कृति और अध्यात्म के क्षेत्र में गतिविधियों का विस्तार हुआ है।*

### दुग्ध उत्पादन पर गो-पालकों को प्रोत्साहन राशि देने की व्यवस्था

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में गो-पालन को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष पहल की जा रही है। प्रदेश में दूध उत्पादन के साथ-साथ दूध के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। दुग्ध उत्पादन पर गो-पालकों को प्रोत्साहन राशि देने की व्यवस्था की गई है। गो-शालाओं को दिए जा रहे अनुदान को भी बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुग्ध उत्पादन में मप्र का स्थान भारत में तीसरा है, हमारा प्रयास प्रदेश को देश में नंबर वन बनाने का है। दूध पर 5 रुपए प्रति लीटर बोनस की व्यवस्था की जाएगी, इससे कृषकों की आय बढ़ेगी और समाज सम्पन्न होगा।

### नई शिक्षा नीति के माध्यम से ज्ञानार्जन के क्षेत्र में भी विशेष नवाचार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बरासो में बनाए जाने वाले स्कूल, कॉलेज, अस्पताल सहित अन्य जनकल्याण कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति के माध्यम से ज्ञानार्जन के क्षेत्र में भी विशेष नवाचार किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बरासो के ऐतिहासिक, पुरातात्विक और धार्मिक महत्व पर प्रकाश डाला।

### टीकाकरण अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वस्थ बचपन सशक्त भविष्य का आधार है। टीकाकरण बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाकर उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्युनिटी) को मजबूत बनाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए प्रदेशवासियों से टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर जनता से आह्वान किया है।

---

**कीटनाशक का आवश्यकता के अनुसार ही करें इस्तेमालः मंत्री कंसाना**

# ग्रीष्मकालीन मूंग फसल में कीटनाशक व नीदानाशक का कम से कम करें उपयोग

*ग्रीष्मकालीन मूंग में अत्यधिक रासायनिक दवाओं का उपयोग हानिकारक*

*प्रदेश में 14.39 लाख हेक्टेयर में उगाई जा रही है ग्रीष्मकालीन मूंग फसल*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे ग्रीष्मकालीन मूंग फसल में कीटनाशक एवं नीदानाशक का उपयोग कम से कम करें। मूंग फसल में अत्यधिक रासायनिक दवाओं का दुष्प्रभाव मानव स्वास्थ्य, मृदा स्वास्थ्य, जल एवं पर्यावरण पर सामने आया है। ऐसे में वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों की ओर से कई तरह की बीमारियां जन्म लेने की आशंका व्यक्त की गई हैं।



किसान मूंग फसल की पैदावार के लिए ऐसा चक्र अपनाएं, जिससे ग्रीष्मकालीन मूंग प्राकृतिक रूप से अपने समय पर पक सके। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग पर कहा कि यद्यपि मूंग की पैदावार से प्रदेश में किसानों की आय में वृद्धि हुई है। किसान इसे जल्दी पकाने के लिए कई बार नीदानाशक दवा (पेराक्वाट डायक्लोराइड) का छिड़काव करते हैं। इस दवा के अंश मूंग फसल में कई दिनों तक विद्यमान रहते हैं, जो मानव स्वास्थ्य एवं पशु-पक्षियों के लिए अत्यंत हानिकारक हैं।

### किसानों को जैविक खेती के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा

मंत्री कंषाना ने बताया कि कृषि एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञों, पर्यावरणविद् और कृषि सुधार के क्षेत्र में कार्य कर रहे संगठनों ने अनुसंधान रिपोर्ट के आधार पर मूंग फसल में आवश्यकतानुसार ही कीटनाशकों के उपयोग का सुझाव दिया है। राज्य सरकार जैविक खेती को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहित कर रही है एवं किसानों को जैविक खेती के लिए प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

### ग्रीष्मकालीन मूंग बनी किसानों के लिए तीसरी फसल का अच्छा विकल्प

प्रदेश के नर्मदापुरम, हरदा, सीहोर, नरसिंहपुर, बैतूल, जबलपुर, विदिशा, देवास और रायसेन में सहित कई जिलों में ग्रीष्मकालीन मूंग किसानों के लिए तीसरी फसल का अच्छा विकल्प बन चुकी है। वर्तमान में मूंग की फसल 14.39 लाख हेक्टेयर रकबे में लगाई जा रही है। इसका उत्पादन 20.29 लाख मीट्रिक टन है। प्रदेश में ग्रीष्मकालीन मूंग का औसत उत्पादन 1410 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर है।

---

**मुख्य आरोपियों में दो नाबालिग सहित पांच सह आरोपी गिरफ्तार**

# सक्ति से उड़ीसा ले जाकर छात्रा से दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ति

जिले में 12वीं की छात्रा का अपहरण कर उड़ीसा में ले जाकर उसके साथ पेट्रोल पंप के महिला शौचायल में दुष्कर्म करने वाला मुख्य आरोपी हुलाश साहू सहित अपहरण में साथ देने वाले 5 सहयोगियों को पकड़ा गया है जिसमें 2 नाबालिक भी है। पूरे मामले का एसडीओपी अधिकारी ने खुलासा किया है। घटना हसौद थाना क्षेत्र की है। पीड़िता से मिली जानकारी अनुसार वह 12वीं की छात्रा है और हसौद में रहकर पढ़ाई करती है।

वहीं किराए के मकान पर थी। होली पर्व को लेकर छुट्टी होने पर 12 मार्च को अपने घर जाने के लिए शाम 5 बजे परसाद रोड पर बस का इंतजार कर रही थी। तभी काले रंग की स्कॉर्पियो वाहन में हुलाश साहू अपने अन्य 5 साथियों के साथ आया और हसौद से घर छोड़ने की बात कहते हुए स्कॉर्पियो वाहन में बैठा लिया। पीड़िता ने बताया कि हुलाश साहू को पहचानती थी इस दौरान चाट में मिला नशीला पदार्थ मिलाकर खिलाकर अपहरण कर उड़ीसा राज्य लेकर चला गया। हुलाश साहू ने उड़ीसा के बुरला शहर के एक पेट्रोल पंप में महिला प्रसाधन में ले जाकर जबरदस्ती करते हुए रेप किया जिसके बाद किसी को इसके बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी दी। वही उसके सहयोगी बाहर खड़े हुए थे, जिसके बाद रात को ही उड़ीसा से लेकर घर छोड़ दिया। घर पहुंचने के बाद अपने साथ हुई घटना की जानकारी परिजनों को दी। जिस पर हसौद थाने में पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराया।



---

**16 लाख के नक्सली दंपति और 29 लाख के इनामी नक्सलियों समेत 19 ने किया सरेंडर**

# लाल आतंक को पहुंचा जोरदार झटका बड़ी संख्या में नक्सलियों ने किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

एक बार फिर लाल आतंक को बड़ा झटका लगा है। 16 लाख के इनामी नक्सली दंपति और 29 लाख के इनामी नक्सली सहित 19 नक्सलियों ने नक्सलपंथ से तौबा करते हुए आतंक के रास्ते को छोड़कर समाज की मुख्य धारा से जुड़ने आत्मसमर्पण कर दिया है।

इनमें से 8-8 लाख के इनामी पति-पत्नी समेत 29 लाख के 10 इनामी सहित 19 नक्सली शामिल हैं। इसी के साथ इस वर्ष अब तक 84 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्य धारा में लौटे है। वहीं 137 नक्सली गिरफ्तार किये गए हैं जबकि 56 नक्सली मुठभेड़ में मारे गये हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 8 लाख के इनामी देवा पदम और आठ लाख की इनामी दुले कलमु ये दोनों पति-पत्नी हैं ने सरेंडर किया है। इसके साथ ही पांच लाख के इनामी एसीएम सुरेश कट्टाम, दो लाख की इनामी सोनी पुनेम, एक लाख के इनामी नारायण कट्टाम, एक लाख के इनामी अन्दा माड़वी, एक लाख के इनामी बामी कुहरामी ने सरेंडर किया है। इसके अलवा नागा कटटम, शंकर कड़ती, मुन्ना पोड़ियाम, सहला वाम, नरसिंह राम पोड़ियाम, शंकर माड़वी, लखमा ताती, पाण्डू माड़वी, जोगा सोड़ी, पिड़गा कटटम, एर्रा सोढ़ी और चिन्नाबी काका ने सरेंडर किया है।



---

**सुहेला तहसीलदार पर गिरी निलंबन की गाज**

# किसान के कीटनाशक सेवन करने के मामले में तहसीलदार निलंबित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के सुहेला तहसील में किसान ने अपने बेटे के साथ कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी। इस मामले में प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए सुहेला तहसीलदार कुणाल सेवईया को निलंबित कर दिया है। इस संबंध में आज महानदी भवन मंत्रालय से आदेश जारी किया गया है। आदेश के तहत निलंबित तहसीलदार कुणाल सेवईया को बस्तर मुख्यालय अटैच किया गया है। उल्लेखनीय है कि, 12 मार्च को किसान ने तहसीलदार के दुर्व्यवहार एवं धमकी से परेशान होकर तहसील कार्यालय परिसर में कीटनाशक का सेवन कर लिया था।

---

**12 से ज्यादा फायरब्रिगेड पहुंचीं 5 घंटों में पाया काबू**

# छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल के स्टोर रूम में भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

गर्मी में लगातार आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ स्थित कोतरा रोड में छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल के स्टोर रूम में सोमवार की सुबह सात बजे आग लग गई। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

इतनी भीषण आग लगी थी कि इसका धुआं कई किलोमीटर दूर से देखा गया। आग की लपटें फैलते चली गईं और कोतरा रोड के तीन से ज्यादा कालोनियों में रहने वाले रहवासी अपना-अपना मकान छोड़कर जान बचाकर भागे। सुबह में कोतरा रोड विद्युत मंडल के स्टोर रूम में रखे ट्रांसफार्मर के तार में अचानक आग लगने के बाद धुआं इतना तेजी से फैला कि लोगों का दम घुटने लगा। इस आग लगने की जानकारी पर बिजली विभाग के अधिकारियों ने नगर निगम की फायर ब्रिगेड सहित अन्य फायर ब्रिगेड को मौके पर बुलाने की सहायता मांगी। 12 से ज्यादा फायर ब्रिगेड की टीम ने 5 से अधिक घंटों के बाद इस आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि ईग से 20 से 25 लाख का नुकसान हुआ है।



### तकरीबन 20 से 25 लाख के नुकसान की आशंका

*इस संबंध में विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता मनीष तनेजा व स्टोर विभाग के बडे अधिकारी गुंजन शर्मा का कहना है कि यहां आग लगी है। वहां बड़ी मात्रा में पुरानी ट्रांसफार्मर व तार रखे हुए थे और अब तक आग से 20 से 25 लाख का नुकसान होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि आग जब से लगी है उसे बुझाने के प्रयास किये जा रहे हैं और नये ट्रांसफार्मर व अन्य सामानों तक आग नहीं पहुंची है। फैलती आग को रोकने के लिये आसपास के उद्योगों व नगर निगम की फायर ब्रिगेड की सहायता ली गई है। उन्होंने इस बात को माना कि नगर निगम की फायर ब्रिगेड काफी देर बाद यहां पहुंची। सबसे बड़ी बात यह रही कि आज ही राजधानी रायपुर से सौ से अधिक नये ट्रांसफार्मर रायगढ़ के इस स्टोर में पहुंचे थे जो गाड़ियों में लोड होने के चलते बच गए और अंदर भी जहां पर नये ट्रांसफार्मर रखे हुए थे वह भी आग की चपेट में नहीं आये।*

### मौके पर तत्काल पहुंचे आला अधिकारी

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, रायगढ़ एसडीएम प्रवीण तिवारी सहित अन्य अधिकारी भी वहां पूरी टीम के साथ पहुंचे और लगातार फैलते आग को बुझाने में लगे कर्मचारियों से चर्चा की। साथ ही साथ पुलिस अधीक्षक ने विद्युत विभाग के बड़े अधिकारी व स्टोर प्रभारी गुंजन शर्मा से भी इसकी जानकारी ली और आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिये भी कहा। उनकी उपस्थिति में एनटीपीसी, जिंदल, अडानी व नलवा की कई फायर ब्रिगेड पहुंची और फैलती आग पर काबू पाने के लिये भी युद्ध स्तर पर प्रयास किया गया।



---

**नैक मूल्यांकन पर एक बार फिर उठा सवाल**

# दर्जनों उपलब्धियां कॉलेज के खाते में... बावजूद बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महविद्यालय भेल को फिर मिला बी++ ग्रेड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महविद्यालय भेल को हाल ही में नेक द्वारा बी++ ग्रेड दिया गया है। इससे पहले भी इसे बी++ ग्रेड मिला था। इससे एक बार फिर नेक मूल्यांकन प्रक्रिया पर सवाल उठने लगे हैं। इससे पहले 2017 में भी भेल कालेज को नेक द्वारा बी++ ग्रेड दिया गया था।

अब वर्ष 2024 में कई उपलब्धियों के बावजूद बी++ ग्रेड दिया गया है। महाविद्यालय प्रशासन ने इस बार अक्टूबर 2024 में नेक मूल्यांकन में बी+ मिलने पर पुर्नमूल्यांकन की अपील की थी। जनभागीदारी अध्यक्ष बारेलाल अहिरवार ने केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से भी इसे लेकर गुहार लगाई। इस पर नेक ने अपील स्वीकार कर आनलाइन रीविजिट प्रक्रिया अपनाकर फिर मूल्यांकन किया, जिसके बाद बी++ ग्रेड मिला है।

### कॉलेज के खाते में यह हैं बड़ी उपलब्धियां

इस मामले में प्राचार्य डॉ. संजय जैन का कहना है कि वर्ष 2017 से 2024 तक भेल कॉलेज को अनेक उपलब्धियां हासिल हुई हैं। इनमें विश्व बैंक द्वारा निर्मित 650 लाख रुपए लागत का नवीन भवन, 6 स्मार्ट क्लास, वर्चुअल कांफ्रेंस रूम, ई-ग्रंथालय, ओपन जिम, कम्प्यूटर लैब, उन्नत प्रयोगशालाएं, बॉटनीकल गार्डन, एनएसएस की अतिरिक्त इकाई, पंजीयत एलमिनॉय एसोसिएशन, आईटी सुविधा युक्त परिसर, आरोग्यम, हरीतिमा जैसी बेस्ट प्रेक्टिसेज, विभिन्न 27 संस्थाओं से एमओयू, वेल्यू एडड कोर्स का संचालन इनमें प्रमुख उपलब्धियों हैं। आईक्यूएसी को-आर्डिनेटर डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव ने बताया कि इतनी उपलब्धियों के बावजूद भी बी+ ग्रेड मिलने पर विभिन्न 21 बिन्दुओं पर नेक को पुनर्मूल्यांकन के लिए अपील की गई हैं। इसमें 11 बिन्दु क्यूएनएम (क्वानटीटेटिव मैट्रिक्स) संबंधी थे। यह मुख्यतः शिक्षा की गुणवत्ता मूल्यांकन, शोध और विस्तार मूल्यांकन एवं प्रशासन और प्रबंध मूल्यांकन पर आधारित हैं, जबकि 10 बिन्दु क्यूएलएम (क्वालिटेटिव मैट्रिक्स) से सम्बंधित थे, जो शिक्षा गुणवत्ता में सुधार, शिक्षण पद्धति में सुधार और छात्रों की उपलब्धि पर आधारित हैं।

### ऐसे मिला बी++ ग्रेड

को-आर्डिनेटर डॉ. श्रीवास्तव के अनुसार नेक द्वारा क्यूएनएम के लिए पहले से दिए गए एसएसआर (सेल्फ स्टडी रिपोर्ट) के आधार पर पुनर्मूल्यांकन किया गया। क्यूएलएम के लिए आनलाइन विजिट कर केवल पांच बिन्दुओं का ही पुनर्मूल्यांकन किया गया है। इनमें प्रमुख रूप से क्रॉस कटिंग इश्यू, आंतरिक एवं बाह्य मूल्यांकन प्रक्रिया की पारदर्शिता, प्रोग्राम आउटकम और कोर्स आउटकम प्रदर्शन, आईटी फेसिलिटी और एलमिनाय एसोसिएशन का कन्ट्रीब्यूशन पर आधारित रहा है। आईक्यूएसी के इन बिन्दुओं से संतुष्ट होकर नेक ने पुनर्मूल्यांकन के बाद बी++ग्रेड दिया है। आईक्यूएसी सहित कॉलेज स्टाफ का मानना है कि इस महाविद्यालय का परफार्मेंस ए ग्रेड के बराबर है। यदि अपील के सभी बिन्दुओं पर नेक पुनर्विचार कर निष्पक्ष पुनर्मूल्यांकन करता तो ए ग्रेड पाया जा सकता था।

### उच्च शिक्षा विभाग ने आंका ए+ ग्रेड का

उच्च शिक्षा विभाग और राज्य स्तरीय नैक सेल द्वारा की जा रही मॉनिटरिंग और दो बार के मॉक टीम विजिट में भेल कॉलेज को ए और ए प्लस ग्रेड के समकक्ष आंका गया था। ऐसे में नेक द्वारा बी+ देना सवाल खड़े करता है। सरकारी कॉलेज होने के कारण स्टाफ और इंफ्रास्ट्रक्चर पर शासकीय निर्भरता रहती है। कॉलेज को उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करना होता है, जो कॉलेज प्रशासन द्वारा संभवतः किया गया है। महाविद्यालय से जुड़ा हर हितग्राही चाहे वह छात्र-छात्राएं हों, एलमिनॉय, अभिभावक, स्थानीय रहवासी, जनप्रतिनिधि और जनभागीदारी सदस्य हों। सभी मानते हैं कि वर्ष 2017 से 2024 तक कॉलेज का तेजी से विकास हुआ है।

## देवी की पूजा और आराधना का आठ दिन का रहेगा पर्वकाल

# सर्वार्थसिद्धि योग में 30 मार्च से चैत्र नवरात्र की होगी शुरुआत

जबलपुर।

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर 30 मार्च को देवी आराधना का पर्व चैत्र नवरात्र का आरंभ होगा। तिथि मतांतर से इस बार नवरात्र आठ दिन के रहेंगे। खास बात यह है कि महापर्व के दौरान चार दिन रवियोग तथा तीन दिन सर्वार्थसिद्धि योग का संयोग रहेगा।साधना, आराधना की दृष्टि से यह योग बेहद महत्वपूर्ण है। इन योगों में की गई साधना साधक, आराधक को शुभ व मनोवांछित फल प्रदान करती है। ज्योतिषाचार्य ने बताया चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर 30 मार्च को रविवार के दिन वासंती नवरात्र का आरंभ होगा।



### सर्वार्थसिद्धि योग होने से इसकी शुभता और बढ़ी

इस दिन रेवती नक्षत्र, बव करण तथा मनी राशि उपरांत मेष राशि का चंद्रमा रहेगा। पंचांग के इन पांच अंगों की मौजूदगी में घट स्थापना का अनुक्रम रहेगा। रेवती पंचक का नक्षत्र है, ऐसे में नवरात्र में की गई देवी की साधना, आराधना पांच गुना शुभफल प्रदान करेगी। इस दिन सर्वार्थसिद्धि योग होने से इसकी शुभता और भी बढ़ गई है। क्योंकि सर्वार्थसिद्धि योग सभी प्रकार की सिद्धि प्रदान करने वाला मना गया है।इस बार नवरात्र का आरंभ और रेवती नक्षत्र में होने से यह विशेष फल प्रदान करेगी क्योंकि रेवती नक्षत्र पंचक का पांचवां नक्षत्र माना जाता है। पांचवां नक्षत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से आरंभ होता है, तो विशेष कल्याणकारी माना गया है। अलग-अलग प्रकार के धर्म ग्रंथो में विशेष कर मुहूर्त चिंतामणि में इसका उल्लेख दिया गया है। इस दृष्टि से भी नवरात्र के दौरान की गई साधना विशेष फल प्रदान करेगी।

### तिथि का क्षय होने से 8 दिन की नवरात्रि

इस बार नवरात्र आठ दिनों के रहेंगे। अलग-अलग पंचांगों में तिथि को लेकर के अलग-अलग प्रकार की गणना में बताया गया है। कुछ पंचांगों में तृतीया, कुछ पंचांग में द्वितीया तथा कुछ पंचांग में तृतीया व चतुर्थी संयुक्त दी गई है। इस दृष्टि से गणना का अलग-अलग प्रभाव दिया गया है।



# काशी, अयोध्या और प्रयागराज की यात्रा कर लौटे समाचार पत्र वितरक

## होली के रंग समाचार पत्र वितरकों के संग

हरिभूमि, जबलपुर।



होली की छुट्टी में शहर के 140 पत्र वितरक राकेश सुहाने के सौजन्य से काशी, अयोध्या एवं प्रयागराज की यात्रा करके वापस लौटे। 14 मार्च की शाम 6 बजे कचनार सिटी से शुरू हुई इस यात्रा का समापन 17 तारीख की सुबह 4 बजे हुआ। पत्र विक्रेताओं का दल, सबसे पहले काशी गए। वहां पर राजघाट में गंगा स्नान के बाद काल भैरव मंदिर में शनि देव के दर्शन किए। उसके बाद अच्छी खासी भीड़ होने के कारण तीन घंटे लाइन लगने के बाद बाबा विश्वनाथ के दर्शन हुए। बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने के बाद, समाचार पत्र वितरक अयोध्या के लिए रवाना हो गए। अयोध्या में सबसे पहले हनुमानगढी के दर्शन किए, उसके बाद रामलला के दर्शन हुए। रामलला के दर्शन के बाद सभी समाचार पत्र वितरक प्रयागराज में स्नान करने के बाद सोमवार की सुबह 4 बजे सभी लोग सकुशल जबलपुर वापस आ गए।

# गरीब नवाज कमेटी ने निराश्रित का कराया अंतिम संस्कार

**जबलपुर।** राम मंदिर जीसीएफ निवासी संतोष ठाकुर की पत्नी श्रीमती लक्ष्मी ठाकुर (42 वर्ष) का निधन अज्ञात बीमारी के कारण मेडीकल में हो गया। राहगीरों द्वारा गरीब नवाज कमेटी को सूचना मिली कि संतोष ठाकुर अपनी पत्नी के शव के साथ रविवार शाम 5 बजे से राम मंदिर जीसीएफ के समीप बैठा है और उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण पत्नी का अंतिम संस्कार नहीं कर पा रहा है। जिसके बाद गरीब नवाज कमेटी ने सहयोग कर मृतका का अंतिम संस्कार उसके पति संतोष ठाकुर के हाथों रानीताल मुक्तिधाम में कराया।



इस कार्य में गरीब नवाज कमेटी के रियाज अली, दीपक निगम, बच्चू नानकानी, मो. अयाज, अफरोज मंसूरी ने सहयोग प्रदान किया।

# उर्स व अफ़्तार ए आम में शरीक हुए हज़ारों लोग

**जबलपुर।** रमजान मुबारक के सोलहवें रोजे पर ईदगाह कला रानीताल में हजरत मौलाना शाह अब्दुल करीम नक्शबंदी अलेहीरहमत के 128वे सालाना उर्स शरीफ के मौके पर विशाल अफ़्तार ए आम का एहतेमाम मुफ्ती ए आज़म मध्यप्रदेश हजरत मौलाना मोहम्मद मुशाहिद रज़ा कादरी बुरहानी की सरपरस्ती में किया गया, जिसमें हज़ारों रोजेदारों ने शिरकत की। उर्स शरीफ में अपरान्ह बाद नमाज जुहर कुरान ख्वानी की गई जिसके उपरांत मजार शरीफ पर चादरपोशी की गई। सांय मगरिब के वक्त विशाल अफ्तार ए आम का एहतेमाम किया गया। मगरिब की अजान बुलंद होने पर हज़ारों लोगों ने एक साथ अफ्तार किया। अफ्तार ए आम में बड़ी तादाद में महिलाएँ व मासूम बच्चे भी शरीक हुए। अफ्तार उपरांत मगरिब की सामूहिक नमाज अदा की गई और मुल्क की तरक्की खुशहाली की दुआएं मांगी गईं।





### डॉ. अजय वाधवानी ने अनिरुद्राचार्य महाराज से की मुलाक़ात

**जबलपुर।** मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण जबलपुर अध्यक्ष डॉ. अजय वाधवानी ने वृंदावन आश्रम में अनिरुद्राचार्य महाराज से मुलाक़ात की और उनसे आचार्य के लिए जो 21000 प्रतिमान वेतन और 11000 पेंशन की बात मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश के पास जो रखी गई है उससे अवगत कराया। उन्होंने इस मामले पर हरसंभव मदद और जबलपुर आकार साथ देने की बात कही।



### श्रीनगर जैन मंदिर में आचार्यद्वय के चरण चिन्ह स्थापित

**जबलपुर।** दादा गुरु आचार्य भगवंत श्री 108 ज्ञानसागर महाराज एवं उनके शिष्य संत शिरोमणि आचार्य भगवंत श्री 108 विद्या सागर महाराज के चरण कमलों की स्थापना उनके ही अनुगामी शिष्य निर्यापक श्रमण श्री 108 संभव सागर महाराज ससंघ एवं उनकी ही पथानुगामी शिष्या आर्यिका श्री 105 मृदु मति माता ससंघ के सानिध्य में 1008 श्री याग्मंडल विधान के साथ श्रीनगर जैन मंदिर में की गई। प्रतिष्ठाचार्य पं अशोक दानी के निर्देशन में आचार्य भगवंत विद्यासागर महाराज के चरण कमलों को छतरी निर्माण करवाकर स्थापित करने का सौभाग्य श्रावक श्रेष्ठी अशोक, अनिल जैन, अध्यक्ष (वारदाना परिवार) को प्राप्त हुआ वहीं दादा गुरु आचार्य ज्ञानसागर महाराज के चरण कमलों को स्थापित करने का सौभाग्य श्रावक श्रेष्ठी राजेंद्र रानी जैन ( कोयला परिवार) एवं कमल सुनीता जैन ( कोषाध्यक्ष) परिवार को प्राप्त हुआ। श्रावक श्रेष्ठी चरणों पर अभिषेक कर धन्य हुए और जन मानस ने चरण रज स्वरुप गंधोदक लगाकर अपने माथे को धन्य किया। समिति के अध्यक्ष अनिल वारदाना ने मिष्ठान वितरण कर खुशियों का इजहार किया।

# प्रदेश के 31 जिला उपभोक्ता आयोग में अध्यक्ष नहीं!

**पिछले 7 वर्षों से हो रहा उपभोक्ताओं के अधिकारों का हनन**

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश में उपभोक्ता अधिकारों का हनन भी दुखद कहानी यह है कि पिछले 7 वर्षों से जिला उपभोक्ता आयोग में लगातार रिक्त पदों पर नियुक्तियां नहीं हुई है। स्वयं राज्य उपभोक्ता कमीशन की वेबसाईट में 31 जनवरी 2025 की तिथि में यह स्पष्ट किया गया है कि प्रदेश 51 जिला उपभोक्ता आयोग में से 31 में अध्यक्ष का पद रिक्त पड़े हैं।इस गंभीर स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए डॉ.पीजी नाजपांडे ने आज मुख्य न्यायाधीश मप्र हाईकोर्ट को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप करने का निवेदन किया है। उन्होंने बताया कि एक जिला आयोग के अध्यक्ष को अब 2 या 3 अध्यक्षों का कार्य करना पड़ रहा है, नतीजन उपभोक्ताओं के शिकायतों पर देरी से निराकरण हो रहा है, जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष लंबित प्रकरणों का अंबार लगा है। समय पर न्याय नहीं मिलने स उपभोक्ता निराश है तथा जो उपभोक्ता आयोग काम कर रहे हैं, उनके ऊपर अतिरिक्त भार पड़ा है।वर्ष 2018 में डॉ. पीजी नाजपांडे द्वारा लिखे गए पत्र को मुख्य न्यायाधीश ने जनहित याचिका के रुप में स्वीकार किया गया था, जिस पर शासन ने अंडरटेकिंग देकर जल्द से जल्द नियुक्तियां करने का आश्वासन दिया था, लेकिन जब आश्वासन पर कार्रवाई नहीं हुई तब वर्ष 2021 में अवमानना याचिका दायर की गई, अब इसे भी 3 वर्ष बीतने के बावजूद भी 51 जिला उपभोक्ता आयोग में से 31 में अध्यक्ष के पद रिक्त पड़े हैं। मंच के रजत भार्गव, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, एड.प्रभात यादव, एड.जीएस सोनकर, एड.रजत साहू ने मप्र शासन को उपभोक्ताओं के हितों में जल्द से जल्द पद भरने की कार्रवाई करने का निवेदन किया है।

### कमला नेहरू नगर गढ़ा व्यापारी संघ का होली मिलन 19 को

**जबलपुर।** कमला नेहरू नगर गढ़ा रोड व्यापारी संघ एवं संपूर्ण ब्राह्मण मंच के संयुक्त तत्वावधान में 19 मार्च को पूर्वान्ह 11:30 बजे से ब्रिज बाइक सेंटर गढ़ा मेन रोड में रंग चमी उत्सव मनाया जाएगा। होली मिलन जुलूस प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी सभी व्यापरिक प्रतिष्ठानों से होते हुए निकाला जाएगा जो रेलवे क्रॉसिंग, लेबर चौक, यादव कॉलोनी, दया नगर चौक पहुंचकर संपन्न होगा। व्यापारियों से उपस्थिति की अपील अध्यक्ष धनंजय वाजपेई, अखिलेश मेहता, विजय गुप्ता, सुरेश सोनी, राकेश चक्रवर्ती, डॉक्टर अरुण मिश्रा, यदुवंश मिश्रा, रावेंद्र तिवारी, सुधाकर मिश्रा, निशांत शर्मा, महेश मिश्र, सीताराम कुरचानिया, आनंद मोहन शर्मा, विजय साहू, अंकित गुप्ता, रितेश पांडे रवि ताम्रकार, विकास सेन, राहुल सेन, आनंद गुप्ता, विकास नरवरिया, सुरेंद्र असाटी आदि ने की है।



**भाईचारा, अम्नो अमन की दुआ मांगी**

### पीएसएम मस्जिद में सभी धर्म के लोगों ने किया रोजा अफ्तार

**जबलपुर।** मुस्लिम धर्मावलंबियों के पवित्र त्यौहार रमजान के 15वें रोजे पर पीएसएम दरीखाना मस्जिद में रोजा अफ्तार का एहतेमाम किया गया, जिसमें सभी धर्म के लोगों ने अफ्तार किया। बताया गया कमेटी द्वारा रमजान मुबारक मौके पर पहले रोजा से ही कमेटी के सदस्यों द्वारा प्रतिदिन रोजदारों के लिए रोजा अफ्तार का एहतेमाम किया जाता है। 15वें रोजा पर बाद नमाज मगरिब की नमाज अदा की गई एवं सभी रोजदारों ने मिलकर अफ्तार किया एवं हिन्दुस्तान के मुल्क एवं अमन शांति व खुशहाली की दुआ मांगी। इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष नजर अली पहलवान, हाफिज रजा, समाजसेवी मो. कलीम खान, सोनू भाई, फरान लाज सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



### बदलाव की गूंज नाटक का किया मंचन

**जबलपुर।** तरंग ऑडोटोरियम रामपुर में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता (योजना एवं रूपांकन) देवाशीष चक्रवर्ती की परिकल्पना पर आधारित ₹बदलाव की गूंज₹ नाटक का प्रभावशाली मंचन किया गया। इस अदभुत नाटक का संयोजन कार्यपालन अभियंता श्रीमती क्षमा शुक्ला एवं श्रीमती श्रद्धा तिवारी ने किया।इस नाटक में एम.पी. ट्रांसको के शुभम प्रजापति, अनिल मिश्र, धनश्री लोधी, अंकिता तिवारी, निकी कोष्ठा, इंद्रशिवा सिंह, मौसमी डेहरिया, आकांशा बैन, रानू गुप्ता, रिंकी गुप्ता, सूरज झारिया एवं सिद्धार्थ बेन ने एक समय समाज में स्त्री- पुरुष के भेदभाव पर केंद्रित इस नाटक में भावपूर्ण अभिनय किया।म्यूजिक डायरेक्टर आदित्य मिश्रा (फिल्म लापता लेडिज एवं शेरनी के सहायक निर्देशक) थे। उन्हें नमन मिश्रा ने सहायक निर्देशक के रूप में सहयोग दिया। नाटक का निर्देशन संस्कारधानी जबलपुर के युवा अभिनेता एवं निर्देशक अक्षय सिंह ठाकुर ने किया, नाटक का कार्डिनेशन एवं डायरेक्शन ट्रांसको के मंजे हुये कलाकार के.के. गौतम ने किया। तरंग के बेमिसाल साउंड सिस्टम ने इस नाटक के मंचन और कलाकारों की डायलॉग डिलीवरी को जीवंतता प्रदान की।



### बैगा की हत्या की न्यायिक जांच की मांग

**जबलपुर।** 17 मार्च आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संघ जबलपुर ने बिछिया के लसरीटोला गांव निवासी हीरन परते की नक्सली बताकर पुलिस द्वारा की गई जघन्य हत्या के विरोध में हत्या की न्यायिक जांच की मांग को लेकर आज घंटाघर कंट्रोल रूम के सामने विरोध प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम जबलपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन और ज्ञापन में अवाक्स के देवेश कुमार चौधरी, तेजकुमार भगत, डॉ बी एल झारिया, तरुण रोहितास, एस पी मरावी, शिवनाथ चौधरी आलम, बैजनाथ पटेल, कमलेश धपोड़कर, धर्मेन्द्र कुशवाहा, डॉ सत्येंद्र ब्यौहार, शुभम चौधरी, मुकेश बरकडे, सोनेलाल उरेती, प्रमेंद्र धुर्वे, सी एस सिरसाठ, जीवन जाटव आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पार्षद अनुशंसा मद की शेष राशि के कार्य शीघ्र प्रारंभ होंगे

**जबलपुर।** पार्षद अनुशंसा मद के कार्य बहुत दिनों से रुके हुये हैं जिससे क्षेत्र के नागरिकों को कार्यों की रूकावट के कारण मूलभूत सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। नगर निगम अध्यक्ष रिंकुज विज के द्वारा इस संदर्भ में आयुक्त को पत्र प्रेषित कर इन कार्यों को अतिशीघ्र अविलंब चालू करवाये जाने के निर्देश प्रदान किये गए।पार्षद अनुशंसा मद 30 लाख रुपये के कार्य अभी होना शेष हैं, इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में भी 45 लाख रुपये के कार्य कराये जाना बाकी हैं जिस पर निगमाध्यक्ष रिंकुज विज के द्वारा प्राथमिकता से शेष बचे कार्यों को कार्यादेश जारी किये जाने हेतु कहा गया है ताकि वार्ड का विकास पुनः गति पकड़ सके और नागरिकों को राहत मिल सके।

### पंजाबी साहित्य अकादमी का 'रंग दे बसंती' आयोजन 24 मार्च को

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग, मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद, पंजाबी साहित्य अकादमी, भोपाल एवं केंद्रीय गुरु सिंह सभा म.प्र. छ.ग़. जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 24 मार्च को मानस भवन में 'रंग दे बसंती होला महल्ला' उत्सव सायं 7 बजे से 9 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। आयोजक सुरिंदर सिंह खनूजा एवं अजीत सिंह नैय्यर ने बताया कि इस निःशुल्क आयोजन में पंजाबी लोक नृत्य, गायन एवं शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह के जीवन पर आधारित एक घंटे का नाट्य मंचन के साथ ही रंगारंग प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। पंजाबी साहित्य अकादमी भोपाल के महा निदेशक इंद्रजीत सिंह खनूजा अध्यक्षता करेंगे। इस दौरान नगर के उम्दा कलाकार एवं साहित्यकार का सम्मान भी किया जाएगा।

### महाकोशल चौरसिया संघ का होली मिलन समारोह 19 को

**जबलपुर।** महाकोशल चौरसिया संघ के तत्वावधान में होली मिलन का 28वां रंगारंग कार्यक्रम 19 मार्च को शाम 06 बजे से आयोजित है, जिसमें राधा-कृष्ण के द्वारा फूलों की होली एवं गीत-संगीत का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में उपस्थिति का आग्रह संघ के अध्यक्ष शैलेष कुमार चौरसिया, गोविंद चौरसिया, नरेश पटेल, राकेश पप्पू, आशीष, सुधीर, महिला एवं युवा मंडल के सदस्यों ने किया है।

# सहायक ग्रेड 3 का वेतनमान बढ़ाया जाए

## 2400 ग्रेड पे के आधार पर दिया जाए सहायक ग्रेड 3 को वेतन, मांग

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के समस्त विभागों में कार्यरत सहायक ग्रेड 3 को 1900 ग्रेड पे के आधार पर वेतन दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर कंप्यूटर आपरेटर को 2400 ग्रेड पे के आधार पर वेतन दिया जा रहा है। सहायक वर्ग-3 का प्रारंभिक वेतन 1900 ग्रेड पे 2400 ग्रेड पे के आधार पर दिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री से मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन मांग करता है की मध्य प्रदेश के समस्त विभागों में कार्यरत लिपिकों अर्थात सहायक वर्ग 3 का वेतन 2400 ग्रेड पे के आधार पर किया जाए।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, हेमंत ठाकरे, दिनेश गोंड, राकेश श्रीवास, गुडविन चार्ल्स, राजकुमार यादव, राजेश सहारिया, एनोस विक्टर, विनोद सिंह, दीपेश जैन, सुरेंद्र चौधरी, मनमोहन चौधरी, फिलिप अन्थोनी, सुधीर अवधिया, राकेश गुप्ता, उमेश सिंह ठाकुर, सुधीर पॉवेल, सुनील झारिया, देवेंद्र भट, मान सिंह आर्मो, रवि जैन, आदि ने शासन से मांग की है कि सहायक ग्रेड 3 का वेतनमान बढ़ाया जाए।

**नाम सुधार सूचना**

मैं रतन लाल राय पिता श्री कामता प्रसाद राय उम्र 49 वर्ष, निवासी- मकान नं. 216, वार्ड क्रमांक-6, ग्राम पोंड़ी खुर्द, पोस्ट ऑफिस पोंड़ीकलां, सिहोरा, जिला जबलपुर मध्य प्रदेश-483222 का शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि, मेरा आधार नं. 697979218898 है। मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ। मेरे पुत्र के आधार कार्ड में मेरे पुत्र का नाम क्रश कुमार राय (KRISH KUMAR RAI) पिता रतन लाल राय दर्ज है। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र बना हुआ है जिसका पंजीकरण संख्या-B-2016- 2390735-000985 जो दिनांक 20/07/2016 को जारी हुआ था। मेरे पुत्र क्रश कुमार राय के जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का नाम कृष कुमार राय (KRASH KUMAR RAY) दर्ज है। जिसमें उसके नाम की गलत स्पेलिंग दर्ज है। महोदय जी से मेरा निवेदन है कि मेरे पुत्र क्रश कुमार राय के जन्म प्रमाण पत्र में उसके आधार कार्ड के अनुसार क्रश कुमार राय (KRISH KUMAR RAI) पिता रतन लाल राय दर्ज करने की कृपा करें। जो सत्य एवं सही है।

सही नाम
क्रश कुमार राय (KRISH KUMAR RAI)
गलत नाम
कृष कुमार राय (KRASH KUMAR RAY)

## रोचक खबरें

### इंटरनेट पर वायरल : इंसानों की तरह सिगरेट फूंकता दिखा गोरिल्ला



**बीजिंग।** चीन के गुआंग्शी स्थित नैनिंग चिड़ियाघर में एक गोरिल्ला को इंसानों की तरह सिगरेट फूंकते हुए देखा गया। इस घटना को एक विजिटर ने रिकॉर्ड कर लिया, जो अब इंटरनेट पर वायरल है। हालांकि, वीडियो पर जैसे ही लोगों की नजर पड़ी वे जानवर की हरकत देखकर दंग रह गए। वहीं, कई यूजर्स इस बात को लेकर भड़के हुए हैं कि हम इंसानों की गलतियों का खामियाजा इन बेजुबानों को भुगतना पड़ेगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, नैनिंग चिड़ियाघर के स्टाफ का कहना है कि उन्हें वायरल वीडियो की जानकारी है, और वे मामले की जांच कर रहे हैं। कर्मचारी यह पता लगाने में जुटे हैं कि क्या किसी विजिटर ने जानबूझकर गोरिल्ला के बाड़े में जलती हुई सिगरेट की बट फेंकी थी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि चिड़ियाघर ने पब्लिक को भरोसा दिलाया है कि वह प्रबंधन प्रयासों को मजबूत करेगा, जानवरों की सुरक्षा के बारे में चिड़ियाघर आने वाले पर्यटकों को भी जागरूक करेगा।

### 'ये कयामत है या कोई सपना', आसमान से हुई खूनी बारिश, विचित्र नज़ारा देख चौंके वैज्ञानिक



**तेहरान।** ईरान के समंदर के किनारे पर हुई इस रहस्यमय घटना ने लोगों को आश्चर्य में डाल दिया है। इस विचित्र नजारे ने स्थानीय लोगों और वैज्ञानिकों को चौंका दिया है। कोई इसे कयामत का इशारा मान रहा है तो कोई इसे किसी सपने जैसा। प्रकृति भी काफी रहस्यमय है। कभी तो हमें कहीं ऐसी शांत जगहें देखने को मिल जाती हैं, जो मन को बिल्कुल सुकून देती हैं, तो कई बार ऐसा होता है कि हमें कुदरत का विकराल रूप भी देखने को मिल जाता है। इस वक्त एक ऐसा ही अजीबोगरीब नज़ारा हमें ईरान में देखने को मिल रहा है। यहां हुई बारिश के बाद फैले लाल पानी ने सभी को हैरान कर दिया है। ईरान के समंदर के किनारे पर हुई इस रहस्यमय घटना ने लोगों को आश्चर्य में डाल दिया है। इस विचित्र नजारे ने स्थानीय लोगों और वैज्ञानिकों को चौंका दिया है। कोई इसे कयामत का इशारा मान रहा है तो कोई इसे किसी सपने जैसा मान रहा है।

### अजीबोगरीब जानवर : ये है दुनिया की सबसे मोटी पैंथर! क्या इंसान खा गई?



**बीजिंग।** दुनियाभर में कई ऐसे अजीबोगरीब जानवर हैं, जिन्हें देखकर हैरानी होती है। आए दिन उनकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल होते हैं। लेकिन आज हम आपको एक ऐसे पैंथर की तस्वीर दिखाने जा रहे हैं, जिसने इंटरनेट पर बहस छेड़ दी है। तेंदुए की प्रजाति की ये पैंथर काले रंग है, जो चीन के चेंगदू चिड़ियाघर में रहती है। इसकी तस्वीरें देखकर लोग हैरान हैं, क्योंकि यह पैंथर बहुत ज्यादा मोटी हो गई है। चिड़ियाघर के मुताबिक, यह एक बूढ़ी मादा पैंथर है, और यह गर्भवती नहीं है। जू प्राशासन ने कहा है कि इस मदा पैंथर का मेटाबॉलिज्म और फिजिकल स्ट्रक्चर सही नहीं है, इसलिए उसे डाइट पर रखा गया है। चिड़ियाघर के कर्मचारियों ने बताया, 'हम उसके खाने की मात्रा कम कर रहे हैं। इसके तहत उसके खाने में से बीफ और दूसरी चीजें कम कर दी गई हैं।' हालांकि, इस पैंथर की हालत देखने के बाद लोगों को लगता है कि चिड़ियाघर में जानवरों को जरूरत से ज्यादा खिलाया जा रहा है।



दुनिया में कई रहस्यमयी और खतरनाक जगहे हैं। माना जाता है कि धरती पर अगर कोई सबसे खतरनाक जगह है तो वो बरमूडा ट्राएंगल और एरिया-51 है, लेकिन आज हम आपको एक ऐसी जगह के बारे में बताने वाले हैं, जिसे बरमूडा ट्राएंगल से भी ज्यादा खतरनाक माना जाता है। यह जगह अमेरिका के नवादा में स्थित है, जिसे नवादा ट्राएंगल के नाम से भी जाना जाता है।

# रहस्य नहीं जान पाया कोई, यहां पहुंचते ही अचानक गायब हो जाते हैं विमान

एजेंसी ⏭ लंदन





बरमूडा ट्राएंगल की तरह ही नवादा ट्राएंगल में भी रहस्यमयी घटनाएं घटती हैं। कहा जाता है कि यह जगह इतनी खतरनाक है कि यहां से गुजरने वाला कोई भी विमान आज तक लौटकर वापस नहीं गया। एक रिपोर्ट के मुताबिक, बीते 60 सालों में यहां 2 हजार से भी अधिक विमान क्रैश हो चुके हैं और सैकड़ों पायलट कभी जिंदा नहीं लौटे।

कहा जाता है कि नवादा ट्राएंगल में कोई ऐसी रहस्यमयी शक्ति है जो विमानों को अपनी ओर खींच लेती है, जिसकी वजह से वो क्रैश हो जाते हैं। अब वो कौन सी शक्ति है, यह अभी तक वैज्ञानिकों के लिए रहस्य ही बना है। एरिया-51 में भी कुछ ऐसा ही होता है। कहा जाता है कि यहां या तो कोई गुरुत्वाकर्षण शक्ति है जो विमानों को अपनी ओर आकर्षित कर लेती है या इस जगह पर एलियंस हो सकते हैं। हालांकि, कुछ लोगों का यह भी मानना है कि एरिया-51 में अमेरिका का टॉप सीक्रेट मिलिट्री बेस है, जहां एलियंस को रखा जाता है और उनपर रिसर्च किया जाता है।

#### बेहद रहस्यमयी है ये जगह

क्षेत्रफल के हिसाब से देखें तो नवादा ट्राएंगल काफी बड़ा इलाका है और इसी इलाके में लास वेगास, योसेमाइट नेशनल पार्क और एरिया-51 भी आता है। इस इलाके में जिस तरह भारी तादाद में विमान क्रैश हुए हैं, यही वजह है कि लोग एलियंस के अस्तित्व की बातें मानने लगे हैं। उनका कहना है कि अमेरिका ने एलियंस के साथ जिस तरह से छेड़छाड़ की है, ये उसी का नतीजा है। लोग अमेरिका पर एलियंस की जानकारी को छिपाने का आरोप लगाते हैं।

#### क्या मानते हैं वैज्ञानिक

कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि नवादा ट्राएंगल में विमान हादसे एलियंस की वजह से नहीं, बल्कि एयर प्रेशर की वजह से होते होंगे। उनका मानना है कि यहां विमान पहाड़ों के ऊपर से उड़ते हैं, लेकिन फिर अचानक ही रेगिस्तान जैसी जमीन आ जाती है। इस कारण पायलट यहां के एयर प्रेशर को समझ नहीं पाते और विमान क्रैश हो जाते होंगे। हालांकि, यह सिर्फ उनका अंदाजा है। यह अभी तक साबित नहीं हो पाया है।

#### आज भी अनसुलझी ही है पहेली

25 हजार वर्ग मील में फैले नवादा ट्राएंगल में 18 साल पहले घटी एक घटना की पहेली आज भी अनसुलझी ही है। अमेरिका के अरबपति कारोबारी स्टीव फॉसेट का विमान 3 सितंबर, 2007 को अचानक लापता हो गया था और उसके बाद उनका कुछ पता नहीं चला। सबसे हैरानी की बात तो यह है कि स्टीव को विमान उड़ाने का लंबा अनुभव था। उनके नाम 100 से भी ज्यादा रिकॉर्ड थे। हालांकि, साल 2008 में वैज्ञानिकों और रेस्क्यू टीम को अन्य विमान हादसों वाली जगहों पर स्टीव का आईकार्ड, विमान के अवशेष और कुछ हड्डियां मिली थीं। बाद में जांच में पता चला कि वो हड्डियां स्टीव की ही थीं।



### आईसीआईसीआई बैंक की नई शाखा का उद्घाटन

**छिंदवाड़ा।** आईसीआईसीआई बैंक ने छिंदवाड़ा-नागपुर रोड, बोडरी पुल के पास एक नई शाखा स्थापित की है। यह शाखा बैंक की शहर में तीसरी और जिले में 17वीं शाखा है। शाखा में एटीएम की सुविधा उपलब्ध है। इस शाखा का उद्घाटन सुधीर जैन, सब डिवीजन मजिस्ट्रेट, और चंद्र प्रकाश राय, आयुक्त, नगर निगम, छिंदवाड़ा ने किया। यह शाखा बचत और चालू खाता, फिक्स्ड डिपॉजिट, रिकरिंग डिपॉजिट और ऋण जैसे व्यवसायिक ऋण, स्वर्ण ऋण, गृह ऋण, व्यक्तिगत ऋण, ऑटो ऋण और शिक्षा ऋण सहित संपूर्ण खातों और जमा योजनाओं की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती है। इसके साथ ही रेमिटेन्स और कार्ड सेवाओं की सुविधा भी उपलब्ध है। शाखा परिसर में लॉकर सुविधा भी प्रदान की गई है।

### स्पाइन सर्जरी से राहत पाएं : डॉ. मोहम्मद फैजान



**नागपुर।** डॉ. मोहम्मद फैजान, स्पाइन सर्जन, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नागपुर ने बताया कि, स्पाइन सर्जरी एक स्वस्थ और सक्रिय जीवन जीने का दूसरा मौका देती है, जिससे पीठ और गर्दन के दर्द से राहत मिलती है। विभिन्न प्रकार की स्पाइन सर्जरी अलग-अलग आवश्यकताओं को पूरा करती हैं, जैसे कि फ्यूज़न, डिस्केक्टोमी, लैमिनेक्टोमी और फॉरैमिनोटॉमी। एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी एक मिनिमली इनवेसिव विकल्प है, जिसमें छोटे चीरों और कैमरों का उपयोग करके हर्निएटेड डिस्क और स्पाइनल स्टेनोसिस जैसी समस्याओं का इलाज किया जाता है। उन्होंने आगे बताया की, विशेषज्ञ स्पाइन सर्जन उन्नत तकनीकों और प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हैं, जिससे व्यक्तिगत देखभाल और बेहतर परिणाम सुनिश्चित होते हैं।

**उपलब्धि** — स्टारशिप टेस्ला ह्यूमनॉइड रोबोट ऑप्टिमस को मंगल ग्रह पर ले जाएगा

# मंगल पर पहुंचाएंगे मस्क, जानिए कब होगी मानव लैंडिंग!

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क अक्सर दुनिया भर को चौंकाते रहते हैं। एक बार फिर उन्होंने मंगल ग्रह पर मनुष्यों की लैंडिंग को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। उन्होंने कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा और शक्तिशाली रॉकेट सिस्टम स्पेसएक्स का स्टारशिप 2026 तक मंगल ग्रह के लिए लॉन्च होगा। साथ ही बताया बताया कि ग्रह पर मनुष्यों कब पहुंचेंगे।

#### कब शुरू होगी लैंडिंग

एलन मस्क ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर लिखा कि मंगल ग्रह पर मानव लैंडिंग संभवतः 2031 में शुरू होगी। उन्होंने कहा कि स्टारशिप टेस्ला ह्यूमनॉइड रोबोट ऑप्टिमस को मंगल ग्रह पर ले जाएगा। अगर इंसानों के लिए परिस्थितियां उपयुक्त लगती हैं, तो यह 2029 तक शुरू हो सकता है। बता दें कि स्टारशिप - 30 फुट चौड़ा, 397 फुट ऊंचा विशाल रॉकेट है।

**30** फुट चौड़ा
**397** फुट ऊंचा
**2029** तक शुरू हो सकता है





#### बना रहे हैं ये प्लान

मस्क ने पिछले साल एक्स पर साझा किया था कि वह कम से कम दस लाख लोगों को मंगल ग्रह पर ले जाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा, 'सभ्यता केवल एकल-ग्रह ग्रेट फ़िल्टर से तभी गुज़रेगी जब मंगल ग्रह तब भी जीवित रह सकता है, जब पृथ्वी के आपूर्ति जहाज आना बंद हो जाएं। एक दिन, मंगल की यात्रा पूरे देश में उड़ान भरने जैसी होगी।

#### लगा था बड़ा झटका

हालांकि, इस महीने की शुरुआत में स्टारशिप को झटका लगा था, जब स्पेसएक्स ने आठवीं परीक्षण उड़ान के प्रक्षेपण के तुरंत बाद अंतरिक्ष यान से संपर्क खो दिया था। 7 मार्च को लिफ्टऑफ के लगभग सात मिनट बाद, स्टारशिप के विशाल प्रथम-चरण बूस्टर, जिसे सुपर हैवी के रूप में जाना जाता है, को लॉन्च टॉवर पर 'मेकाज़िला' नामक संरचना की 'चॉपस्टिक' भुजाओं का उपयोग करके स्टारबेस के लॉन्च टॉवर द्वारा पकड़ा गया था पर स्टारशिप अंतरिक्ष यान ने ऊंचाई नियंत्रण खो दिया ।

### समुंदर के रहस्यों की जांच कर रहे थे वैज्ञानिक, तभी मिली 5 हजार साल पुरानी नाव



**इस्तांबुल।** समुंदर की गहराई में इतने रहस्य हैं, जिनके बारे में फिलहाल लोगों को भी पूरी जानकारी नहीं है। पर अभी भी जब कुछ अलग पता चलता है तो बहुत हैरानी होती है। हाल ही में ऐसे ही एक राज का पता तुर्की से लगा है। दरअसल, यहां पर समुद्र की गहराइयों में 5 हजार साल पुरानी 'नाव' मिली है। ये असल में एक टीला है, जो पूरी तरह नाव जैसा दिख रहा है। वैज्ञानिकों का दावा है कि इसके तार 5 हजार साल पुरानी एक घटना से जुड़े हैं, जिसका जिक्र ईसाइयों के धर्म ग्रंथ, बाइबल में भी मिलता है।एक वेबसाइट के मुताबिक तुर्की के माउंट अरारत के दक्षिण में करीब 30 किलोमीटर दूर वैज्ञानिकों को समुद्र के अंदर एक नाव के आकार का टीला मिला है। ये टीला असल में एक लकड़ी की नाव का जीवाश्म अवशेष है। वैज्ञानिकों ने इसे बाइबल से जुड़ी एक नाव माना है। दरअसल, नूह को ईसाई के साथ इस्लाम और यहूदी धर्म में भी ईश्वर का संदेशवाहक माना जाता है। उन्होंने जलप्रलय के समय एक नाव बनाई थी, जिसे अंग्रेजी में आर्क कहते हैं। इस नाव में उन्होंने कई जीव-जन्तुओं को डूबने से बचाया था।वैज्ञानिकों का मानना है कि ये नाव के आकार का टीला असल में उसी नाव का अवशेष है, जिसे नूह ने बनाया था। इस जगह को डुरूपिनर फॉर्मेशन कहते हैं। माना जाता है कि ये टीला, 5 हजार साल पहले आए एक जलप्रलय में डूब गया था। 2021 से वैज्ञानिक इसके शोध में लगे हुए हैं। वो इस बात को साबित करने में लगे हैं कि वो नाव नूह की कहानी से जुड़ी है।

#### मिट्टी से मिले सुराग

आपको बता दें कि इस टीले को डुरुपिनार फॉर्मेशन कहा जाता है। ये 538 फीट लंबा है और एक प्रकार के आयरन ओर, लिमोनाइट से बना है। रिसर्च में पाया गया कि उस इलाके में जीव रहा करते थे और ये पानी से घिरा हुआ था। इस इलाके से मिट्टी जमा की गई ।और उसे शोध के लिए इस्तानबुल टेक्निकल यूनिवर्सिटी भेजा गया था। टेस्ट से पता चला कि मिट्टी में क्ले जैसे पदार्थ, मरीन डिपॉजिट और मरीन लाइफ के भी अंश मौजूद हैं। ये सैंपल बताते हैं कि वो 3500 से लेकर 5000 साल पुराना है। शोध के लीड रिसर्चर फारुक काया का कहना है कि प्राचीन काल में इस इलाके में भी इंसान रहते थे।






सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खचें बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5808

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | 4 | ■ | 5 | | 6 | 7 |
| 8 | | ■ | | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| | ■ | 11 | | | | ■ | 12 | 13 | ■ | |
| 14 | | | | ■ | 15 | 16 | ■ | 17 | 18 | |
| | ■ | | ■ | 19 | | | 20 | ■ | | ■ |
| 21 | 22 | | 23 | | ■ | 24 | | 25 | | 26 |
| ■ | | ■ | 27 | | 28 | | ■ | | ■ | |
| 29 | | 30 | ■ | 31 | | ■ | 32 | | | |
| | ■ | 33 | 34 | ■ | 35 | | | | ■ | |
| 36 | 37 | ■ | 38 | | | ■ | | ■ | 39 | |
| 40 | | | | ■ | 41 | | | | | |

**बाएँ से दाएँ**
1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

**शब्द पहेली- 5807 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ब | ल | शा | ली | ■ | रु | ख | सा | र | ■ |
| अ | न | ■ | ली | ■ | प | त | न | ■ | जा | न |
| न | ■ | ज | मा | दा | र | ■ | न | म | ■ | फा |
| म | ग | रु | र | ■ | ■ | आ | ■ | द | र | स |
| ना | ■ | र | ■ | अ | ज | ग | र | ■ | वा | त |
| ■ | मि | त | वा | ■ | ही | ■ | स | प | ना | ■ |
| म | ल | ■ | दा | वा | न | ल | ■ | ग | ■ | फि |
| त | न | य | ■ | ल | ■ | ■ | ह | ज | र | त |
| ल | ■ | म | त | ■ | का | र्या | ल | य | ■ | र |
| बी | ज | ■ | म | का | न | ■ | च | ■ | सा | त |
| ■ | य | ल | गा | र | ■ | ब | ल | शा | ली | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5818

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5817 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

हरिभूमि
जबलपुर, मंगलवार
18 मार्च 2025

# सहेली



स्पेशल: इंटरनेशनल-डे ऑफ हैप्पीनेस, 20 मार्च

खुश रहना जीवन की सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। स्वस्थ जीवन के लिए खुशी बहुत जरूरी है। खुश इंसान शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ रहकर न सिर्फ अपना जीवन संवारता है, दूसरों की भी संभाल और देखभाल कर सकता है। आपसी केयरिंग-शेयरिंग इंसान को बहुत बड़ा संबल देती है। शायद इसीलिए इस साल इंटरनेशनल-डे ऑफ हैपीनेस की थीम है- शेयरिंग इज केयरिंग। यह बात आज के दौर में तब और ज्यादा मायने रखती है, जब समाज-परिवार में आपसी संवाद और अपनेपन के भाव कम होते जा रहे हैं।

## संभाल-साझेदारी के भाव देते हैं खुशियां

कवर स्टोरी

डॉ. मोनिका शर्मा

खुश रहना खुद के प्रति भी एक जिम्मेदारी है। खुश रहकर ही खुशहाल परिवेश बनाया जा सकता है। खुशमिजाज अभिभावक ही नई पीढ़ी को खुशियों की विरासत दे सकते हैं। खुश रहने से सेहत अच्छी रहती है। स्वस्थ इंसान ही अपने से जुड़े लोगों की केयर कर सकता है। खुशियां अपने साथ हर तरह की सुखदायी सौगात लेकर आती हैं। यही वजह है कि थोड़ा ठहर कर मन को समझने की जरूरत होती है। भावनाओं की दिशा को आंकने की दरकार होती है। नाखुशी के कारण जानने की कोशिश आवश्यक है। इंटरनेशनल-डे ऑफ हैप्पीनेस ऐसी ही बातें याद दिलाती है।


### जरूरी हैं संभाल-साझेदारी के भाव

साल 2025 में इंटरनेशनल-डे ऑफ हैप्पीनेस की थीम 'शेयरिंग इज केयरिंग' है। यानी संभाल-देखभाल और साझेदारी के इमोशंस से जुड़ी है। यह सब्जेक्ट मेंटल हेल्थ से लेकर रिश्तों और शारीरिक स्वास्थ्य से जुड़े पहलुओं को भी संबोधित करता है। साझेदारी और संभाल दोनों ही बातें व्यक्तिगत ही नहीं, पूरे समाज की खुशहाली से जुड़े भाव हैं। इतना ही नहीं, शेयरिंग और केयरिंग का भाव एक-दूजे से भी गहराई से जुड़ा है। मन जीवन से जुड़ी बातों और हालातों को साझा करने से संभाल देखभाल की राह निकलती है।

### खुशियों की साझी बुनियाद

दिल की बात कहना, समझाइश देना, समय निकालना या कोई काम की चीज देकर सहयोग करना शेयरिंग है। इसी की बुनियाद पर केयरिंग सोच के इमोशन भी टिके हैं। अपने दिल के भाव साझा करना विश्वास और सम्मान से जुड़ा है। वहीं किसी को समझने-जानने के लिए समय निकालने का भाव केयरिंग है। यह खुशियां पाने की साझी बुनियाद है। शेयरिंग और केयरिंग से जुड़े इमोशंस बहुत पॉजिटिव होते हैं। भरोसे की नींव मजबूत करते हैं। दो इंसानों में ही नहीं, पूरे समाज में सहयोग की भावना बढ़ाते हैं। एक-दूसरे की परवाह करने की सोच को बल देते हुए हर परिस्थिति को सहज बनाए रखने वाले इमोशंस हैं।







समझना मुश्किल नहीं, इन बातों से हर इंसान को खुशी ही मिलती है। ऐसे हालातों में सभी के लिए सहजता से खुशियों को जीने की राह निकलती है।

### केयरिंग कल्चर की जरूरत

मौजूदा दौर में सचमुच केयरिंग कल्चर को अपनाने की आवश्यकता है। किसी घर में बच्चे अकेले समय बिता रहे हैं तो कहीं बुजुर्गों को सेवा-सुश्रूषा नहीं मिल पा रही है। ऐसे में एक दूजे की केयर करने और साथ देने का भाव हर किसी को खुशी ही देगा। यों भी सुख-दुख साझा करने से ही खुशियां पाई जा सकती हैं। देखभाल की इस संस्कृति को विस्तार देने का पहला पड़ाव शेयरिंग ही है। आपसी संवाद से अपनेपन का भाव आता है। आपाधापी भरी जिंदगी में तो आस-पड़ोस में भी आपसी संवाद की कड़ी टूट गई है। परिवार के सदस्य भी एक-दूसरे से कम ही बतियाते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि इस अलगाव के साथ ही नाखुशी भी विस्तार पा रही है। अनहैप्पी लोगों के आंकड़े भी बढ़ रहे हैं। हर उम्र के लोग अकेलेपन और अवसाद के घेरे में हैं। इसीलिए मन की परेशानियां साझा करने के साथ ही केयरिंग कल्चर को बढ़ावा देना भी जरूरी है। पारस्परिक निर्भरता से बनने वाला सहयोगी परिवेश सभी की झोली में खुशियां भर देता है।

### खुशियों का स्वागत

हाल के वर्षों में दुनिया के हर समाज में ही असंतोष, चिंता, उदासी, गुस्से और अपराधबोध के इमोशंस बढ़े हैं। लोग खुश रहने और दूसरों को खुश रखने वाले सहज व्यवहार को भूल रहे हैं, जबकि वैज्ञानिक अध्ययन भी कहते हैं कि दोस्तों और परिवार का साथ देने वाले लोगों की मेंटल और फिजिकल हेल्थ बेहतर रहती है। यह जुड़ाव जितना गहरा होगा, इंसान उतना ही अच्छा महसूस करता है। यानी शेयरिंग और केयरिंग दूसरों को खुशी देने का ही नहीं, खुद को खुश रखने का भी रास्ता है। उदार सोच अपने मन को भी तनाव से दूर रखती है। यह भाव कॉमन खुशियों को न्योता देने वाला है, क्योंकि लोगों की खुशी पूरे समाज की खुशहाली से जुड़ी है। इसीलिए हैप्पीनेस के स्वागत के लिए किसी दोस्त की सहायता करने और इमोशनल सपोर्ट देने का भाव रखें। जरूरतमंद इंसान की मदद करने के मोर्चे पर डटें। उदासी से जूझते किसी इंसान के साथी बनें। जितना संभव हो उचित सलाह देने का प्रयास करें। आम-सा लगने वाला यह मेल-जोल हर किसी को खुशी ही देता है। a

## अपनी मम्मी के साथ टीनएज गर्ल्स क्यों करती हैं मिसबिहेव

बिहेवियर

नीलम अरोड़ा



एक समय था सविता और उसकी टीनएज बेटी प्रियंका के बीच आए दिन तकरार होती थी। स्कूल की क्लास बंक करना, ट्यूशन की क्लास बंक करना, जिनके साथ सविता मना करती थी, उनके साथ इधर-उधर घूमना, कमरा बंद करके अपनी फ्रेंड्स के साथ घंटों बातचीत में लगे रहना, इन आदतों से सविता अकसर उसे डांटती रहती थी। बीच-बीच में सविता और उसकी बेटी के साथ रिश्ते काफी खराब हो गए थे। आज सविता की बेटी पचीस साल की एक समझदार, सुलझी हुई और अपने करियर के प्रति बहुत सीरियस युवती है। आज सविता को समझ में आ चुका है कि अकसर बेटियां और मांएं क्यों एक लंबा समय तनाव के बीच गुजारती हैं।

**मां-बेटी के बीच क्यों रहता है तनाव:** टीनएज में जहां बेटियां हार्मोनल परिवर्तन का सामना कर रही होती हैं, वहीं मांएं भी बेटियों के मूड स्विंग, चिड़चिड़ापन और बात-बात पर कटाक्ष और मिसबिहेव से खीजती हैं। मांएं अपनी बेटियों पर कंट्रोल करना चाहती हैं, लेकिन बेटियां उनको सुनने को तैयार नहीं होतीं। बेटी की अनमैच्योरिटी और उसमें समझ की कमी मांओं को और ज्यादा तनावग्रस्त करती है। एक-दूसरे के प्रति शिकवा-शिकायतें, गलतफहमियां रहती हैं। नतीजा यह होता है कि दोनों के बीच लंबे समय तक बातचीत बंद हो जाती है। कई बार तो किशोर बेटी मां से बहुत दूर होती जाती है। सविता की तरह बहुत-सी मांएं अपनी टीनएजर बेटी के मिसबिहेव को सहती हैं, तनाव में रहती हैं।




**क्या करें टीनएजर के पैरेंट्स:** टीनएज में लड़कियों के मूड या व्यवहार में अचानक परिवर्तन दिखता है। ऐसे में मांओं को समझदारी के साथ गहराई से सोचना चाहिए कि बेटी छोटी-छोटी बातों पर क्यों गुस्सा हो जाती है? दरअसल, टीनएज में जब बच्चे अपने अलग व्यक्तित्व और पहचान को प्रकट करना चाहते हैं तो पैरेंट्स की नसीहतें उन्हें अपनी आजादी में खलल लगती है, जिसकी वजह से मां-बेटी के रिश्तों में कड़वाहट आ जाती है। ऐसे में मां को ही समझदारी से काम लेना चाहिए। अगर टीनएज बेटी के ड्रेसिंग या अन्य एक्टीविटीज के बारे में मां को कोई परेशानी या आपत्ति है तो बेटी को अपने बारे में कुछ डिसीजन लेने की छूट दें, लेकिन कुछ सीमाओं के साथ।

**पीयर प्रेशर का सामना:** आजकल के टीनएज बच्चे पीयर प्रेशर, समाज में अपनी स्थिति, एजुकेशन, करियर और अन्य दूसरी चीजों के कारण तनाव और दबाव पहले की तुलना में ज्यादा महसूस करते हैं। इस तरह की बातें टीनएज लड़कियों को चिड़चिड़ी और तनावग्रस्त बनाती हैं। इन सबका गुस्सा अकसर टीनएज बेटियां अपने मम्मी-पापा पर उतारती हैं, वे अपनी मम्मी से चिढ़ने लगती हैं। पैरेंट्स के रूप में मांओं को उन पर पड़ने वाले दबावों के प्रति सजग रहते हुए उनकी मानसिक स्थिति को समझना चाहिए। क्योंकि कभी-कभी दुख और अवसाद के क्षणों में हमें भी ऐसे महसूस होता है कि कोई तो हमारी सुने, तो फिर अपनी बेटी की शिकायत हमें क्यों परेशान करने वाली लगती है? चीजों को देखने का नजरिया उसका भले ही मैच्यौर न हो, लेकिन उसकी भावनाएं तो मायने रखती हैं। 'तुम इतना परेशान क्यों हो' कहने की बजाय 'हां, मैं समझ सकती हूं, तुम परेशान हो, मैं तुम्हारी क्या हेल्प कर सकती हूं?' कहकर आप उसका मन हल्का कर सकती हैं।

**बेटी के साथ रखें अच्छा कम्युनिकेशन:** बेटी के साथ कम्युनिकेशन का रास्ता हमेशा खुला रखें। टीनएज बेटी के साथ ज्यादा सख्त व्यवहार स्थिति को और नाजुक बना सकता है। इस बात को मांएं याद रखें, उनकी बेटी तो बड़ी हो रही है लेकिन वे स्वयं बड़ी हैं। a

## बालों की समस्याएं दूर करने में कारगर है नीबू



हेयर केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

बढ़ते पॉल्यूशन और केमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स यूज करने की वजह से बहुत सी महिलाएं कम उम्र में ही बाल सफेद होने की समस्या का सामना करने लगती हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए यूज किए जाने वाले कई हेयर केयर प्रोडक्ट्स की वजह से बालों में अन्य प्रॉब्लम्स जैसे-डेंड्रफ, रूखे-कमजोर बाल, बालों का झड़ना, शुरू हो सकती हैं। इन सभी प्रॉब्लम्स से बचने के लिए आप नीबू का अलग-अलग तरह से यूज कर सकती हैं।

**नीबू का रस-कैस्टर ऑयल:** बाउल में एक चम्मच कैस्टर ऑयल (अरंडी का तेल) में तीन से चार बूंदें नीबू का रस मिलाकर उसे हल्का गुनगुना कर लें। इस मिश्रण से स्कैल्प पर अच्छे से मसाज करें फिर इसे आधे घंटे तक छोड़ दें। इसके बाद माइल्ड शैंपू से धो लें। इस मिश्रण को हफ्ते में दो-तीन बार लगाने से बेहतर परिणाम मिलेगा।



**नीबू रस-नारियल तेल:** किसी बाउल में एक बड़ा चम्मच नीबू का रस लें, उसमें एक बड़ा चम्मच नारियल का तेल मिलाएं। इस मिश्रण को स्कैल्प में अच्छे से लगाएं। फिर हल्के हाथों से मसाज करें। फिर आधे घंटे बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। जरूरत पड़ने पर कंडीशनर लगाएं। आप हफ्ते में सिर्फ एक बार ही इसे अप्लाई करें। इससे असमय बाल सफेद होना रुकेगा।

**नीबू रस-मेथी हेयर पैक:** अगर आप डेंड्रफ की समस्या से जूझ रही हैं तो नीबू के रस में मेथी दानों का पेस्ट बनाकर हेयर पैक बना लें। इस हेयर पैक को स्कैल्प पर लगा कर कुछ मिनटों के लिए छोड़ दें। बाद में ताजे पानी से धो डालें। इससे बालों को पोषण मिलेगा और डेंड्रफ से भी छुटकारा मिलेगा।

**नीबू का शैंपू:** नीबू का शैंपू बनाने के लिए मेहंदी पावडर में एक अंडा मिलाएं। उसमें एक कप गर्म पानी, आधा नीबू का रस मिलाएं। जब गाढ़ा पेस्ट बन जाए तो अपनी हथेली में इस शैंपू की कुछ बूंदें लेकर गीले बालों पर धीरे से मालिश करें। जब झाग बन जाए तो साफ पानी से धो डालें।



**एवोकाडो-नीबू शैंपू:** इसे बनाने के लिए एक एवोकाडो, 4 कप कैमोमाइल चाय, 1/4 कप ताजा नीबू का रस लें। एवोकाडो का गूदा कैमोमाइल चाय, नीबू का रस अच्छी तरह ब्लेंड कर लें। इस मिश्रण को गीले बालों में लगाकर हल्के हाथों से मालिश करें। 15 मिनट तक लगा रहने दें। बाद में ठंडे पानी से अच्छी तरह धो लें। a

## फॉलो करें डाइट रूल्स आप रहेंगी हेल्दी

अच्छी सेहत बहुत हद तक पौष्टिक खान-पान की आदत और सही जीवनशैली पर निर्भर करती है। अगर हम खान-पान की सही आदतें और बेसिक रूल्स अपना लें, तो हेल्दी रह सकती हैं। कुछ यूजफुल डाइट रूल्स के बारे में जानिए।

डाइट एडवाइस

अंजू जैन

हम सभी भूख लगने पर स्वादिष्ट भोजन करना चाहते हैं। इससे पेट भरता है, मन को संतुष्टि मिलती है। लेकिन भोजन केवल स्वाद के लिए नहीं शारीरिक-मानसिक सेहत को ध्यान में रखकर करना चाहिए। इसके लिए भोजन करने के कुछ नियमों का पालन करना जरूरी है।


**वैरायटी शामिल करें:** न्यूट्रिशन एक्सपर्ट्स का मानना है कि भोजन में रंग-बिरंगी सब्जियां, हेल्दी ऑयल, मेवे, दूध, फल आदि शामिल करने चाहिए। जापान में डाइट हैबिट पर किए गए शोध के नतीजे बताते हैं कि भोजन में वैरायटीज शामिल करने से आपको तरह-तरह के विटामिन और न्यूट्रिएंट्स मिलते हैं। आपको अपनी डेली डाइट में मौसमी सब्जियों और फलों को जरूर शामिल करना चाहिए। अगर आप नॉनवेज खाती हैं तो इसे सीमित मात्रा में ही खाएं। वेज फूड्स को प्रेफरेंस दें।

**ओवर ईटिंग से बचें:** अच्छी हेल्थ के लिए ओवर ईटिंग से बचना जरूरी है। जो भी खाएं, भूख से 10-15 फीसदी कम मात्रा में खाएं। स्वाद के कारण या दूसरों के दबाव में अगर आपने दिन में एक टाइम अधिक भोजन कर लिया है तो अगला भोजन हल्का लें।



कहने का अर्थ है कि अगर आपने किसी पार्टी में लंच अधिक कर लिया है या मीठा और ऑयली फूड अधिक खा लिया है तो डिनर में कम भोजन लें। अगर आप केवल सलाद खाएं तो यह सबसे बेहतर रहेगा। अगर आपने डिनर में हैवी खाना खाया है तो अगली सुबह जूस या सलाद लेना सही रहेगा।

**रुचि लेकर करें भोजन:** कई लोग भोजन करते वक्त फोन पर बातें करते हैं, व्हाट्सएप या फेसबुक चलाते हैं, न्यूज पेपर, मैगजीन पढ़ते हैं या फिर टीवी देखते हैं। कुछ लोग बहुत हड़बड़ी में भोजन करते हैं और इसे एक काम समझ कर निपटा देते हैं। इसी प्रकार कुछ लोग भोजन को सिर्फ पेट भरने का जरिया मानकर कुछ भी खा या पी लेते हैं या फिर बाजार से मंगवा कर जंक फूड खा लेते हैं। ऐसी सभी आदतें सेहत के लिए सही नहीं होती हैं। भोजन को रुचि के साथ पकाना और खाना चाहिए। तरह-तरह के स्वाद वाला पौष्टिक भोजन करना स्वास्थ्यवर्धक होता है। भोजन बनाने में अच्छी क्वालिटी वाली ताजी सब्जियां, मसाले, आटा, चावल आदि का इस्तेमाल करें। भोजन रुचिकर होने के साथ हाइजीनिक भी होना चाहिए। इसी प्रकार भोजन करते वक्त हर कौर का आनंद लें, चबाकर, पूरा स्वाद लेते हुए धैर्यपूर्वक भोजन करें ताकि उसका सही ढंग से पाचन हो और भोजन तन को लगे।



**स्वाद को न दें अधिक महत्व:** तेज मसालों और ज्यादा तेल में फ्राई किया हुआ चटपटा भोजन देखने और खाने में भले ही स्वादिष्ट और सुंदर लगता हो लेकिन यह सेहत के लिए काफी नुकसानदायक होता है। हर रोज रेस्तरां में जाकर या डिब्बाबंद भोजन खाने की आदत न डालें बल्कि हल्का और आसानी से डाइजेस्ट होने वाला भोजन करें। दिखने में आकर्षक भोजन की बजाए सेहत के लिए फायदेमंद भोजन को इंपॉर्टेंस दें।

**स्प्राउटेड-फर्मेंटेड फूड लें:** दही, ढोकला, इडली जैसे फर्मेंटेड फूड पेट की सेहत और पाचन के लिए फायदेमंद होते हैं। इनमें पोषक तत्व भी होते हैं। इसी प्रकार अंकुरित अनाज फाइबर, विटामिन और मिनरल्स के अच्छे सोर्स होते हैं। इनका नियमित सेवन बेहद जरूरी है। a

**(डायटिशियन संगीता मिश्रा से बातचीत पर आधारित)**



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 9285163700, Email: gdc.indore@gmail.com

# मीरा एंड्रीवा और जैक ड्रेपर बने इंडियन वेल्स में चैंपियन



एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स

रूस की किशोरी मीरा एंड्रीवा ने अपना स्वप्निल प्रदर्शन जारी रखते हुए विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को 2-6, 6-4, 6-3 से हराकर बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। इस 17 वर्षीय खिलाड़ी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी की और 1999 में सेरेना विलियम्स के बाद टूर्नामेंट की सबसे कम उम्र की चैंपियन बन गई।

पुरुष वर्ग के फाइनल में 13वीं वरीयता प्राप्त ब्रिटेन के जैक ड्रेपर ने डेनमार्क के 12वीं वरीयता प्राप्त होल्गर रून को 6-2, 6-2 से हराकर अपनी पहली मास्टर्स 1000 चैंपियनशिप जीती। ड्रेपर 23 वर्ष के हैं और इस जीत से वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। उन्होंने शनिवार को सेमीफाइनल में दो बार के गत चैंपियन कार्लोस अलकराज को हराया था।




### खुद पर भरोसा बनाए रखा : मीरा

एंड्रीवा भी इस जीत से महिला रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गई है। यह उनका वर्तमान सत्र में दूसरा मास्टर्स 1000 खिताब है। इससे पहले वह दुबई मास्टर्स में चैंपियन बनी थी। मीरा ने मैच के बाद कहा, 'मैंने खुद पर भरोसा रखना और कभी हार नहीं मानने के जज्बे के लिए खुद का आभार व्यक्त करती हूं। अपना आत्मविश्वास और जज्बा बनाए रखना वास्तव में मुश्किल था इसलिए मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास किया। इसलिए मैं खुद को धन्यवाद देना चाहूंगी क्योंकि मैंने भी इस जीत में थोड़ी भूमिका निभाई।'


### सबालेंका का खराब प्रदर्शन

शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने इस साल कैलिफोर्निया में किए अपने खराब प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। हालांकि, फाइनल में आकर एक बार फिर वह अपने फॉर्म से चूक गईं और उन्हें गंवाए गए अवसरों पर पछताना पड़ा।



सबालेंका और मीरा के एक रिकॉर्ड की बात करें तो रूसी खिलाड़ी पर बेलारूस की स्टार का दबदबा रहा है। एंड्रीवा इस साल सबालेंका से दो बार हार चुकी थीं और ऐसा लग रहा था कि फाइनल एक तरफा देखने को मिलेगा। बेलारूस की सबालेंका ने चौथे गेम में ब्रेक प्वाइंट पर बैकहैंड विनर शॉट लगाया था।

## खबर संक्षेप



### कैपिटल्स ने डुप्लेसी को बनाया उप कप्तान

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के लिए दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज फाफ डुप्लेसी को सोमवार को उप कप्तान नियुक्त किया। दिल्ली की टीम ने इससे पहले शुक्रवार को भारतीय ऑलराउंडर अक्षर पटेल को कप्तान नियुक्त किया था। डुप्लेसी ने कहा, 'मैं बहुत उत्साहित हूं। दिल्ली की टीम शानदार है और खिलाड़ी बहुत अच्छे हैं। निश्चित तौर पर मैं खुश और तैयार हूं।' यह 40 वर्षीय खिलाड़ी आईपीएल के पिछले तीन सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का कप्तान रहा।

### किंग्स से देर से जुड़ेंगे अफगानी उमरजई

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के ऑलराउंडर अजामतुल्लाह उमरजई व्यक्तिगत कारणों से 22 मार्च से शुरू होने इंडियन प्रीमियर लीग की अपनी टीम पंजाब किंग्स से देर से जुड़ पाएंगे। पंजाब किंग्स के विदेशी खिलाड़ी सोमवार से आ रहे हैं लेकिन आईसीसी वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर उमरजई 20 मई को ही टीम से जुड़ पाएंगे। पंजाब किंग्स की टीम सत्र का अपना पहला मैच 25 मार्च को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलेगी। आईपीएल के एक सूत्र ने कहा, 'उमरजई के घर में कुछ समस्या है। वह 20 मई तक भारत में रहेंगे। टीम के अन्य विदेशी खिलाड़ी आज से पहुंचना शुरू हो गए हैं।'



### भारतीय पुरुष हॉकी टीम का अभ्यास शिविर शुरू

**बेंगलुरु।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोर ग्रुप में शामिल 36 खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय शिविर सोमवार को यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) परिसर में शुरू हो गया और मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा कि इसमें टीम के हाल के प्रदर्शन का विश्लेषण किया जाएगा। शिविर का समापन 28 मार्च को होगा। फुल्टन ने कहा, 'खिलाड़ियों के लिए यह सत्र बेहद व्यस्त रहा और उन्हें लगातार प्रतियोगिताओं में कड़े मैच खेलने पड़े। इस शिविर में टीम के हाल के प्रदर्शन का विश्लेषण करने के अलावा फिटनेस और अनुकूलन पर ध्यान दिया जाएगा।'



### बेकहम, एसो और रोजित ने बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** डेविड बेकहम, एसो अल्बान और रोजित सिंह की भारतीय तिकड़ी ने तुर्की के कोन्या में यूसीआई ट्रैक साइक्लिंग नेशंस कप में पुरुष टीम स्प्रिंट स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। भारतीय टीम ने 14 से 16 मार्च तक आयोजित इस प्रतियोगिता में 44.187 सेकंड का समय निकाला। उन्होंने पिछले साल एशियाई ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप में बनाए गए 44.451 सेकंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। भारतीय टीम हालांकि रैंकिंग में 11वें स्थान पर रही। ग्रेट ब्रिटेन ने 42.060 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि जापान (42.194) और ऑस्ट्रेलिया (42.352) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक हासिल किए।



### हम कई क्षेत्रों में गलतियां कर रहे हैं : इंजमाम

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक ने देश में क्रिकेट के पतन पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके लिए इस खेल को संचालित कर रहे लोगों की कई क्षेत्रों में की गई गलतियों को जिम्मेदार ठहराया। इंजमाम ने लाहौर में पत्रकारों से कहा कि पिछले दो वर्षों में राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन में बहुत गिरावट आई है। उन्होंने कहा, 'हम सही दिशा में काम नहीं कर रहे हैं और कई क्षेत्रों में लगातार गलतियां कर रहे हैं।' राष्ट्रीय चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष इंजमाम ने आगाह किया कि अगर जल्द ही ठोस योजना तैयार नहीं की गई तो यह गिरावट आगे भी जारी रहेगी।



## महामुकाबले में लिवरपूल को 1-2 से मिली रोमांचक हार

# न्यूकासल बना इंग्लिश लीग कप चैंपियन, घरेलू टूर्नामेंट जीतने का 70 साल का इंतजार खत्म

एजेंसी ▶▶| लंदन

न्यूकासल ने लिवरपूल को 2-1 से हराकर इंग्लिश लीग कप जीता और इस तरह से किसी घरेलू टूर्नामेंट को जीतने का 70 साल से चला आ रहा इंतजार खत्म किया। डैन बर्न और एलेक्जेंडर इसाक ने रविवार को वेम्बली में खेले गए फाइनल में न्यूकासल की तरफ से गोल करके उसकी जीत पक्की की। लिवरपूल के स्थानापन्न फेडेरिको चियासा ने इंजरी टाइम में गोल किया लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाए। न्यूकासल के कप्तान ब्रूनो गुइमारेस ने कहा, '70 साल बाद अब हम कह सकते हैं कि हम फिर से चैंपियन हैं। यह मेरे जीवन के सबसे अच्छे दिनों में से एक है।' इससे पहले न्यूकासल की आखिरी प्रमुख घरेलू ट्रॉफी 1955 में एफए कप थी। उसने 1969 में इंटर-सिटीज़ फेयर्स कप जीता था। यह टूर्नामेंट अब बंद हो चुका है।




### बार्सिलोना ने एटलेटिको मैड्रिड को 4-2 से हराया

**मैड्रिड।** बार्सिलोना ने दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके एटलेटिको मैड्रिड को 4-2 से हराकर स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में फिर से पहला स्थान हासिल कर लिया। एटलेटिको 72 मिनट तक दो गोल से आगे था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। बार्सिलोना ने इसके बाद चार गोल किए। इनमें से दो गोल उसने इंजरी टाइम में किए। इस जीत से बार्सिलोना के 27 मैच में 60 अंक हो गए हैं। रियल मैड्रिड के 28 मैच में 60 अंक है और गोल अंतर के कारण वह दूसरे स्थान पर है। एटलेटिको यह मैच हारने के कारण तीसरे स्थान पर बना हुआ है। उसके 28 मैच में 56 अंक हैं।



### गोकुलम केरला ने नौ खिलाड़ियों पर सिमटे नामधारी एफसी को हराया

**श्री भैनी साहिब।** गोकुलम केरला एफसी ने नौ खिलाड़ियों तक सिमटी नामधारी एफसी को सोमवार को 3-1 से हराकर आई लीग फुटबॉल 2024-25 खिताब जीतने की ओर कदम बढ़ा दिए। थाबिसो ब्राउन (57वां मिनट), एडामा नियाने (81वां) और इगनासियो एबेलेडो (92वां) ने गोकुलम के लिये गोल दागे जबकि नामधारी के लिये एकमात्र गोल मनवीर सिंह ने 63वें मिनट में किया। गोकुलम ने अब अपने घरेलू मैदान से बाहर लगातार तीन मैच जीत लिए हैं। इस जीत के बाद अब वह 19 मैचों में 31 अंक लेकर चौथे स्थान पर है। शीर्ष पर चर्चिल ब्रदर्स उससे तीन अंक आगे है जिसके पास एक ही मैच बचा है। गोकुलम को अभी तीन मैच और खेलने हैं। नामधारी एफसी के डिफेंडर सुखनदीप सिंह को 27वें मिनट में दूसरा पीला कार्ड मिलने से टीम के दस ही खिलाड़ी मैदान पर रह गए। इसके बाद 60वें मिनट में असंतोष जताने वाले क्लेडसन कार्वाल्हो डासिल्वा को भी लालकार्ड दिखाया गया।

क्रिकेट

# मेरे लिए समय का पहिया 360 डिग्री घूम गयाः पंड्या

**पिछले कुछ महीनों के मुश्किलों को लेकर भारतीय ऑलराउंडर का खुलासा**



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में उनके लिए समय का पहिया पूरी तरह से 360 डिग्री घूम गया। लेकिन वह मुश्किल परिस्थितियों में हार नहीं मानने के अपने जज्बे के कारण मैदान पर डटे रहे। पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग में रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद हार्दिक को दर्शकों की नाराजगी का सामना करना पड़ा।

पंड्या ने भारत की टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आईपीएल के अगले सत्र की तैयारी में जुड़े इस ऑलराउंडर को उम्मीद है कि इस बार उन्हें मुंबई इंडियंस के प्रशंसकों का प्यार मिलेगा। हार्दिक ने 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के अगले सत्र से पहले जिओ हॉटस्टार से कहा, 'मैं कभी हार नहीं मानता। मेरे करियर में कुछ ऐसे दौर भी आए जब मेरा ध्यान जीतने के बजाय खेल में बने रहने पर लगा था। मुझे एहसास हुआ कि मेरे साथ जो कुछ भी हो रहा है क्रिकेट हमेशा मेरा सच्चा दोस्त बना रहेगा। मैंने खुद का समर्थन किया और जब मेरी कड़ी मेहनत रंग लाई तो यह उससे भी ज्यादा था जितना मैंने सोचा था। इस छह महीने के समय में हमने विश्व कप जीता और स्वदेश लौटने पर जो प्यार और समर्थन मुझे मिला उससे मैं अभीभूत था। मेरे लिए समय का पहिया पूरी तरह से 360 डिग्री घूम गया था।'

# आईपीएल से पहले बिका गुजरात टाइटंस टॉरेंट ग्रुप ने खरीदी 67 फीसदी हिस्सेदारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अहमदाबाद स्थित कारोबारी समूह टॉरेंट ग्रुप ने सोमवार को कहा कि उसने आईपीएल के नए सत्र की शुरुआत से पहले गुजरात टाइटंस की फ्रेंचाइजी टीम में 67 प्रतिशत बहुलांश हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है।

टॉरेंट ग्रुप ने एक बयान में कहा कि गुजरात टाइटंस में 67 प्रतिशत हिस्सेदारी की खरीद को भारतीय क्रिकेट बोर्ड सहित सभी आवश्यक मंजूरी मिल गई है। टॉरेंट ग्रुप ने गुजरात टाइटंस की नियंत्रक हिस्सेदारी को इरेलिया कंपनी पीटीई लिमिटेड से हासिल किया है जिसका स्वामित्व फिलहाल निजी इक्विटी कोष सीवीसी के पास है। स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े समूह ने बयान में कहा, 'जरूरी शर्तों को पूरा करने के साथ ही अब अधिग्रहण सफलतापूर्वक पूरा हो गया है।' हालांकि, लेन-देन के हिस्से के रूप में इरेलिया के पास 33 प्रतिशत की अल्पांश हिस्सेदारी बनी रहेगी जिससे इस फ्रेंचाइजी के साथ उसका जुड़ाव बरकरार रहेगा। हालांकि, टॉरेंट ग्रुप ने इस अधिग्रहण सौदे से जुड़े वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया है।सीवीसी कैपिटल पार्टनर्स ने वर्ष 2021 में गुजरात टाइटंस फ्रेंचाइजी को 5,600 करोड़ रुपये में खरीदा था। इस टीम ने अपने पहले सत्र में ही आईपीएल का खिताब जीतकर शानदार आगाज किया था।




### अध्यक्ष पद के लिए अजय सिंह को कलिता-भंडारी से मिलेगी चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**बीएफआई चुनाव**

लगातार तीसरी बार अध्यक्ष बनने की कवायद में लगे भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के मौजूदा प्रमुख अजय सिंह को इस खेल महासंघ के 28 मार्च को होने वाले बहु प्रतीक्षित चुनाव में महासचिव हेमंत कलिता और उपाध्यक्ष राजेश भंडारी की चुनौती का सामना करना होगा। अजय सिंह स्पाइसजेट एयरलाइंस के अध्यक्ष भी हैं और उनके नाम का प्रस्ताव उत्तराखंड मुक्केबाजी संघ ने किया। अध्यक्ष पद के लिए उनका मुकाबला असम मुक्केबाजी संघ के सचिव कलिता और हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष भंडारी से होगा। भंडारी ने उत्तर क्षेत्र के उपाध्यक्ष पद के लिए भी आवेदन किया है, जो वर्तमान में उनके पास है। केरल राज्य मुक्केबाजी संघ के सचिव डी चंद्रलाल अध्यक्ष पद के चौथे दावेदार हैं। चुनाव गुरुग्राम में बीएफआई की वार्षिक आम बैठक के दौरान होगा। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 16 मार्च थी।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला कटनी ( म.प्र.)**

क/पुअ/कटनी/रनि/रीडर/63-D/25 दिनांक 17.03.2025

**ई - खुली निविदा आमंत्रण विज्ञप्ति**

5. पुलिस लाईन जिला कटनी परिसर स्थित, रक्षित निरीक्षक कक्ष में पूर्व से बने प्रसाधन में आवश्यक उन्नयन/मरम्मत कार्य कराया जाना है। मरम्मत / उन्नयन कार्य की अधिकतम राशि 01 लाख रुपए है । जिसमें निम्नानुसार कार्य कराने की आवश्यकता है :-

| क्र. | कराये जाने वाले कार्य का विवरण |
|---|---|
| 1 | टाईल्स का कार्य |
| 2 | लैट शीट एवं यूरिनर |
| 3 | वॉसवेशन,हैंगर,इत्यादि |
| 4 | पाईप लाईन फिटिंग |
| 5 | पुताई |
| 6 | नया दरवाजा |
| 7 | विद्युत कार्य, एक्जास्ट फैन, बोर्ड |
| 8 | खिड़की का कार्य |

6. पुलिस लाईन परिसर में पूर्व से बने शहीद स्मारक में सीसी जाली लगाने का कार्य। अनुमानित व्यय राशि 1,15,000 /- रुपए ।

**समय सारणी**

| क्रमांक | विवरण | दिनांक / समय |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाशन दिनांक | 22.03.2025 |
| 2 | निविदा जमा करने का प्रारंभ दिनांक | 23.03.2025 |
| 3 | निविदा जमा करने का अंतिम दिनांक | 28.03.2025 |
| 4 | निविदा खोलने का दिनांक | 30.03.2025 |

नोट :- उपरोक्त निविदाओं को MpPolice.gov.in पोर्टल में अपलोड किया गया है । कृपया विस्तृत जानकारी हेतु पोर्टल पर विवरण प्राप्त करें ।

पुलिस अधीक्षक
जिला कटनी

G-24449/24

**कार्यालय नगरपालिका, परिषद जिला- गाडरवारा नरसिंहपुर (म.प्र.)**

(Near Water Tank, Gadarwara, E-Mail- cmogadarwara@mpurban.gov.in

पत्र क्रं 1625/ई-टेण्डर/2024-25 गाडरवारा दिनांक-17/03/2025

**/ /निविदा आमंत्रण सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्र. | ठेके का नाम | वसूली का क्षेत्र | टेण्डर आई.डी. कमांक | सरकारी बोली | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अस्थाई दखल बाजार वसूली | गाडरवारा नगर पालिका क्षेत्र | 2025_UAD_410093_1 | 3000000.00 | 75000.00 | 5000.00 | 01/04/2025 से 31/03/2026 तक (12 माह) |
| 2 | साप्ताहिक मवेशी बाजार वसूली | साप्ताहित पशु बाजार स्थल (विवेकानंद वार्ड) | 2025_UAD_410094_1 | 3000000.00 | 75000.00 | 5000.00 | 01/04/2025 से 31/03/2026 तक (12 माह) |
| 3 | साप्ताहिक सब्जी बाजार वसूली | सब्जी बाजार सोमवार, शुक्रवार बाजार | 2025_UAD_410095_1 | 250000.00 | 6250.00 | 2000.00 | 01/04/2025 से 31/03/2026 तक (12 माह) |

नोट :-
1. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र दिनांक 18/03/2025 साथ 17.30 से 01/04/2025 साथ 17 :30 बजे तक क्रय किये जा सकते हैं।
2. ऑनलाईन बिड सबमिट करने की अंतिम तिथि 01/04/2025 समय सायं 17.30 बजे तक है।
3. निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण ऑनलाईनhttp://www.mptenders.gov.in की पर देखा जा सकता एवं कार्यालयीन समय में राजस्व शाखा में देखा जा सकता है।
4. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया

श्री पं. शिवाकांत मिश्रा
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, गाडरवारा

श्री चंचल कोरी
सभापति
राजस्व शाखा, गाडरवारा

श्री वैभव देशमुख
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, गाडरवारा

**कार्यालय नगर परिषद् कुंभराज, जिला गुना म.प्र.**

ई/नप./24-25/181 कुंभराज, दिनांक -13/03/2025

**ई-टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना द्वितीय कॉल**

ऑनलाइन लमसम दर बोलियां निम्नलिखित कार्य के लिए रजिस्टर्ड ठेकेदार और पंजीकरण मानदंडों को पूरा करने वाली प्रतिष्ठित फर्मों से आमंत्रित की जाती है।

| S. NO. | Tender No. | Name of Work | Probable amount of contract (In Lakh) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs.) | Cost of Bid Document (In Rs.) | Category of Contractor |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_ 409334_ 1 | नगर कुंभराज की जलापूर्ति व्यवस्था का विस्तार कार्य (अमृत 2.0) | 302.58 | 151289 | 15000 | केन्द्रीयकृत |

(1) टेण्डर डाउनलोड दिनांक 13/03/2025 से वित्तीय दरें प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 28.03.2025 तक
(2) निविदा में किया गया कोई भी संशोधन https://mptenders.gov.in उक्त बेवसाइट पर किया जावेगा। पृथक से कोई भी प्रकाशन समाचार पत्रों में नहीं किया जावेगा।
(3) कार्य से संबंधित विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

अध्यक्ष
नगर परिषद् कुंभराज
जिला-गुना म.प्र.

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
न.प. कुंभराज जिला-गुना म.प्र.

हाई कोर्ट का महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश

# दो से अधिक संतान पर बर्खास्तगी के आदेश पर रोक

हरिभूमि जबलपुर।

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने दो से अधिक संतान होने के आधार पर सेवा से बर्खास्तगी के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी। इसी के साथ आयुक्त लोक शिक्षण, जिला शिक्षा अधिकारी मैहर व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब कर लिया।

याचिकाकर्ता रीवा निवासी नसीर खान की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ता मैहर में माध्यमिक शिक्षक के पद पर पदस्थ थे। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 10 मार्च 2000 को जारी परिपत्र के आधार पर याचिकाकर्ता को छह मार्च, 2025 को सेवामुक्त कर दिया गया। इस परिपत्र में लिखा है कि कोई भी उम्मीदवार जिसके दो



से अधिक जीवित संतान हैं, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी, 2001 या उसके बाद हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा। इस परिपत्र में उम्मीदवार लिखा है, जबकि याचिकाकर्ता 1998 से नौकरी में पदस्थ था। बहस के दौरान हाई कोर्ट के पूर्व आदेशों का भी हवाला दिया गया, जिनमें समान प्रकरणों में राहत दी गई है।

## चोरी के आरोपी को 6 माह का कारावास

जबलपुर। प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने घर में घुसकर चोरी करने के आरोपी अमन बिरहा का दोष सिद्ध पाते हुए उसे 6 माह के कारावास से दंडित किया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक घमापुर थाना अतंर्गत समदड़िया कालोनी निवासी दिनेश गुप्ता के सूने घर में घुसकर आरोपी ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। दिनेश गुप्ता घटना दिनांक को सिंगरौली गए थे। पड़ोस में रहने वालें उसके भाई दीपक गुप्ता अपने घर में सो रहा था। सुबह उसने छोटे भाई के घर का ताला टूटा पाया। पुलिस ने दीपक गुप्ता की रिपोर्ट पर धारा 457 के तहत प्रकरण कर विवेचना की। इस दौरान आरोपी अमन बिरहा की संलिप्तता उजागर हुई। इसके बाद पुलिस ने न्यायालय में चालान पेश किया। अभियोजन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी विशाल सिंह द्वारा उक्त मामले में सशक्त पैरवी की गई, जिनके तर्कों से सहमत होकर न्यायालय ने आरोपी को सजा सुना दी।

## लूट के मामले में 3 वर्ष का कारावास

जबलपुर। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट ने लूट के आरोपित रांझी निवासी विक्रम उर्फ करिया का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ तीन वर्ष के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही डेढ़ हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओ से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी वर्षा मेहता ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आठ दिसंबर, 2023 को सायं चार बजे शिकायतकर्ता कालेज के बाद घर जाने के लिए जेईसी मुख्य द्वार के समीप बस का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान आरोपित ई-रिक्शा चालक मिला। उसने बैठाने के बाद रास्ते में लूट की घटना को अंजाम दिया। स्मार्ट फोन, जेवर व रुपये आदि छीनकर भाग गया। लिहाजा, थाने में शिकायत दर्ज कराई गई।



होली खेलने के बाद नहाने गया था मेडीकल छात्रों का दल

# 3 दिन बाद मिला घुघराघाट में डूबे डॉक्टर का शव

हरिभूमि जबलपुर।

भेड़ाघाट थाना क्षेत्र के घुघरा घाट में होली के दिन नर्मदा नदी में डूबे डॉक्टर का शव सोमवार सुबह लम्हेटाघाट में मिला। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, साथ ही मामले की जांच भी शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि विगत दिनों मेडिकल कॉलेज के छात्रों का एक दल होली के अवसर पर नर्मदा नदी के घुघरा घाट में नहाने के लिए पहुंचा था। इसी दौरान, डॉ. निखिल दांगी, जो मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई कर रहे हैं और हॉस्टल में रहते हैं, अचानक नदी के तेज बहाव की चपेट में आ गये। उनके साथ नहाने पहुंचे डॉ. शुभ्रा, डॉ. प्रियंका और डॉ. मोहित ने निखिल को बचाने की भरपूर कोशिश की, लेकिन नदी के बहाव के कारण वे कुछ कर नहीं पाए। कुछ ही सेकंड में निखिल का पता नहीं चला और वह लापता हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया था। स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने नदी में लगातार तलाश की, लेकिन तीन दिन तक कोई सुराग नहीं मिला। सोमवार को, आखिरकार लम्हेटाघाट के पास निखिल का शव बरामद हुआ। शव मिलने के बाद पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना के बाद, मेडिकल कॉलेज में शोक की लहर दौड़ गई है। डॉ. निखिल के परिवार साथी और शिक्षकों ने इसे एक गहरी क्षति के रूप में देखा है। क्षेत्रीय जनों का कहना है कि इस तरह के हादसों से बचने के लिए स्थानीय प्रशासन को नदी किनारे सुरक्षा उपायों को सख्त करने की आवश्यकता है।

विधानसभा में जानकारी आई सामने: सरकारी स्कूलों में 1 से 8वीं तक के 21 लाख बच्चे घटे

# सरकारी स्कूलों में 1 से 8वीं तक के 21 लाख बच्चे घटे

जबलपुर। मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से 8वीं तक पढ़ रहे बच्चों में से पिछले 10 सालों में 21 लाख बच्चे पढाई छोड़कर अन्यत्र चले गए हैं। इस आशय की जानकारी एक प्रश्न के जवाब में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने विधानसभा में दी है। उन्होंने बताया है कि निजी स्कूलों में भी पढ़ रहे बच्चों में से 5 लाख विद्यार्थी स्कूल छोड़ चुके हैं।

दरअसल विधानसभा में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, विधायक प्रताप ग्रेवाल के एक सवाल का जवाब देते हुए यह जानकारी विधानसभा को दी है। शिक्षा मंत्री ने अपने जवाब में कहा कि साल 2015-16 में सरकारी स्कूलों में कुल 78.96 लाख विद्यार्थी दर्ज किए गए थे, जिनकी संख्या 2024-25 में घटकर 58.17 लाख रह गई। इसी अवधि में निजी स्कूलों में भी 2015-16 में दर्ज विद्यार्थियों की



संख्या 48.84 लाख से 2024-25 में घटकर 43.93 लाख ही रह गई। इस प्रकार शासकीय और निजी विद्यालय मिलाकर साल 2015-16 में 127.8 बच्चे दर्ज थे, जबकि वर्ष 2024-25 में इनकी संख्या घटकर 102.10 लाख रह गई। इसका अर्थ यह हुआ कि शासकीय एवं निजी विद्यालय में कुल मिलाकर कक्षा 1 से 8वीं में 25.7 लाख बच्चे पिछले 10 साल में स्कूल छोड़ कर चले गए। स्कूल शिक्षा के लिए साल 2024 -25 में मप्र में 33533 करोड़ का बजट था।

### 9वीं से 11वीं तक में भी घटे बच्चे

स्कूलों में दर्ज बच्चों की संख्या में गिरावट कक्षा 9वीं से 11वीं में भी रही है। सरकारी स्कूलों में साल 2020-21 में कुल नामांकन 23.94 लाख से घटकर 2024-25 में 21.26 लाख हो गई। यानी 2.68 लाख बच्चों की कमी दर्ज हुई। इसी अवधि में निजी विद्यालयों में कुल नामांकन 13.05 लाख से घटकर 12.85 लाख हो गई। इस प्रकार इनमें 0.20 लाख की कमी दर्ज की गई।

## जबलपुर से गुजरने वाली चैन्नई-गया एक्सप्रेस का चांदा फोर्ट स्टेशन पर होगा ठहराव

जबलपुर। रेल प्रसाशन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 12390 चैन्नई-गया एक्सप्रेस का चांदा फोर्ट स्टेशन पर प्रयोगिक तौर पर दो मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है। गाड़ी संख्या 12390 चैन्नई-गया एक्सप्रेस पुरट्चि तलैवर डॉ. एम. जी. रामचंद्रन (चैन्नई) सेंट्रल से प्रस्थान कर दिनांक 18 मार्च से चांदा फोर्ट स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय रात्रि 23:34/23:36 बजे रहेगा. अब चैन्नई-गया एक्सप्रेस ट्रेन नेल्लौर, ओंगोल, विजयवाड़ा, वारंगल, बल्लारशाह, चांदा फोर्ट, नागभीड़ जंक्शन, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर, कटनी सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम एवं डेहरी ऑन सोन होते हुए गंतव्य को जाएगी।

पश्चिमी विक्षोभ के असर से बदल रहा मौसम

# बूंदाबांदी के बाद मौसम ने ली अंगडाई

जबलपुर। एक बार फिर पश्चिमी विक्षोप के प्रभाव से मौसम करवट ले रहा है। सोमवार की सुबह हल्की बूंदाबांदी के बाद सोमवार को दिन के तापमान में आंशिक गिरावट आई, जबकि रात के तापमान में वृद्धि देखी गई। मौसम विभाग की माने तो पश्चिमी विक्षोप के असर से अगले 5 दिनों तक मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। फिलहाल बादलों की आवाजाही के बीच अगले 4-5 दिन तक बारिश, बादल के आसार बन रहे है। जबलपुर सहित संभाग के जिलों में मौसम कुछ इसी तरह रहेगा।

स्थानीय मौसम वैज्ञानिक केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार नए पश्चिमी विक्षोप के असर से पूर्वी मध्यप्रदेश के अधिकांश जिलों में अगले 4 दिनों तक मौसम में व्यापक बदलाव देखने मिलेगा। इधर कल शाम से हल्की हवाओं के साथ आसमान पर छाए बादलों ने सुबह कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी भी की।

स्थानीय मौसम वेधशाला से मिली जानकारी के मुताबिक पश्चिमी विक्षोप के साथ चल रहीं उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण पूर्वी मध्यप्रदेश के अधिकांश इलाकों में 22 मार्च तक मौसम में



बदलाव आ सकता है। इस दौरान तेज हवाओं के साथ गरज-चमक, बूंदाबांदी या कहीं-कही तेज बौछारें भी पड़ सकती हैं।

पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 33.09 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान 19.06 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 48 प्रतिशत और सायंकाल 31 प्रतिशत आंकी गई। उत्तरी पश्चिमी हवाओं की रफ्तार 4 से 5 किमी प्रति घंटे की रही। सूर्योदय सुबह 06.15 बजे हुआ, जबकि सूर्यास्त 06.20 बजे हुआ। प्रदेश में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 38.05 मंडला और सबसे कम न्यूनतम तापमान 15.08 डिग्री शाजापुर जिले में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 33.01 और न्यूनतम तापमान 19.06 डिग्री दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान जिले मे मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना

# जिले में अब तक लक्ष्य से 26 फीसदी अधिक आवेदन प्राप्त

जबलपुर। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के दूसरे चरण में देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में इंटर्नशिप के लिये युवाओं के पंजीयन के मामले में जबलपुर जिले ने बड़ी सफलता हासिल की है। योजना के तहत जिले में अभी तक लक्ष्य से 26 फीसदी अधिक युवाओं द्वारा आवेदन किये जा चुके हैं। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के दूसरे चरण में जबलपुर जिले को 1 हजार 232 युवाओं के पंजीयन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसके विरूद्ध 13 मार्च तक 1 हजार 555 युवा इंटर्नशिप के लिये आवेदन कर चुके हैं। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के दूसरे चरण में लक्ष्य से अधिक उपलब्धि हासिल करने में जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में लगाये गये शिविरों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कलेक्टयर दीपक सक्सेना के निर्देशानुसार 10, 11 और 12 मार्च को लगातार तीन दिन तक लगाये गये इन शिविरों के माध्यम से 1 हजार 218 युवाओं ने इंटर्नशिप के लिये ऑनलाइन आवेदन किया है। युवाओं को उद्योगों की वर्तमान की जरूरत के मुताबिक विभिन्नन व्यावसायों में प्रशिक्षित करने तथा उन्हेंन रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने भारत सरकार के कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय शुरू की गई प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के दूसरे चरण के अंतर्गत इंटर्नशिप के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 मार्च से बढ़ाकर अब 31 मार्च कर दी गई है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के दूसरे चरण के अंतर्गत इंटर्नशिप के लिए 21 से 24 वर्ष की आयु के ऐसे युवा पात्र हैं, जो सीधे तौर पर सरकारी कर्मचारियों से संबंधित नहीं है और उन्होंने अब तक किसी अन्य अप्रेंटिसशिप योजना का लाभ नहीं लिया है। युवाओं द्वारा योजना के तहत इंटर्नशिप के लिए ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर किये जा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा एमपी ऑनलाइन कियोस्क पर भी उपलब्ध है। इच्छुक युवा रोजगार कार्यालय अथवा शासकीय संभागीय आईटीआई जबलपुर में उपस्थित होकर भी अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना युवाओं को भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में से एक में इंटर्नशिप और अच्छी मेंटरशिप पाने का एक शानदार अवसर उपलब्ध कराती है। इंटर्नशिप के दौरान युवाओं को प्रतिमाह 5 हजार रुपये का स्टायपंड तथा इंटर्नशिप की अवधि पूरी होने पर एक मुश्त 6 हजार रुपये प्रदान किये जाते हैं।

## सीएम हेल्प लाइन प्रकरणों का निराकरण करें: सीईओ जिला पंचायत

जबलपुर। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभागार में सीएम हेल्प लाइन के प्रकरणों की समीक्षा की गई। जिसमें उन्होंने सभी विभागों की सीएम हेल्पलाईन की एक-एक कर समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण नॉन अटेंडेंट न रहे और न ही निम्न गुणवत्ता से बंद हों। साथ ही कहा कि 50 दिन से अधिक के प्रकरणों को पहले निराकृत करें। शिकायतों के निराकरण की गति में तेजी लायें। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि अभी दो-तीन दिन प्रकरणों के निराकरण तत्परता से करें और जिले की रैंकिंग सुधारें।

डाइट प्राचार्य ने किया मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण

# धीमी गति से चल रहा मूल्यांकन कार्य

जबलपुर। राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार जिले में कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा संपन्न होने के बाद जनशिक्षा केन्द्रों से कॉपियों का संकलन विकासखंड स्तर पर किया गया। अब उनको मूल्यांकन हेतु एक विकासखंड से दूसरे विकासखंड तक पहुंचाया गया। मुख्य मूल्यांकनकर्ता, मूल्यांकन कर्ताओं को प्रतिदिन मूल्यांकन केंद्र समय पर पहुंचकर समय सीमा में मूल्यांकन कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। गत दिवस डाइट प्राचार्य सुधीर उपाध्याय ने शहयांकन



केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घमापुर का आकस्मिक निरीक्षण कर मूल्यांकन की प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी की उपस्थिति समय पर सुनिश्चित करने एवं अनुपस्थित मूल्यांकनकर्ताओं को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने निर्देश दिए। डीपीसी योगेश शर्मा ने बताया मूल्यांकनकर्ताओं को मूल्यांकन के उपरांत ही उसी दिन अंको की ऑनलाइन प्रविष्टि भी करनी है। तथा मुख्य मूल्यांकनकर्ता द्वारा इसकी जांच की जानी है। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा समय सीमा में मूल्यांकन कार्य पूर्ण करने के निर्देश जारी किए गए है। निरीक्षण के दौरान डॉ गजेश खरे, साबिर खान, अजय रजक, रजनी ब्यौहार भी उपस्थित थे।

परीक्षाओं की सीबीआई जांच में गड़बड़ी सामने आने के बाद रेलवे बोर्ड ने यह लिया निर्णय

# रेलवे बोर्ड ने रोकी जबलपुर मंडल सहित पमरे जोन की 100 से ज्यादा परीक्षा

हरिभूमि, जबलपुर

रेलवे बोर्ड ने पश्चिम मध्य रेलवे जोन और उसके तीनों मंडलों- जबलपुर, भोपाल और कोटा में अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक होने वाली सभी विभागीय परीक्षाओं को रोक दिया है। इससे करीब 100 से ज्यादा आगामी परीक्षाओं और इनमें भरे जाने वाले लगभग एक हजार से ज्यादा पदों पर असर पड़ेगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, मार्च में हुई





विभागीय परीक्षाओं के परिणाम पर भी रोक लगा दी गई है। कोटा मंडल में हुई परीक्षाओं की सीबीआई जांच में गड़बड़ी सामने आने के बाद रेलवे बोर्ड ने यह निर्णय लिया है।

रेलवे सूत्रों के अनुसार पमरे जोन के तीनों मंडल में अप्रैल 2024 से मार्च 2025 के बीच हुई परीक्षाएं भी सवालों के घेरे में आ गई हैं। इंजीनियरिंग, वेलफेयर इंस्पेक्टर, विजिलेंस इंस्पेक्टर और विधि सलाहकार समेत कई पदों के लिए परीक्षाएं हुई थीं। इन्हें जोन और मंडल के पर्सनल विभाग ने ही कराया। परीक्षाओं के परिणामों ने भी कई सवाल खड़े कर दिए, क्योंकि कई उम्मीदवारों को 100 अंक के पेपर में 100 अंक मिले।

### बोर्ड का आदेश है...

रेलवे बोर्ड के आदेश पर तीनों मंडलों और पमरे जोन द्वारा ली जाने वाली विभागीय परीक्षाओं पर रोक लगा दी गई है। यह रोक अगले आदेश तक रहेगी। इस पर बोर्ड नई व्यवस्था बना रहा है, जैसे ही यह लागू होगी, विभागीय परीक्षाएं होने लगेंगी।
**हर्षित श्रीवास्तव**, सीपीआरओ, पमरे जोन

कैदियों तक नशा पहुंचाना वाला पुलिस हिरासत में

# जेल में गांजा सप्लाई कर रहा था फिजियोथैरेपिस्ट

जबलपुर। जबलपुर सेंट्रल जेल में कथित तौर पर गांजे की सप्लाई करने वालें एक फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। दरअसल जेल के अंदर कैदियों को नशे की सप्लाई की जा रही थी। जिसका असर कैदियों के व्यवहार में साफ तौर से देखा जा रहा था इसके बाद जेल प्रशासन सर्तक हुआ और यह अंदेशा हुआ कि जेल में नशे की सप्लाई करने वाला कोई बाहरी व्यक्ति नहीं अंदर का ही कोई व्यक्ति है। सूत्रों के मुताबिक जेल में फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर संजय दाहिया की गतिविधियां संदिग्ध नजर आई। इसके बाद पुलिस ने अपना जाल बिछाया और जेल के अंदर गांजा सप्लाई करने जा रहे डॉक्टर को रंगे हाथ पकड़ लिया और



उसके पास से बड़ी मात्रा में गांजा जब्त कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि आरोपी संजय दाहिया अपनी फिजियाथैरेपिस्ट सेवाओं के बहाने कैदियों के संपर्क में आकर और किसी तरह गांजा छुपाकर कैदियों तक पहुंचाता था। कैदियों के उपचार के बहाने वह जेल में घूमता था और किसी को शक भी नहीं होता था। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि जेल का अन्य कर्मचारी उससे मिला तो नहीं है। पुलिस पूछताछ में यह पता लगाने की कोशिश कर रही है के जेल के अंदर नशा पहुंचाने के रैकेट में कौन कौन शामिल हैं।

दसवीं-बारहवीं के विद्यार्थियों की कॉपियों का पहले चरण का मूल्यांकन कार्य शुरू

# माशिमं: गलत मूल्यांकन किया तो शिक्षक पर लगेगा 100 रुपए जुर्माना, अच्छे और बिल्कुल फिसड्डी विद्यार्थियों पर विशेष नजर

हरिभूमि, जबलपुर

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं की मुख्य परीक्षाएं अंतिम चरण में हैं। वहीं दूसरी ओर विद्यार्थियों की कॉपियों का पहले चरण का मूल्यांकन कार्य भी शुरू हो गया। इसमें एक मार्च तक हुए दसवीं-बारहवीं के पेपर की कॉपियों का मूल्यांकन पहले चरण में किया जा रहा है। इस दौरान शिक्षक गलत मूल्यांकन कर एक नंबर बढ़ाता है, तो उन्हें सौ रुपए जुर्माना भरना होगा। एक मार्च के बाद होने वाले पेपरों का मूल्यांकन 19 मार्च से होगा। मंडल द्वारा मूल्यांकन जिला मूल्यांकन स्तर पर किया जा रहा है। मूल्यांकन करने वाले शिक्षकों को मंडल ने अच्छे और बिल्कुल फिसड्डी विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। ऐसे छात्र जिन्हें एक नंबर भी न मिला हो अथवा जिनके नंबर 90 प्रतिशत से अधिक हों, उनकी कॉपी दोबारा चौक की जाएगी। इनके अलावा एक या दो नंबर से किसी विषय में विशेष योग्यता या प्रथम श्रेणी को पात्रता से वंचित होने वाले परीक्षार्थियों पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसमें हर पेज पर मिले अंकों को जोड़ने में भी विशेष सावधानी रखी जाएगी।

एक मार्च के बाद होने वाले पेपरों का मूल्यांकन 19 मार्च से होगा



### रोजाना अधिकतम 45 उत्तर पुस्तिकाएं जांच सकेंगे

विद्यार्थियों की एक करोड़ से ज्यादा कॉपियों का मूल्यांकन करेंगे। एक शिक्षक को प्रतिदिन न्यूनतम 30 व अधिकतम 45 उत्तरपुस्तिकाएं जांचने के लिए दी जाएगी। इसमें बारहवीं की कापी जांचने का काम प्राथमिकता से किया जाएगा। मूल्यांकन के दौरान केंद्रों पर धारा 144 लागू रहेगी। हाईस्कूल की प्रति कॉपी चैक करने पर 12 रुपए व हायर सेकेंडरी के लिए 13 रुपए मिलेंगे। कापी बैंक करने की राशि के अलावा मूल्यांकनकर्ताओं को प्रतिदिन आने-जाने का भत्ता दिया जाएगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240